रांची, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 153, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions






# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठी राज्य की राजधानी रांची

# आस्था, श्रद्धा और भक्ति का दिखा अद्भुत संगम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : धुर्वा स्थित ऐतिहासिक बड़कागढ़ रथ यात्रा में गुरुवार को आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजता रहा। इसके अलावा शंखध्वनि से पूरा वातावरण गुंजयामान होता रहा। मुख्य पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर के गर्भगृह से सबसे पहले भगवान गरुड़ को रथ पर रखा गया। इसके बाद तीनों विग्रह एक-एक कर गर्भगृह से लाये गये। रथ आकर्षक तरीके सजाये गये थे।

इस अवसर पर 1001 विष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। चार पंक्तियों में बैठ कर आस्था से भाग लिये। पूजा-अर्चना के दौरान सभी भक्तों ने पुष्प अर्पित किये। इसके बाद हजारों भक्तों ने सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन किया।

तीनों विग्रहों को विराजमान कर आठ पहियों वाले विशाल रथ को रस्सियां के सहारे खींचते हुए और जय जगन्नाथ के जय घोष के साथ भगवान मौसीबाड़ी पहुंचाये गये। इस दौरान भक्तों ने भगवान के दर्शन व रस्सी को भगवान का साक्ष्य मान कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहेंगे तीनों विग्रह

**भगवान** जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अब नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में शयनकाल में व्यतीत करेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे महाप्रभु जगन्नाथ, 25 जुलाई को होगी वापसी

### ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव - 2026 में सम्मिलित हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

# जगन्नाथपुर मंदिर को पर्यटन की नयी पहचान देने की घोषणा

**राज्यपाल** संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पारम्परिक विधि-विधान से श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींच कर रथयात्रा का शुभारम्भ किया तथा 'जय जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाये। मुख्यमंत्री के साथ-साथ आस्था एवं भक्ति के समागम में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने भी 'जय-जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाये। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों को भक्ति एवं समर्पण के पर्व रथयात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रथयात्रा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जगन्नाथपुर मंदिर की भव्यता को और बड़ी पहचान दिलायी जायेगी। इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर की दूर से ही पहचान हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मंदिर को जोड़नेवाली सड़क पर भव्य तोरणद्वार का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि रथयात्रा महोत्सव का पूरे साल श्रद्धालुओं द्वारा इंतजार किया जाता है। आज यहां श्रद्धालुओं की उपस्थिति जगन्नाथपुर मंदिर की दिव्यता, भव्यता और आकर्षण को स्पष्ट करती है। आनेवाले समय में यह रथयात्रा मेला को और सफल तथा प्रभावी बनाया जायेगा।

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित अन्य गण्यमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।





■ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली व उन्नति की कामना की

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने दीं शुभकामनाएं

**भगवान** श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सभी नेताओं ने भगवान जगन्नाथ से राज्य में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कामना की कि महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### जगन्नाथ रथयात्रा सनातन सांस्कृतिक परम्परा सामाजिक समरसता का प्रतीक : राजनाथ

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक परम्परा, सामाजिक समरसता एवं लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। राजनाथ ने गुरुवार को यह बात त्यागराज नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के तत्वावधान में निकाली गयी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान कही। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की समृद्धि, शांति, प्रगति तथा सभी नागरिकों के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। इस दौरान सांसद बांसुरी भी मौजूद रहीं। राजनाथ ने सभी श्रद्धालुओं एवं देशवासियों को रथयात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद समस्त देशवासियों पर बना रहे तथा भारत निरन्तर विकास, समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व के पथ पर अग्रसर रहे।

## एक झलक

### जंजीबार के राष्ट्रपति हुसैन अली म्विनी आज से भारत दौरे पर

**नयी दिल्ली** : जंजीबार के राष्ट्रपति एवं रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली म्विनी 17 से 20 जुलाई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वह उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के निमंत्रण पर अपनी पत्नी मरियम म्विनी तथा मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति म्विनी शुक्रवार सुबह चेन्नई पहुंचेंगे, जहां वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के 63वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह यात्रा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि आईआईटी मद्रास के जंजीबार परिसर की स्थापना के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं।

## कार्टून कोना




# देश में सौ क्लाइमेट स्मार्ट विलेज विकसित करेगा कृषि मंत्रालय

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी दो सालों में देश में 100 क्लाइमेट स्मार्ट विलेज विकसित किये जायेंगे। इन गांवों में जलवायुझस्मार्ट खेती, इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल, पानी और मृदा संरक्षण तथा जोखिम कम करने के व्यावहारिक तरीके अपनाये जायेंगे, ताकि किसान बदलते मौसम में भी सुरक्षित और लाभकारी खेती कर सकें।

चौहान ने गुरुवार को पूसा में पत्रकार वार्ता में आईसीएआर की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पर मंत्रालय का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में 'वन इंस्टिट्यूट-वन ग्रांट इनोवेशन' के तहत कम से कम एक ऐसी परिवर्तनकारी तकनीक या समाधान देना होगा, जिसका राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रभाव हो। यह इनोवेशन किसानों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये ; चाहे वह नयी फसल वैराइटी, वैक्सीन, डिजिटल टूल या क्लाइमेटझस्मार्ट कृषि मॉडल हो।



उन्होंने कहा कि 100वें स्थापना वर्ष तक आईसीएआर का लक्ष्य होना चाहिए कि कम से कम 10 करोड़ किसानों तक उसकी वैज्ञानिक ● शेष पृष्ठ 11 पर

**रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठ मामला**

## बंगाल, दिल्ली समेत कई राज्यों में ईडी का छापा

**नयी दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी फंडिंग और रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ नेटवर्क से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में छापेमारी की। इस दौरान पश्चिम बंगाल के कलिलकापुर स्थित हरौरा अल-जमीयतुल इस्लामिया दारुल उलूम से 40 लाख रुपये नकद और 180 ग्राम वजन के सोने के सिक्के बरामद किये गये। ईडी ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

# संसद सत्र और भाजपा संगठन में सम्भावित बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री आवास पर बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नयी टीम के गठन और 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र को लेकर बुधवार देर रात तक प्रधानमंत्री आवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। यह बैठक करीब तीन घंटे तक चली। हालांकि इस बैठक को लेकर पार्टी ने अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। पार्टी के एक अन्य सूत्र के मुताबिक, इस बैठक को केवल संसद के आगामी सत्र की तैयारियों तक सीमित नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसे सरकार और भाजपा संगठन में बड़े बदलावों की दिशा तय करने वाली अहम कड़ी ● शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रधानमंत्री का 18वां हरियाणा दौरा : 12,470 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन से हरित परिवहन का आज से आगाज

एजेंसी

**चंडीगढ़** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा में 17वें दौरे पर आ रहे हैं। मोदी के इस दौरे से हरियाणा के दस जिलों को विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। प्रधानमंत्री 12,470 करोड़ से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य, रेलवे और सांस्कृतिक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन से लेकर आधुनिक रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज, एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेसवे और सिख विरासत केन्द्र तक कई महतत्वाकांक्षी परियोजनाएं इस दौरे को खास बना रही हैं। राजनीतिक दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा, उनका सीधा असर सोनीपत, अंबाला, कुरुक्षेत्र, हिसार, सिरसा और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगा। वहीं, जींद, सोनीपत, अंबाला, झज्जर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, हिसार, हांसी, भिवानी और महेंद्रगढ़ जिले सीधे जुड़ेंगे।प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तैयार 11 आधुनिक रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें हरियाणा के नरवाना और कालका, पंजाब के साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) और आनंदपुर साहिब तथा हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा स्टेशन शामिल हैं। आधुनिक प्रतीक्षालय, लिफ्ट, रैंप, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, पार्किंग और उन्नत यात्री सुविधाओं से लैस ये स्टेशन यात्रियों को नया अनुभव देंगे। इसी कड़ी में करीब 447 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक भी राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रधानमंत्री मोदी आज जालंधर से संत रविदास एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से संत रविदास एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे। अमृतसर और वाराणसी के बीच चलनेवाली यह पहली सीधी वातानुकूलित ट्रेन होगी। रविदासिया समुदाय लंबे समय से इस रेल सेवा की मांग कर रहा था। प्रधानमंत्री दोपहर 3.40 बजे जालंधर कैंट से उद्घाटन ट्रेन को रवाना करेंगे। यह रेल सेवा गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी जानेवाले पंजाब के श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से सुविधाजनक होगी।

### मॉनसून सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक

# चढ़ावा चोरी, पेपर लीक और ई20 जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने से पहले बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की रणनीतिक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित संसदीय दल के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आगामी सत्र के लिए विपक्ष के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक्स पर लिखा कि चढ़ावा चोरी, आस्था के साथ धोखा, पेपर लीक और शिक्षा प्रणाली का क्षरण, संस्थागत कब्जा, राजनीतिक दलों को तोड़ना, भ्रष्टाचार के आरोप, महंगाई, विदेश नीति की विफलताएं, एथेनॉल मिश्रण का दबाव, वनों की अंधाधुंध कटाई और एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले जैसे ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### मक्का के ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया आवेदन



**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना क्षेत्र के मक्का गांव में स्थित जंगल के 5 एकड़ जमीन पर पेड़ काट कर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मक्का के ग्रामीणों ने वन विभाग को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन के अनुसार मक्का जंगल में कनाडिह निवासी नारायण गंझू, देवनाथ गंझू, मुंशी गंझू और तुलसी गंझू सभी के पिता स्व0 छटकु गंझू ने जंगल किनारे स्थित जंगल की 5 एकड़ जमीन में लगा हुआ पेड़ को काटकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस संबंध में वनपाल ललित जी ने बताया कि मामले की जानकारी है और अवैध रूप से कब्जा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी न्यायिक हिरासत में होंगे। आवेदन देने वालों में मुखिया देवलाल मुण्डा, ग्राम प्रधान दसई पाहन, महेश गंझू, कुलदीप गंझू, रोहित गंझू, मनीचरण गंझू, पिन्टु गंझू, मुक्ति देवी, रुनिया देवी, मुन्नी देवी, शिकारी गंझू, जितनी देवी सहित अन्य शामिल है।

### कुरसे में मन्नत फ्यूल पेट्रोल पम्प का हुआ भव्य उद्घाटन



**भुरकुंडा :** कुरसे पंचायत में गुरुवार को पतरातू-रामगढ़ फोरलेन सड़क के निकट गुरुवार को जियो-बीपी के नये आउटलेट मन्नत फ्यूल पेट्रोल पंप का भव्य उद्घाटन हुआ। अवसर पर गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, घनबाद सांसद ढुल्लू महतो, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और स्टेट हेड रिलायंस-बीपी मोबिलिटी लिमिटेड सुरजीत आचार्या, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं अतिथियों के आगमन पर ढोल-नगाड़े के साथ पुष्पगुच्छ देकर से उनका स्वागत किया गया। मौके पर आजसू रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, बड़कागांव उप प्रमुख वचनदेव कुशवाहा उप प्रमुख बबीता पांडेय, धर्मदेव प्रसाद, रामाशंकर पांडेय, हरि रत्नम, टिकेश्वर महतो, अशोक मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, फुलेश्वर राम, योगेश दांगी, संजीव कुमार बाबला, किशोर कुमार महतो, सागर कुमार दांगी, राजाराम प्रसाद, अशोक सोनी, शिवलाल बेदिया, रूपेश दांगी, अजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**गोला (रामगढ़) :** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, गोला प्रखंड समिति की ओर से सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को हरि मंदिर, गोला परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर स्वास्थ्य जाँच कराई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर में क्यूरबे क्लिनिक की मेडिकल टीम द्वारा लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी), ऑक्सीजन सैचुरेशन (रस्र्ड2), वजन, ऊंचाई आदि की नि:शुल्क जांच की गई। आवश्यकता पड़ने पर ईसीजी जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही पात्र लोगों के आभा कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग दल रामगढ़ जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा देवी, श्रद्धा देवी, प्रतिमा देवी, दीपक मुंडा, तिलो देवी, सेम्युअल किस्कू सहित अन्य मौजूद थे।

# ईंटाचिल्द्री व चनकोपी में भक्तों ने खींचा महाप्रभु का रथ

■ परम्परा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया रथयात्रा पर्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के ईंटाचिल्द्री व चनकोपी गांव में गुरुवार को रथयात्रा का पर्व परंपरागत आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना की। गुरुवार को प्रातः पांच बजे दोनों स्थानों पर भगवान के विग्रहों की विशेष पूजा और महाआरती के बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह से ही दर्शन और पूजा करने वालों का तांता लगा रहा। ईंटाचिल्द्री में अनुष्ठान पंडित सत्यनारायण पाण्डेय व पुजारी लाल इसकलैप नाथ शाहदेव की अगुवाई में हुआ। इसमें सेंवैत लाल गोकुलनाथ शाहदेव व लाल मोहन नाथ शाहदेव शामिल हुए। परंपरा अनुसार गांव के पहान मोरहा उरांव ने मंदिर प्रांगण में सफेद झंडा गाड़कर विधिवत पूजा की। चनकोपी में पुजारी शैलेंद्र शुक्ला पुरोहित बालमुकुंद मिश्रा और मंदिर के प्रधान सेवक लाल संजय नाथ शाहदेव के निर्देश पर लाल सुजित नाथ शाहदेव ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। शाम 5 बजे दोनों जगहों पर श्रद्धालुओं ने विग्रहों को रथ पर आरूढ़ कर जगन्नाथ स्वामी की जय के जयघोषों के साथ रथ खींचा और मौसीबाड़ी तक पहुंचाया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेड़ो थाना प्रभारी कफील अहमद और नरकोपी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार टुडू दलबल के साथ मौजूद रहे। रथ यात्रा को सफल बनाने में लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, संजय शाहदेव, सतीश शाहदेव, शशिकांत शाहदेव, सच्चिदानंद शाहदेव, संदीप शाहदेव, अरविंद शाहदेव, नवीन शाहदेव, मंदीप शाहदेव, लाल संजय, लाल सुमन नाथ, लाल कमलेश, लाल सेवक, लाल सत्यप्रकाश, मनी साहु, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, कलिंद्र सिंह,सोमरा उरांव,विजेन्द्र उरांव, नवीन शाहदेव, संदीप शाहदेव, प्रिंस शाहदेव, प्रभात शाहदेव प्रशांत शाह देव, हर्षित शाहदेव,नवीन कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह,शंकर लोहरा, रामवृक्ष महतो, गणेश वर्मा, मनमोहन महतो, लाल मोहन महतो, वीरेंद्र गोप, बैजू गोप,काशी महतो,कपिल गोप,मुस्तकीम अंसारी, मकसूद अंसारी,जुगल गोप, रोजा उरांव,बैजनाथ गोप, पांडेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## भक्ति, उल्लास और मेले की रौनक के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुई। सोनडिमरा, पूरबडीह, सुतरी सहित कई गांवों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना के बाद भव्य रथयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच रथ की रस्सी खींचकर भगवान को मौसीबाड़ी तक पहुंचाया। धार्मिक मान्यता के अनुसार रथ की रस्सी खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल का आशीर्वाद मिलता है। रथयात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

## सिल्ली, मुरी टूंगरी और हिंडाल्को में श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा सिल्ली क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। सिल्ली राजाबाड़ी से पोस्ट ऑफिस तक, मुरी टूंगरी में तथा हिंडाल्को के मुरीकेश्वर मंदिर परिसर से भव्य रथ यात्राएं निकाली गईं। पूरे क्षेत्र में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। हिंडाल्को के मुरीकेश्वर मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती के बाद रथ यात्रा प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति के साथ रथ की रस्सी खींची। रथ हिंडाल्को कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मुरी टूंगरी में भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे रथ यात्रा में शामिल हुए और भक्ति-भाव से भगवान का गुणगान करते हुए रथ को खींचा। इधर सिल्ली राजाबाड़ी से पोस्ट ऑफिस तक भी भव्य रथ यात्रा निकाली गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष लगाए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। धार्मिक मान्यता के अनुसार रथ यात्रा के दिन भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन माता सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर की यात्रा पर निकलते हैं।

## बुढ़मू में रथ यात्रा के पावन माहौल में भगवान जगन्नाथ को समर्पित व्यापक पौधरोपण अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** रथ यात्रा के पावन अवसर पर बुढ़मू श्मशान घाट में गुरूवार को साहू शिव समाज ने मिलकर एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर भगवान जगन्नाथ को समर्पित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय समाजिक संगठनों ने किया, जिसमें समुदाय के बड़े पैमाने पर लोग शामिल हुए और श्मशान घाट का वातावरण हरियाली से सजाने के लिए पौधरोपण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व तेली समाज के अध्यक्ष जय साहू तथा साहू शिव समूह के अध्यक्ष रामनाथ साहू ने संयुक्त रूप से किया। दोनों समाजिक अगुआ ने कहा कि यह पहल रथ यात्रा की धार्मिक महत्ता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। उन्होंने बताया कि लगाए गए पेड़ न केवल श्मशान घाट की सुंदरता बढ़ाएंगे बल्कि हवा को साफ रखने, मिट्टी कटाव रोकने और स्थानीय पारिस्थितिकी को बेहतर करने में भी मदद करेंगे। कार्यक्रम में विक्की, तीर्थनाथ, भुनेश्वर, यदूमल, प्रदीप, राजेश और रिंकू साहू समेत कई स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। उपस्थित नागरिकों ने श्मशान घाट की सौन्दर्यीकरण और पर्यावरण उन्नति के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें समुदाय में जागरूकता बढ़ाती हैं और भविष्य के लिए सकारात्मक संदेश भेजती हैं। आयोजकों ने आगे बताया कि यह एक मात्र कार्यक्रम नहीं है और समाज भविष्य में समय-समय पर और भी पौधरोपण अभियानों का आयोजन करेगा ताकि बुढ़मू क्षेत्र और भी हरा-भरा बन सके। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने मिलकर भगवान जगन्नाथ की भक्ति में वृक्षों को समर्पित किया और समुदाय की भलाई के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

## एनएस फिटनेस नामक अत्याधुनिक जिम का हुआ भव्य उद्घाटन



**गोला (रामगढ़) :** श्री जगन्नाथ रथयात्रा के शुभ मुहूर्त पर गुरुवार को गोला स्थित श्रीराम कॉलोनी में एन.एस.फिटनेस नामक जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सुलेखा पोद्दार के द्वारा विधिवत पुजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया गया। जिम के संचालक विवेक चन्द्र पोद्दार ने बताया कि ये जिम सारी आधुनिक सुविधाओं से लैस है तथा पुरी तरह से वातानुकूलित है। जिम में आने वाले युवाओं को हर प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिम में सोल्डर प्रेस, मल्टी प्रेस पीनलोडेड, डम्बल (35 कि.ग्राम तक), पावर स्क्वेट रॉक, ट्रेड मिल, रॉजिंग मशीन, डेडलिफ्ट प्लेटफार्म, लॉट पुलडाउन इत्यादि इक्विपमेंट उपलब्ध है। मौके पर शंकर चंद्र पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, लक्ष्मीकांत पोद्दार, मनोज चंद्र पोद्दार, मीरा पोद्दार, ममता पोद्दार, रीना पोद्दार, अंजू पोद्दार, प्रिंसी पोद्दार, अंकित पोद्दार सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

## सीपीआर और बीएलएस का मिला प्रशिक्षण, कलकत्ता पब्लिक स्कूल में हेल्थ कैम्प आयोजित

# विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्रों को सिखाये जीवनरक्षक उपाय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी में गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। क्यूरेस्टा हॉस्पिटल, रांची की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्रों एवं शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने वाली तकनीकों की जानकारी देते हुए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में क्यूरेस्टा हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. ऋतुराज ने हृदयाघात की स्थिति में प्रारंभिक उपचार के रूप में सीपीआर के महत्व को विस्तार से समझाया। वहीं टीम के सदस्य मंगल करमाली ने डमी पर सीपीआर का लाइव प्रदर्शन कर छात्रों को इसकी सही तकनीक से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने मिर्गी (एपिलेप्सी) के दौरे के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, प्राथमिक उपचार तथा मधुमेह के मरीजों में अचानक रक्त शर्करा कम होने की स्थिति में दिखाई देने वाले लक्षणों एवं तत्काल किए जाने वाले उपचार की भी विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार अपनाने, जंक फूड से होने वाले दुष्प्रभावों, पेट दर्द, सिरदर्द, माइग्रेन जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण एवं उनके बचाव के उपायों पर भी जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विशेषज्ञों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका चिकित्सकों ने सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से उत्तर दिया। हेल्थ कैंप में विद्यालय के निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र, शैक्षणिक सलाहकार टी.पी. झा, वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उच्च शिक्षा प्रभारी अनुराधा चटर्जी ने किया, जबकि अंत में निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र ने क्यूरेस्टा हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

## बेड़ो में शर्मा हार्डवेयर दुकान का हुआ भव्य शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर वंदना कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को शर्मा हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना करके किया गया। मौके पर पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने कहा बेड़ो अब तेजी से विकसित होने लगा है। अब बेड़ो में ही सभी सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जा रही है। उन्होंने दुकान संचालक को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर सम्बन्ध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की बात कही। वही संचालक सौमित्र शर्मा ने कहा यह दुकान खुलने से यहां के लोगों को बिजली व घर की सजावट के लिए इलेट्रॉनिक्स समान आसानी से मिल जाएगा। इन सामानों को खरीदने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। हमारे दुकान में बिजली व इलेट्रॉनिक्स के समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर विश्वजीत शर्मा, शिवनाथ साहू, दीपक साहू, उमाशंकर सिंह, शिव शंकर कुमार, विनोद उरांव, सुका उरांव, रशीद मीर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ कर मुखिया रमेश बेदिया ने किया पौधरोपण

■ रथ यात्रा पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश, देवी स्थल व अखाड़ा परिसर में लगाये पौधे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** रथ यात्रा के पावन अवसर पर ओरमांझी प्रखंड की टुंडाहुली पंचायत अंतर्गत ग्राम आरा केरम स्थित देवी स्थल एवं अखाड़ा परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत मुखिया रमेश बेदिया ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। मुखिया रमेश बेदिया ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर पेड़ बनाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे धरती पर करोड़ों जीव-जंतुओं के जीवन का आधार हैं। इन्हीं से स्वच्छ हवा, जल और संतुलित पर्यावरण मिलता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती वन कटाई चिंता का विषय है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, आंगन या आसपास कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने रथ यात्रा जैसे धार्मिक अवसरों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए लोगों से प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक बनने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी पौधरोपण कर हरित वातावरण बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामेश्वर बेदिया, राजेश बेदिया, शिक्षक तुलसी बेदिया, रोशन, रोहित, सानू, कृष्णनाथ, सुनील, फलिंदर, रामलखन, प्रवेश, रणजीत, नरेश, मुकेश, सिकंदर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## साडम गांव में युवाओं के बीच फुटबॉल व टी-शर्ट का वितरण, खेल प्रतिभाओं को किया प्रोत्साहित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** कन्हैया कृतिका फाउंडेशन के तत्वावधान में गोला प्रखंड के साडम गांव में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फुटबॉल एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि कन्हैया कृतिका फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास युवाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नशामुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने युवाओं से नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया तथा फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। उपस्थित लोगों में चंदन महतो, बलदेव महतो, छुट्टू कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कालीचरण महतो, नीतीश कुमार, रिझु सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## भुरकुंडा में कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने संगठन मजबूती को लेकर बैठक की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** कोलफील्ड मजदूर यूनियन की बैठक गुरुवार को पटेल नगर स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे और संचालन क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम सभी नए सदस्य रवि प्रकाश सिंह उर्फ बिक्की सिंह, उदित प्रसाद, बिनोद भगत, सुकरा मांझी, राहुल कुमार, मनोज झा, उपेन्द्र कुमार राणा, सत्यनारायण मिस्त्री, सकलैन, असगर अंसारी सहित दर्जनों कमीर्यों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण किया। सभी नये सदस्यों को गुलाब का फूल देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय सचिव सह एचएमएस के नेता उदय कुमार सिंह ने कहा कि 4 लेबर कोड के अनुसार जो औधोगिक संबंध 2020 के तहत राष्ट्रपति के अध्यादेश से अप्रैल 2026 से पूरे औधौगिक प्रतिष्ठानों में लागू हो गया है, उसके अनुसार 51% सदस्यता वाला यूनियन एकमात्र वातार्कार और किसी यूनियन का 51% नहीं होने पर 20% सदस्यता वाले यूनियन वातार्कार परिषद् में होंगें। इसलिए सभी यूनियनों से मैं कहना चाहूंगा कि स्वप्न से बाहर निकले और 4 लेबर कोड़ जो लागु हो गया है उसके दुष्परिणाम से कोयला के मजदूरों, कोयला उद्योग और आऊटसोर्सिंग के मजदूरों को कैसे बचाया जाए उस पर आगे की रणनीति तैयार करना चाहिए। सौंदा डी बचाओ आंदोलन में पहले बसाओ तब उजाड़ों का विरोध में भाषण देने वाला नेता अपने लोगों को दूसरे प्रोजेक्ट में क्वार्टर दिलाने के लिए प्रबंधन से सांठगांठ कर रहे हैं। बैठक के अंत मे भुरकुंडा सचिव पप्पू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यूनियन की सदस्यता ही यूनियन की ताकत होती है। इसीलिए सभी लोगों से मिलजुल कर अपने साथी अपने सहयोगी यूनियन में ज्वाइन करने का प्रयास करें और बातचीत करते रहें। किसी भी साथी को किसी भी प्रकार की जरूरत हो तो हमेशा तात्पर्य के साथ खड़े रहें। बैठक में मुख्य रूप से संजय यादव, बिनोद साव, मंजित रंजन, सुधीर सिंह, सुरेन्द्र ठाकुर , दयानंद, केशरी, अमरेंद्र कुमार सिंह, सुदामा पाणिग्रही, मनोज कुमार सिंह, मुन्ना यादव, अशोक सिंह, बैजनाथ केवट, मनोज कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार राम, बेलों शर्मा, सरवन कुमार, राजाराम बेदिया, सुरेश, राजकुमार दास, पुरी राम सतनामी, प्रमोद यादव, हाकिम, मितला मांझी, भोला खरवार, अमर कुमार राम, परदेशी, राम किशुन हरिजन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नरकोपी पुलिस ने सरवा में फरार आरोपियों के घर चिपकाये इश्तिहार



**बेड़ो :** मांडर प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा गांव में करीब डेढ़ माह पूर्व अंधविश्वास की आड़ में हुई मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के फरार आरोपियों के घर गुरुवार को नरकोपी पुलिस ने इश्तहार चिपकाया। कांड संख्या 14/26 में फरार चल रहे चारों आरोपियों के घर नरकोपी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर डुगडुगी पिटवाकर इश्तहार चिपकाया। ज्ञात हो कि चम्पा उरांव, बंधइन उरांव, आनंद उरांव उर्फ आनंद लकड़ा और विनोद उरांव उर्फ विनोद लकड़ा ने मिलकर गांव के ही 18 वर्षीय युवक अमित उरांव पर पैसा चोरी का आरोप लगाते हुए उसके दोनों हाथ गोबर युक्त खौलते पानी में डाल दिए थे।

# सौंदा 'डी' में लगातार बिजली तार काट रहे चोर, पुलिस मौन

■ पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस और प्रबंधन के खिलाफ जतायी नाराजगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत में आए दिन चोर बिजली के काट चुरा ले जा रहे। इसे लेकर पंचायत भवन में गुरुवार को मुखिया उपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें लगातार हो रही बिजली तार की चोरी पर रोष प्रकट किया गया। पुलिस को दी जा रही शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर गहरा रोष प्रकट किया गया। बताया जाता है कि आए दिन चोर कॉपर के बिजली तार काट लें जा रहे हैं। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है और लोग परेशानी झेल रहे हैं। हाल में बिजली तार चोरी की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। चर्चा है कि क्षेत्र का स्क्रैप चुराकर खत्म करने के बाद चोर तांबा का तार चुराकर कबाड़ियों को बेच रहे हैं। सुरक्षा विभाग और पंचायत की ओर से दिए गए आवेदन के बावजूद पुलिस मौन है और केबल चोरी को लेकर पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, मजदूर नेता अशोक शर्मा, संजय यादव, सुशील कुमार सिंह, राजगिरी चौधरी, प्रवीण नायक, संजय कुमार, विष्णु कुमार, दीपक कुमार, राम पुकार ठाकुर, सुनील कुमार सिंह, शाहिद अंसारी, संतोष रजक, विनोद कुमार, संदीप कुमार, रविंद्र पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू डैम परिसर में म्यूजिकल फाउंटेन और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन

# राज्य में पर्यटन को दिये जा रहे नये आयाम : सुदिव्य कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** पतरातू डैम परिसर में नवनिर्मित म्यूजिकल फाउंटेन एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन मंत्री, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार सुदिव्य कुमार के द्वारा किया गया। अवसर पर विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी, विधायक रामगढ़ ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतिश कुमार, प्रबंध निदेशक जेटीडीसी, पूर्व विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रामगढ़ राजीव जायसवाल, जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पर्यटक उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों के विकास एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पतरातू डैम झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है और यहां विकसित की जा रही आधुनिक सुविधाओं से पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि म्यूजिकल फाउंटेन पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण का केंद्र बनेगा। संगीत, प्रकाश एवं जल की मनमोहक प्रस्तुति पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगी। वहीं, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के माध्यम से पर्यटक जलाशय के मनोहारी वातावरण के बीच भोजन एवं मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। इससे पतरातू डैम आने वाले पर्यटकों के अनुभव में और अधिक विविधता आएगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि पर्यटन के विकास से न केवल राज्य की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। पतरातू डैम परिसर में विकसित की गई इन नई सुविधाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी तथा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए पर्यटकों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाना है। इसके तहत पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचनाओं के विकास, सौंदर्यीकरण, मनोरंजन सुविधाओं एवं पर्यटक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को पतरातू डैम परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा, पर्यटकों की सुविधा एवं संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही, पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। म्यूजिकल फाउंटेन और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के उद्घाटन के साथ पतरातू डैम पर्यटन क्षेत्र में एक नए आकर्षण का जुड़ाव हुआ है। इससे पतरातू डैम आने वाले पर्यटकों को मनोरंजन एवं पर्यटन का एक नया अनुभव प्राप्त होगा और रामगढ़ जिले के पर्यटन विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## धमनाटांड़ में पियूष चौधरी ने नये ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



जनता के हर सुख-दुख में सदैव खड़ा रहूंगा : पियूष चौधरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोला प्रखंड के सोसो पंचायत अन्तर्गत ग्राम हेमतपुर (धमनाटांड) में नवस्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन युवा आजसू जिला प्रभारी पियूष चौधरी ने विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर पियूष चौधरी ने कहा कि यह ट्रांसफार्मर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं के समाधान, सुरक्षित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर विद्युत सुविधा मिलेगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गाँव बेहतर आधारभूत सुविधाओं से सशक्त बने तथा विकास का लाभ हर परिवार तक समान रूप से पहुंचे। जनसुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण विकास और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पियूष चौधरी ने कहा, जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं क्षेत्र की प्रत्येक मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा और जनता के हर सुख-दुख में सदैव उनके साथ खड़ा रहूंगा।

## एक झलक

### मुख्यमंत्री से मिले स्वामी आत्मप्रियानंदजी और स्वामी भवेशानंदजी



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीच्यूट के प्रति-कुलपति स्वामी आत्मप्रियानंदजी एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के सचिव स्वामी भवेशानंदजी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### रथ मेला में मेला समिति ने सभी बच्चों को सुरक्षा रिस्टबैंड पहनाया



रांची : रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ मेला में इस वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ बच्चों की सुरक्षा का भी एक नया अध्याय जुड़ने गया। अगले दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन लगभग हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। हर वर्ष मेले की भीड़ में बच्चों के बिछड़ने जैसी दुखद घटनाएं सामने आती रही हैं। इसी चुनौती को देखते हुए प्रतीज्ञा संस्था के युवाओं ने एक अभिनव और प्रभावी समाधान विकसित किया है। मेला समिति के मिल कर सभी बच्चों को एक सुरक्षा रिस्टबैंड पहनाया जाएगा, जिस पर माता-पिता का नाम, मोबाइल नंबर तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबर अंकित रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में बच्चे को तुरंत उसके परिजनों से मिलाया जा सके। यह पहल केवल एक सुरक्षा व्यवस्था नहीं, बल्कि युवाओं की संवेदनशील सोच, सामाजिक जिम्मेदारी और बाल संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। प्रतीज्ञा का मानना है कि उत्सव की वास्तविक खुशी तभी है जब हर बच्चा सुरक्षित रहे और हर परिवार मुस्कुराते हुए अपने घर लौटे।

### रथयात्रा के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने किया सेवा कार्य



रांची : भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के शुभ अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की 15 बहनों ने जगन्नाथपुर मंदिर, रांची में श्रद्धापूर्वक सेवा कार्य किया। प्रातः 6:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक बहनों ने रथयात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की विभिन्न प्रकार से सेवा कर सामाजिक समर्पण और सेवा भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर सभी ने भगवान श्री जगन्नाथ से प्रार्थना की कि वे सभी के जीवन रूपी रथ को सदैव सही दिशा प्रदान करें तथा सुख, शांति, समृद्धि और आनंद का आशीर्वाद दें।

### रातू थाना परिसर में नाग दिखने से मचा हड़कंप, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा गया



रातू : रातू थाना परिसर में बुधवार शाम करीब छह बजे एक नाग दिखाई देने से पुलिसकर्मियों एवं वहां मौजूद लोगों के बीच कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और सभी सतर्क हो गए। करीब डेढ़ घंटे तक नाग थाना परिसर में इधर-उधर घूमता रहा, जिससे पुलिसकर्मियों को भी काफी सावधानी बरतनी पड़ी। इसके बाद दलादली निवासी सर्प रेस्क्यू विशेषज्ञ नारायण प्रमाणिक को बुलाया गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से नाग को पकड़ लिया। नाग के पकड़े जाने के बाद थाना परिसर में मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। समय रहते सांप को सुरक्षित पकड़ लिए जाने से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। घटना के बाद थाना परिसर में कुछ समय तक लोगों के बीच इसको लेकर चर्चा होती रही।

---

भारत टेक्स 2026 : तीसरे दिन भी झारखंड पवेलियन में आनेवालों का लगा रहा तांता

# झारखंड की बांस निर्मित-स्टील बोतल व मग ने बटोरी खूब सराहना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची** : नयी दिल्ली, भारत मंडपम में (14 से 17 जुलाई) तक आयोजित भारत टेक्स 2026 में झारखंड पवेलियन में प्रदर्शित बांस से निर्मित स्टील बोतल और मग देश-विदेश से आये आगंतुकों, खरीदारों एवं उद्योग प्रतिनिधियों के बीच विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पारम्परिक बांस शिल्प को आधुनिक तकनीक और उपयोगिता से जोड़ कर तैयार किये गये ये उत्पाद पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ जीवनशैली का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।





**बांस से निर्मित उत्पाद स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण के लिए हैं अनुकूल**

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित अनजनेया बांस क्लस्टर द्वारा निर्मित ये उत्पाद अपनी गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और उपयोगिता के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। बांस और स्टेनलेस स्टील से निर्मित बोतल गर्म एवं ठंडे पेय का तापमान 12 से 14 घंटे तक बनाये रखने में सक्षम है, जबकि बांस, स्टेनलेस स्टील एवं फूड-ग्रेड प्लास्टिक (ढक्कन) से तैयार मग 03 से 04 घंटे तक पेय का तापमान सुरक्षित रखता है।

**भारत टेक्स 2026 जैसे वैश्विक मंच झारखंड के उत्पादों को नये निर्यात अवसरों से जोड़ने का कर रहे हैं काम**

भारत टेक्स 2026 जैसे वैश्विक मंच पर झारखंड 'लोकल टू ग्लोबल' की अपनी सोच को साकार कर रहा है। तसर सिल्क, जीआई टैग उत्पादों, हस्तकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित नवाचारों के माध्यम से राज्य वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। अनजनेया बांस क्लस्टर जैसे उद्यम स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाते हुए झारखंड के उत्पादों को नये निर्यात अवसरों से जोड़ रहे हैं।

**अनजनेया बांस क्लस्टर झारखंड की समृद्ध बांस शिल्प परम्परा को नये स्वरूप में पिरो कर दे रहा है नयी पहचान**

अनजनेया बांस क्लस्टर झारखंड की समृद्ध बांस शिल्प परंपरा को आधुनिक डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक के साथ नयी पहचान दे रहा है। क्लस्टर बांस से सजावटी उत्पाद, फर्नीचर एवं लाइफस्टाइल उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ लेजर कटिंग, लेजर एनग्रेविंग, सीएनसी राउटिंग एवं कस्टमाइज्ड डिजाइन समाधान जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करता है।

भारत टेक्स 2026 में 130 से अधिक देशों के 6,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तथा 1.3 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की उपस्थिति झारखंड के एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने का महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है और हस्तशिल्प आधारित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ-साथ निर्यात एवं निवेश की नयी सम्भावनाओं को भी सशक्त बना रहे हैं।

---

## हेमन्त-कल्पना ने नवविवाहित सांसद विजय हांसदा व उनकी धर्मपत्नी सुप्रिया मुर्मू को दीं बधाई व शुभकामनाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा के विवाहोत्सव उपरांत रांची के एक होटल में आयोजित रिसेप्शन पार्टी में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवविवाहित सांसद विजय हांसदा एवं उनकी धर्मपत्नी सुप्रिया मुर्मू को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, मुख्यमंत्री ने नवदम्पति के सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने सांसद विजय हांसदा के परिजन एवं सगे-सम्बन्धियों से मिल कर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की।

---

पिस्का नगरी रेलवे स्टेशन को दिल्ली की तर्ज पर आनन्द विहार बनाने का सपना हुआ पूरा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रेलवे के क्षेत्र में रांची को देंगे दो नयी सौगात संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची को दो नई सौगात रेलवे के क्षेत्र में देने जा रहे हैं पिस्का रेलवे स्टेशन एवं मुरी रेलवे स्टेशन का जिणोर्धार यह एक बड़ी सौगात झारखंड वासियों के लिए है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में झारखंड रेलवे के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ रहा है झारखंड के कई रेलवे स्टेशन आधुनिक एयरपोर्ट जैसी सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है इस



कार्य के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट करता हूं श्री सेठ ने कहा मेरा सपना था पिस्का नगरी रेलवे स्टेशन को आनंद विहार के तर्ज पर विकसित करना जो आज पूर्ण हो रहा है पिस्का नगरी के बिस्तारिकरन से रातू रोड सहित इसके आसपास के क्षेत्र को रेलवे के क्षेत्र में काफी सुविधा मिलेगी। इसी के निमित्त आज पिस्का नगरी रेलवे स्टेशन का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निरीक्षण किया और कल होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा की आज के सर पर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल मंडल अध्यक्ष रितेश राज विंध्याचल महतो केदार महतो डॉ रमेश महतो राकेश केसरी हेमंत केसरी शाहिद रेलवे के DRM सहित अधिकारी गण मौजूद रहे।

---

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिस यूनिवर्स झारखण्ड-2026 खिताब की विजेता प्रतिभागी दीपाली रिया ने की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मिस यूनिवर्स झारखण्ड-2026 खिताब की विजेता प्रतिभागी दीपाली रिया ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दीपाली रिया को अपनी ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष दीपाली रिया ने विगत 29 मार्च को रांची में आयोजित मिस यूनिवर्स झारखण्ड-2026 प्रतियोगिता का खिताब जीतने तक के सफर एवं अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पिछले एक वर्ष से अधिक समय से उन्होंने निरन्तर कड़ी मेहनत की। इस दौरान रैम्प वॉक, ग्रूमिंग क्लास और इंटरव्यू की विशेष तैयारी पूरी ईमानदारी और लगन के साथ की थी। वह बोकारो की निवासी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दीपाली रिया की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मिस यूनिवर्स झारखण्ड-2026 का ताज अपने नाम कर दीपाली रिया ने झारखंड के साथ-साथ पूरे बोकारो जिला का मान बढ़ाया है। इनकी सफलता आने वाले समय में अन्य प्रतिभागियों को प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रतिभा का धनी राज्य रहा है, यहां के प्रतिभागियों ने कई मौकों पर राज्य का गौरव बढ़ाया है।

---

## भाजपा का मॉडल जल-जंगल-जमीन की लूट का, हेमंत सरकार आदिवासियों और पर्यावरण की रक्षक : अख्तर अली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा खदानों की नीलामी को लेकर झारखंड सरकार पर लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मरांडी के बयान को भ्रामक, जनविरोधी और कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की छटपटाहट बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी झारखंड की तुलना उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से कर रहे हैं, जहां भाजपा और उनके सहयोगियों की नीतियों के कारण आदिवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है और बिना ग्राम सभा की सहमति के हसदेव जैसे समृद्ध जंगलों को काटा जा रहा है। भाजपा का मॉडल अंधाधुंध खनन और कॉर्पोरेट लूट का है, जबकि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का मॉडल सतत विकास और जल-जंगल-जमीन का संरक्षण है। आगे अख्तर अली ने खदानों की नीलामी पर केंद्र सरकार की नीतियां को जिम्मेदार बताते हुए स्पष्ट किया कि देश में प्रमुख खनिजों और कोयला ब्लॉकों के आवंटन एवं नीलामी की गाइडलाइंस केंद्र सरकार तय करती है। जब केंद्र सरकार ने बिना सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के झारखंड के संवेदनशील वन क्षेत्रों की नीलामी करने की कोशिश की थी, तब हमारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर झारखंड के वनों और विस्थापित होने वाले आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ी थी। हम राज्य को केवल पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का जरिया नहीं बनने देंगे।

---

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## विशेष पूजा एवं महाप्रसाद में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ विशेष पूजा-अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और धार्मिक वातावरण भक्तिमय भजनों से गुंजायमान रहा। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री जगन्नाथ तथा श्री राधा-कृष्ण के दिव्य दर्शन एवं महाप्रसाद का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी का नयनाभिराम, अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कर भगवान को केसरिया खीर एवं ताजे फलों का महाभोग अर्पित किया। पूजा के उपरांत सामूहिक आरती में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भाग लिया और भगवान से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के भजन गायकों ने भगवान श्री जगन्नाथ तथा राधा-कृष्ण की महिमा पर आधारित सुमधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति रस से सराबोर इन भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, समरसता, सेवा और लोककल्याण का संदेश देता है।

---

## झारखंड के कई जिलों में 17 और 18 जुलाई को भारी बारिश की सम्भावना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के विभिन्न हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान मौसम का मिजाज बदला रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 17 और 18 जुलाई को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही 20 जुलाई तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जुलाई को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती भाग के खूंटी और गुमला जिलों के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 18 जुलाई को मध्यवर्ती एवं उत्तर-पश्चिम से सटे लातेहार और चतरा जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। विभाग ने बताया कि 20 जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों तथा आम नागरिकों को मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 66 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझरी में दर्ज की गई।

---

ओरमांझी में आज जुटेंगे झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के दिग्गज

## महाधिवेशन व वैश्य क्रांति सम्मेलन की तैयारियों पर होगा मंथन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की विस्तारित एवं महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार, 17 जुलाई को ओरमांझी स्थित मोगल मंगलम सभागार (कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सामने) में आयोजित होगी। यह जानकारी उप-प्रधान महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने दी।बैठक में राज्यभर से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ-साथ संगठन को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा होगी। संगठन की ओर से जारी सूचना के अनुसार बैठक का पहला सत्र सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा, जबकि 12:15 बजे से 2:15 बजे तक केंद्रीय समिति की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन के विस्तार, समाज के शिक्षा, सुरक्षा एवं रोजगार जैसे मूलभूत अधिकारों को लेकर भावी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक के एजेंडे में 30-31 अक्टूबर को कांके में प्रस्तावित तृतीय महाधिवेशन की तैयारियों, 9 अगस्त को रामगढ़ में आयोजित होने वाले 'वैश्य क्रांति सम्मेलन' तथा 17 अगस्त को धनबाद में आयोजित शहीद मणींद्रनाथ मंडल जयंती समारोह सहित विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा केंद्रीय अध्यक्ष के निदेशानुसार अन्य महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक को सफल बनाने के लिए केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, उप-प्रधान महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, केंद्रीय महासचिव चतुर साहु, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता रोहित कुमार साह तथा रांची जिलाध्यक्ष कृष्णदेव साहु सहित संगठन के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। संगठन ने सभी आमंत्रित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

---

## झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्णय

**रांची** : झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, जनसरोकार के मुद्दों और राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दल के उपनेता खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी श्रवण राव, सह-प्रभारी प्रीति मांझी और सह-प्रभारी मुरारी कुमार उपस्थित थे। वहीं अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, पूर्व राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी, फ्रंटल के प्रभारी सुरेन राम उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने और जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक के बाद झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने इथेनॉल नीति और पेट्रोलियम से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध-प्रदर्शन किया।

---

## 'सृजन से सम्मान तक' अभियान के तहत 'अपना युवा मंच' परिचर्चा सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा 'सृजन से सम्मान तक' अभियान के अंतर्गत श्रद्धेय पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष युवा विनय अग्रवाल जी के सम्मान में 'अपना युवा मंच' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल जी की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने मारवाड़ी युवा मंच की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, सेवा परियोजनाओं एवं संगठन से जुड़ने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज सेवा, नेतृत्व विकास एवं युवा सहभागिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को संगठन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से



भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सदस्यों के लिए चर्चा-परिचर्चा सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। शाखा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा। यह जानकारी शाखा मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

---

डालसा ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों के बीच फैलायी जागरूकता

## श्रद्धालुओं के बीच विधिक जागरूकता कर योजनाओं का लाभ दिलाना ही लक्ष्य : डालसा सचिव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में जगरनाथपुर रथ मेला में कैंप लगाकर डालसा, रांची द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में मेला परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रौशन, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा,




मध्यस्थ जहांआरा, पीएलवी भुप्रताप महतो, मानव कुमार सिंह, दीपेन्द्र कुमार, गणेश कुमार, उमेश कुमार, सतीश कुमार, लता कुमारी, आशीष बैठा, पिंकु कुमारी, कर्मचारी अभिमन्यु कुमार, मोनु कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा सचिव राकेश रौशन ने कहा है कि जगरनाथपुर रथ मेला के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 16.07.2026 से 25.07.2026 तक मेला परिसर में कैंप लगाकर कर श्रद्धालुओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर माननीय नालसा और झालसा के द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को रू-ब-रू कराया जायेगा तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। ज्ञात हो कि आज पहला दिन मेला परिसर में नुक्कड़ नाटक टीम का आयोजन डालसा द्वारा कराया गया तथा लोगों के बीच विधिक जागरूकता का संदेष दिया गया। रथ मेला घुमने आये एक खोया हुआ बच्चा को उसके परिवारवालों से मिलाया गया जो खूंटी जिला का रहनेवाला था। रथ मेला में आये लगभग 40,000 श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के शिविर में बिछड़े 50 परिवारों को उनके सदस्यों तथा परिवारवालों से मिलाने का काम किया गया। डालसा टीम ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित होनेवाली समाधान समारोह विशेष लोक अदालत के बारे में लोगों को जानकारी दी। कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 21,22 और 23 अगस्त को व्यवहार न्यायालय, रांची में उपस्थित होकर अपने मामले की शीघ्र और सौहाद्रपूर्ण ढंग से समाधान करा सकते है। आगामी 18 सितम्बर को आयोजित होनेवाली चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत पर फोकस करते हुए बतायी कि आगामी 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा, जिसमें वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते है। अंत में नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर फोकस किया गया तथा पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया।

---

## नागरमल मोदी सेवा सदन 19 जुलाई को लगायेगा नि:शुल्क हड्डी रोग उपचार शिविर


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नागरमल मोदी सेवा सदन, रांची की ओर से आगामी 19 जुलाई (रविवार) को कडरू स्थित सरना टोली सरना स्थल में जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क हड्डी रोग उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर के संयोजक आलोक तुलस्यान ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हड्डी एवं जोड़ों के दर्द, गठिया, कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों की समस्या और अन्य अस्थि रोगों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह का लाभ मिलेगा। संयोजक ने बताया कि शिविर में मरीजों को आवश्यक दवाएं भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा उपलब्धता के आधार पर जरूरतमंद मरीजों को कमर की बेल्ट, गर्दन की कॉलर (नेक कॉलर) तथा घुटने का कैप (नी कैप) भी निःशुल्क वितरित किया जाएगा। आलोक तुलस्यान ने कहा कि सेवा सदन समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इस शिविर के माध्यम से उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो आर्थिक कारणों से विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार नहीं करा पाते हैं।

# श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ, जयघोष से गूंजा क्षेत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू/हजारीबाग :** हजारीबाग-बगोदर मार्ग स्थित सदर प्रखंड के सिलवार जगन्नाथ धाम मंदिर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महास्नान, षोडशोपचार पूजन, महाशृंगार एवं आरती के बाद प्रातः 5 बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह 9 बजे महाभोग का वितरण किया गया। संध्या में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर मौसीबाड़ी (केसुरा पहाड़) के लिए रवाना हुए। हजारों श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ खींचते हुए भगवान को मौसीबाड़ी पहुंचाया। परंपरा के अनुसार भगवान नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में



विश्राम करेंगे तथा 24 जुलाई को घूरती रथयात्रा (बहुड़ा यात्रा) के साथ अपने धाम लौटेंगे। इस दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन एवं नियमित पूजा-अर्चना होगी। रथयात्रा मेले में रशियन डांस, ब्रेक डांस, तारामाची झूला, नौका झूला और मीना बाजार लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने मेले का भरपूर आनंद लिया, जबकि युवाओं में सेल्फी लेने का विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर में दो दिनों से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना चल रही थी। वर्ष 1952 से इस मंदिर में निरंतर भगवान जगन्नाथ की पूजा की परंपरा निभाई जा रही है। इसकी शुरूआत भूरालाल जैन, जलेश्वर जैन और मोती महतो ने की थी। प्रथम पुजारी स्व. देवकीनंदन पांडेय थे। इस वर्ष मुख्य पुजारी आचार्य विशेश्वर पांडेय, भीम पांडेय एवं रामलखन पांडेय ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। रथयात्रा के अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अपनी पत्नी सहित मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजा के बाद पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। बटेश्वर मेहता, शेफाली गुप्ता, श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भी भगवान के दर्शन किए। रथयात्रा मेले को लेकर प्रशासन एवं मंदिर समिति ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। एनएच-522 पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कुछ समय तक जाम की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिसकर्मी एवं समिति के स्वयंसेवक लगातार व्यवस्था संभालते रहे और श्रद्धालुओं की सुविधा में जुटे रहे।

## रथयात्रा धार्मिक उत्सव के साथ सामाजिक समरसता, सेवा और श्रद्धा का भी प्रतीक है : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग :** हजारीबाग रथयात्रा महोत्सव के पावन अवसर पर इस्कॉन मंदिर द्वारा पहली बार हजारीबाग की धरती पर भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। शेफाली गुप्ता ने रथयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रथयात्रा धार्मिक उत्सव, सामाजिक समरसता, सेवा और श्रद्धा का भी प्रतीक है। उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से महाप्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजन की सराहना की। रथयात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। ओम आरोहणम संस्था द्वारा वर्षों से सेवा और प्रसाद वितरण की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे बटेश्वर प्रसाद मेहता महाप्रभु से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

**हजारीबाग :** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर हजारीबाग के सिलवार स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच उपस्थित होकर श्री मेहता ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, सेवा और मानव कल्याण का महान संदेश है। उन्होंने कहा कि महाप्रभु सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाये रखें, राज्य और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। रथ यात्रा हमें यह प्रेरणा देती है कि हम अपने जीवन में सेवा, त्याग, करुणा और मानवता के मूल्यों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख और सम्मान पहुंचाने का प्रयास करें। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने सिलवार स्थित जगन्नाथ मंदिर के आसपास से बीएसएफ का फायरिंग रेंज हटाने की मांग की ताकि इस क्षेत्र में किसी भी सूरत पर कोई हादसा न हो।
इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दर्शन कर रथ यात्रा महोत्सव की मंगलकामनाएं कीं।

## सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम रथ मेला में उमड़ा जनसैलाब सांसद ने टेका माथा, क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



**हजारीबाग :** गुरुवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सदर प्रखंड के सिलवार पंचायत स्थित सिलवार जगन्नाथ धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ द्वितीया के अवसर पर भव्य रथयात्रा मेला का आयोजन हुआ। यहां वर्ष 1952 में एक खपरैल मंदिर से भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर शुरू की थी जो आज वृहत रूप ले चुका है। यहां स्थापित भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की प्रतिमा ओडिशा के पुरी से लायी गयी है। हरे- भरे पहाड़ियों की श्रृंखलाओं के बीच अवस्थित इस स्थल में वर्तमान समय में एक भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। मंदिर परिसर की खुबसुरती से आकर्षित होकर और यहाँ आयोजित धार्मिक रथ मेला में सम्मिलित होने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से श्रधालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक मान्यता के अनुरूप विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत सिलवार मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग रथ पर सवार होकर केशुरा पहाडी स्थित मौसीबाडी पंहुचेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ दोपहर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी यहां पंहुचकर ईश्वर की पूजा-अर्चना की और रथ को प्रणाम कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

## हजारीबाग में पहली बार इस्कॉन की भव्य और दिव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकली


**हजारीबाग :** शहर में पहली बार इस्कॉन द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के तहत पीटीसी चौक, मटवारी स्थित इस्कॉन मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य एवं दिव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी और पूरा शहर हरे कृष्ण संकीर्तन व जयघोष से भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं के साथ रथ की रस्सी खींचकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग में पहली बार इस्कॉन द्वारा इतनी भव्य रथ यात्रा का आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद सभी पर बना रहे तथा समाज में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो, यही उनकी कामना है।

## रथ द्वितीया पर निकली भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा, उमाशंकर अकेला हुए शामिल



**चौपारण :** राधा कृष्ण मंदिर, चौपारण के तत्वावधान में आयोजित रथ द्वितीया सह भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के शुभ अवसर पर केशरवानी धर्मशाला में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में केशरवानी समाज के लोगों ने पूर्व विधायक एवं उनके साथ आए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर तथा तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। धार्मिक माहौल के बीच भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इस अवसर पर बसरिया पंचायत की मुखिया मंजू देवी, ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, पंचायत समिति प्रतिनिधि टुन्नू वर्णवाल, पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मंटू यादव, बालकिशुन यादव, यदुनंदन यादव, नकुल यादव, मनोज सिंह, सुखदेव यादव, नवीन यादव, दिनेश यादव, नीरज सिंह, शंभू यादव, हीरा सिंह, लोकेश सिंह, बहादुर राणा, संतोष रजक, डिंपू जैन, प्रकाश राणा, नारायण यादव, जयनारायण साव, संजीत सिंह, महेश केशरी, राजाराम गुरु, आशीष सिंह, देवेंद्र यादव, सुकेश सिंह, विवेक सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रथ यात्रा पर सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण



**हजारीबाग :** रथ यात्रा के शुभ अवसर पर सिलवार स्थित श्री जगन्नाथ धाम में हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद जी के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का पावन प्रसाद वितरित किया गया। रथ यात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री जगन्नाथ धाम पहुंचे और महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का महापर्व है। महाप्रभु का प्रसाद सभी को समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उल्लेखनीय है कि विधायक प्रदीप प्रसाद प्रत्येक वर्ष रथ यात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण का आयोजन कराते हैं। यह सेवा-कार्य वर्षों से निरंतर जारी है, जो महाप्रभु श्री जगन्नाथ के प्रति उनकी गहरी आस्था एवं जनसेवा के संकल्प का प्रतीक है।

## सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब पुलिस अधीक्षक ने धर्मपत्नी संग की विशेष पूजा-अर्चना




**हजारीबाग :** रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को हजारीबाग के ऐतिहासिक सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ मंदिर पहुंचे और वैदिक रीति-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने जिले में सुख-समृद्धि, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं नागरिकों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों से

## चट्टी बारियातू गांव में रथ निकाला, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के चट्टी बरियातू स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष, युवक-युवतियां शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। रथ यात्रा से पूर्व सुबह से ही श्रद्धालुओ जगरनाथ मंदिर में जुटने लगे। साथ ही मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे दिन भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर पूजा-पाठ किया। शाम करीब 6 बजे स्वामी जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। इसके बाद जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने रस्सी पकड़कर सामूहिक रूप से रथ को खींचना शुरू किया। रथ यात्रा चट्टी बरियातू जगरनाथ मंदिर से निकलकर हेठली पगार गांव स्थित मौसीबाड़ी पहुंची। जहां भगवान नौ दिनों तक विराजमान रहेंगे। रथ यात्रा के दौरान पूरा मार्ग भक्तिमय नारों और भजनों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हेरिटेज टोयोटा का फेस्टिव सेल्स काउंटर शुरू ग्राहकों को मिलेंगी खास सुविधाएं और फेस्टिव ऑफर्स



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** ग्राहकों को विश्वस्तरीय बिक्री अनुभव देने के उद्देश्य से हेरिटेज टोयोटा ने बरही में अपने फेस्टिव सेल्स काउंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हेरिटेज टोयोटा के वाइस प्रेसिडेंट देबब्रत बेहरा, ग्रुप जनरल मैनेजर राहुल कुमार, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने फीता काटकर काउंटर का उद्घाटन किया। हेरिटेज टोयोटा के वाइस प्रेसिडेंट देबब्रत बेहरा ने कहा कि टोयोटा हमेशा से गुणवत्ता, सुरक्षा, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और कम मेंटेनेंस के लिए जानी जाती है। बरही में नए फेस्टिव सेल्स काउंटर के माध्यम से अब क्षेत्र के ग्राहकों को टोयोटा की संपूर्ण रेंज, अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर माइलेज और प्रीमियम आफ्टर सेल्स सर्विस एक ही जगह मिलेगी। हमारा लक्ष्य है कि हर ग्राहक को टोयोटा के साथ प्रीमियम अनुभव मिले। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के प्रदेश संयोजक सह वरिष्ठ व्यवसायी भरत यादव इस सेंटर का पहला ग्राहक बने। उन्होंने इनोवा क्रिस्टा खरीदा। प्रबंधन ने बताया कि नये काउंटर से बरही एवं आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की पूरी वाहन श्रृंखला, आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स, आसान फाइनेंस, टेस्ट ड्राइव और विशेषज्ञ बिक्री परामर्श जैसी सुविधाएं अब और करीब मिलेंगी।

## राहत अभियान के तहत ट्रैफिक कर्मियों को बांटे जायेंगे रेनकोट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान संस्था द्वारा आगामी राहत अभियान की जानकारी दी गई, जिसके तहत बरसात के मौसम में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को रेनकोट उपलब्ध कराए जाएंगे। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक से औपचारिक मुलाकात कर सेवा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सर्वप्रथम उन्हें भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने



हजारीबाग यूथ विंग द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनहित और सेवा से जुड़े ऐसे अभियान समाज में सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को और मजबूत करते हैं। उन्होंने राहत अभियान की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति सेवा भाव ही एक सशक्त एवं जागरूक समाज की पहचान है। राहत अभियान के प्रथम चरण में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बारिश के बीच अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बीच रेनकोट का वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही जरूरतमंद राहगीरों तथा श्रावणी मेले के दौरान बोल बम यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं के बीच भी रेनकोट वितरित किए जाएंगे, ताकि वर्षा के दौरान उन्हें राहत मिल सके। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के उन वर्गों तक सहायता पहुंचाना है, जो हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिसकर्मी धूप, बारिश और अन्य चुनौतियों के बीच लगातार आमजन की सेवा करते हैं। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना भी समाज की जिम्मेदारी है और यह अभियान उसी भावना का प्रतीक है। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग समय-समय पर जनकल्याणकारी एवं राहत अभियान संचालित करती रही है।

## निःशुल्क बाल हृदय जांच शिविर रसोईया धमना में सम्पन्न, 302 बच्चों की हुई जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल बरही के द्वारा नन्हा सा दिल बाल हृदय जांच एवं निवारण निशुल्क कैम्प का आयोजन मदरसा अजीजिया जेया उल उलूम रसोईया धमना, धनवार और जीतपुर क्षेत्र में किया गया। कैम्प में समाज सेवी तौकीर रजा ने पूरा दिन उपस्थित रहकर बच्चों की जांच में सहयोग किया और आसपास के लोगों को जागरूक भी किया ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी से वंचित न रहे। तौकीर रजा ने बताया कि यदि कोई बच्चा जांच से वंचित रह गया है तो वह अपने नजदीकी पंचायत में लगने वाले कैम्प में जाकर जांच करवा सकता है। चिकित्सकों ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग के लक्षणों में तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर का नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, स्तनपान के दौरान पसीना आना शामिल हैं। कैम्प में सभी सेवाएं पूर्णतया निःशुल्क दी गईं। रसोईया धमना में आयोजित कैम्प में कुल 302 बच्चों की जांच की गई जिसमें 1 बच्चा संदिग्ध पाया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, डॉ. एजाज अहमद, प्रधानाध्यापक मो. अख्तर, हाफिज सरफराज अहमद, मो. इल्यास, गुलाम सरवर, मो. सरफराज, नर्सिंग कर्मी लक्ष्मी प्रिया, अंजू कुमारी, शाहजहाँ बेगम, सहिया साथी मीना देवी, शम्मा परवीन, संगीता देवी, रिजवाना परवीन, मुन्नी देवी, नुरेशा खातून, मो. सेराज, मो. दाऊद, किशोर राणा, सतेन्द्र साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसबीआई बैंक बनासो के मुख्य प्रवेश मार्ग पर फैले कीचड़ व जलजमाव ग्राहकों के लिए बने परेशानी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, वहीं विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा का मुख्य प्रवेश मार्ग इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है। बैंक के सामने फैला कीचड़ और जलजमाव लोगों के लिए रोजाना परेशानी का सबब बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि बैंक पहुंचने से पहले ग्राहकों को दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात शुरू होते ही यह रास्ता पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि करीब एक वर्ष पूर्व भी इस गंभीर



समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था, लेकिन आज तक न तो संबंधित विभाग ने कोई स्थायी समाधान किया और न ही प्रशासन ने इस ओर गंभीरता दिखाई। परिणामस्वरूप हर बारिश के साथ समस्या और विकराल होती जा रही है। एसबीआई शाखा में प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक लेन-देन, पेंशन, किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए पहुंचते हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, किसान, छात्र एवं दिव्यांगजन भी शामिल होते हैं। लेकिन बैंक के मुख्य प्रवेश मार्ग पर फैले कीचड़ और जलजमाव के कारण लोगों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर या कीचड़ में उतरकर बैंक तक पहुंचना पड़ता है। कई बार लोग फिसलते-फिसलते बचे हैं, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि आम लोगों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। उनका कहना है कि यदि बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थान तक पहुंचने का रास्ता ही बदहाल रहेगा, तो आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## केरेडारी पुलिस ने चार फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तिहार

**केरेडारी :** केरेडारी पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 344/14 के चार फरार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर उनके घरों में इश्तिहार चिपकाया है! यह कार्रवाई गुरुवार को ग्राम केमो, थाना केरेडारी, जिला हजारीबाग में ग्रामीणों एवं परिजनों की मौजूदगी में की गई। पुलिस के अनुसार, फरार अभियुक्तों में सिटा भुईयां (पिता विटल भुईयां), भुवनेश्वर राम (पिता धनु राम), कीनू भुईयां (पिता कोलहा भुईयां) और उगन भुईयां (पिता मंगल भुईयां) शामिल है। इन सभी के विरुद्ध कांड संख्या 344/14 में न्यायालय द्वारा इश्तिहार जारी किया गया है। पुलिस अवर निरीक्षक चमेली राम ने बताया कि न्यायालय के निदेर्शानुसार अभियुक्तों के घरों पर इश्तिहार चस्पा कर उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## हजारीबाग डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया बहेरा जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल द्वारा अंतिम वर्ष बी.डी.एस. विद्यार्थियों के लिए बहेरा जल शोधन संयंत्र का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण 14 एवं 15 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित पेयजल आपूर्ति, जल शोधन प्रक्रिया एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जल के संग्रहण, शुद्धिकरण, फिल्ट्रेशन, क्लोरीनेशन तथा वितरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में डीवीसी हजारीबाग एवं सिंचाई जल आपूर्ति विभाग के प्रशिक्षक अभियंता अरूण कुमार एवं अभियंता मनिकांत ने विद्यार्थियों को जल शोधन संयंत्र की कार्यप्रणाली, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा जल गुणवत्ता बनाये रखने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ पेयजल के महत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को भी समझाया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य संबंधी विषयों की बेहतर समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ. निशाद गवली, डॉ. नुसरत फातमा तथा अंतिम वर्ष बी.डी.एस. के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने संयंत्र का अवलोकन कर जल शोधन की आधुनिक तकनीकों को निकट से समझा और विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किया।

## भू-माफियाओं को कड़ा संदेशः सरकारी जमीन छोड़ें, वरना होगी बुलडोजर कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग/कटकमदाग :** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कटकमदाग प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करा दिया है, इस कार्रवाई के बाद इलाके में भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे कानून के राज और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटकमदाग अंचल क्षेत्र के सुल्ताना मौजा, थाना नंबर-91, गैर मजरूआ खास खाता संख्या-112, प्लॉट संख्या-1789 की सरकारी भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, शिकायतों के सत्यापन के बाद अंचल कार्यालय की ओर से संबंधित लोगों को कई बार नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया अंततः उपायुक्त हजारीबाग हेमंत सती के निर्देश पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करा लिया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे अभियान को शांतिपूर्ण एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराया गया, बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण हटाए गए और सरकारी भूमि को पुनः अपने कब्जे में लिया गया। अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन लोगों ने कहीं भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वयं कब्जा हटा लें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर कानून से समझौता नहीं किया जायेगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह स्पष्ट संदेश गया है कि प्रशासन अब सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि इसी तरह नियमित रूप से अभियान चलाया जाए तो सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और विकास योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध हो सकेगी। सरकारी जमीन जनता की संपत्ति है, इस पर अवैध कब्जा किसी भी किमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा, नोटिस के बावजूद कब्जा नहीं हटाने वालों पर बुलडोजर कार्रवाई जारी रहेगी। कटकमदाग प्रशासन की यह कार्रवाई न केवल अवैध कब्जाधारियों के लिए कड़ा संदेश है, बल्कि आम जनता में यह विश्वास भी मजबूत करती है कि कानून का पालन कराने और सरकारी संपत्तियों की रक्षा के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## एसआईआर अभियान में समय से पहले लक्ष्य हासिल करने वाली बीएलओ उगनी देवी बनीं पूरे प्रखंड की प्रेरणा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्ध कार्यशैली और उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करते हुए विष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासन ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने वाली जोबर पंचायत के बंदखारो स्थित बूथ संख्या-490 की बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उगनी देवी को सम्मानित किया। निर्धारित समय-सीमा से पहले अपने बूथ का संपूर्ण पुनरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर उन्होंने न केवल अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन किया, बल्कि पूरे प्रखंड के बीएलओ के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल भी कायम की। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा रहा है। इस अभियान में उगनी देवी ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन, आवश्यक प्रपत्रों का संकलन तथा अन्य सभी निर्धारित कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए प्रखंड प्रशासन ने सार्वजनिक रूप से सम्मानित कर उनकी सराहना की। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता की सबसे मजबूत कड़ी बीएलओ होते हैं।

## एक झलक

### जगुआर इसको सेनेटरी एजेंसी व इंटेरियर प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**बरकट्ठा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आरजी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को जगुआर एवं इंटेरियर शोरूम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, पंसस प्रीति गुप्ता, मणिलाल चौधरी, झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, समाजसेवी दर्शन सोनी, संचालक गोपाल प्रसाद मौजूद थे। पूर्व विधायक ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ब्रांडेड उत्पाद उपलब्ध होने से लोगों को बेहतर गुणवत्ता के सामान के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शोरूम संचालक गोपाल प्रसाद ने बताया कि यहां जगुआर कंपनी के नल, शॉवर, वॉश बेसिन, इंग्लिश कमोड, फ्लश सिस्टम, बाथरूम एक्सेसरीज, सिंक, मिक्सर, पाइप फिटिंग, सैनिटरीवेयर तथा बाथरूम से जुड़े अन्य आधुनिक उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के साथ बेहतर सेवा देने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि कलीम खान, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, पूर्व मुखिया बसंत साव, राजकुमार नायक, पूर्व पंसस दिनेश प्रसाद, दिलीप दास, टुकलाल नायक, शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, यमुना साव, बन्टी कुमार, संजय गुप्ता, भागिरथ प्रसाद, मनोहर चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### केरेडारी के पताल गांव से घर के बरामदे से अपाचे बाइक चोरी

**केरेडारी :** केरेडारी थाना क्षेत्र के पताल गांव में चोरों ने घर के बरामदे में खड़ी एक अपाचे मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना 15 जुलाई की देर रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बाइक मालिक के परिजनों ने बताया कि मोटरसाइकिल को रात में घर के बरामदे में खड़ा किया था। सुबह करीब 4:30 बजे जब वे उठे तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित के भाई मनोज मुंडा ने बताया कि चोरी हुई बाइक अपाचे 160 सीसी (नीले रंग) की है, जिसका पंजीकरण संख्या जेएच 24पी 1943 है। वाहन श्वेता देवी, पति लखन मुंडा के नाम पर पंजीकृत है। घटना की सूचना केरेडारी थाना को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने लिखित आवेदन देकर बाइक बरामद करने और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सार्वजनिक दुर्गा मंदिर निर्माण समिति की बैठक, संकल्प राशि में शिथिलता पर चिंता

**इचाक :** प्रखंड के महावीर स्थान मंगुरा में छह गांवों के सहयोग से बनाये जा रहे भव्य एवं विराट माता मंदिर के निर्माण को गति देने के उद्देश्य से मंदिर सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता ने की, जबकि संचालन सचिव महेश कुमार मेहता ने किया। बैठक में मंगुरा, करियातपुर, मोतमा, फुरुका, जमुआरी, निचली जमुआरी एवं कनौदी के सनातन धर्म प्रेमी महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा दी गई संकल्प राशि जमा करने में हो रही विलंब पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि आस्था का यह प्रतीक मंदिर शीघ्र बनकर तैयार हो, इसके लिए सभी को तन-मन-धन से सहयोग करना होगा। मंदिर निर्माण में गति लाने पर विशेष चर्चा हुई। इसके लिए सभी संबंधित गांवों में शीघ्र महिला समिति के गठन का निर्णय लिया गया, ताकि महिलाओं की केंद्रीय समिति का गठन भी जल्द हो सके। महिलाओं की भागीदारी से निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद जताई गई। निर्णय के अनुसार 18 जुलाई को पूर्वाह्न 9:30 बजे जमुआरी और 11:30 बजे निचली जमुआरी में महिलाओं के साथ बैठक कर समिति का गठन किया जाएगा। इसके पश्चात अन्य गांवों में भी बैठकें आयोजित होंगी। बैठक में कोषाध्यक्ष बुधन साव करसेरा, बीरेंद्र शर्मा, सीताराम कुशवाहा, जयनारायण मेहता, रीतलाल साव, संतोष पासवान, बासुदेव राम, डेगलाल प्रसाद मेहता, ललिता कुमारी, रंजू देवी, बिलवा देवी, सुनीता देवी, नीतू मेहता, करुणा मेहता, विश्वजीत पांडे, तरुण देवी, अनीता देवी, बद्री प्रसाद मेहता, अरुण प्रसाद मेहता, राजेंद्र कुमार राय, खिरोधर ठाकुर, शांति देवी, सुनील मेहता, राजेंद्र प्रसाद मेहता, राज कुमार मेहता, सागर मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## एक झलक

### पुश्तैनी जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप, पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगायी सुरक्षा की गुहार

**बाघमारा/धनबाद :** धनबाद अंचल के मनईटांड़ चिल्ड्रन पार्क निवासी मोहम्मद असलम एवं उनके परिवार ने पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश का आरोप लगाते हुए गुरुवार को विवादित स्थल के समीप प्रेस वार्ता की। परिवार का कहना है कि बिपिन राव सहित कुछ लोग जमीन की मापी कराने पहुंचे और लगातार उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में उपायुक्त, एसडीएम तथा धनसार थाना में पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। मोहम्मद असलम ने बताया कि वर्ष 1991 में कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की गई थी। मामला न्यायालय पहुंचा, जहां वर्ष 2007 में उनके पक्ष में डिक्री पारित हुई। इसके बावजूद वर्ष 2010 में दोबारा याचिका दायर कर उन्हें कानूनी रूप से परेशान किया गया। परिवार का दावा है कि मौजा मनईटांड़ के प्लॉट संख्या 79 (13 डिसमिल) और 80 (20 डिसमिल) पर उनके पूर्वज कई वर्षों से निवास और खेती करते रहे हैं। परिवार ने आरोप लगाया कि 11 जून को जमीन पर बनी संरचनाओं में तोड़फोड़ और आगजनी की गई तथा रंगदारी की मांग कर धमकियां भी दी गई। इस मामले में धनसार थाना में लिखित शिकायत दी गई है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पुश्तैनी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### 22 से दो दिवसीय 'जलवायु अखाड़ा', जलवायु परिवर्तन और न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन पर होगा मंथन

**धनबाद :** झारखंड की राजधानी रांची में 22 एवं 23 जुलाई 2026 को सारथी संस्था की ओर से दो दिवसीय हाजलवायु अखाड़ाह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापक विमर्श होगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समुदाय आधारित विकास के लिए ठोस पहल एवं साझा समाधान पर भी चर्चा की जाएगी। यह जानकारी झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर रवानी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण धनबाद बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, जल संकट, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय जलवायु अखाड़ा में झारखंड के विभिन्न जिलों से सामाजिक संगठनों, विशेषज्ञों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिक प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं है, बल्कि न्यायपूर्ण परिवर्तन की अवधारणा को आगे बढ़ाना है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में बढ़ते समय कोयला क्षेत्रों से जुड़े श्रमिकों, किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा स्थानीय समुदायों के अधिकार, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुरक्षित रह सकें।

### स्कॉर्पियो-बाइक हादसे के बाद थाना में हंगामा 20 लाख मुआवजे और मुफ्त इलाज की मांग

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोरापोखर थाना क्षेत्र में बुधवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद गुरुवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाइक चालक सन्नी यादव की मौत और जावेद अंसारी व उसकी पत्नी जोया खातून के गंभीर रूप से घायल होने से आक्रोशित परिजनों व स्थानीय लोगों ने जोरापोखर थाना का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। परिजनों ने स्कॉर्पियो चालक पर लापरवाही और गलत दिशा में वाहन चलाकर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा, घायलों का मुफ्त इलाज और दोषी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाला मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही स्कॉर्पियो मालिक की पहचान कर उससे घायलों के इलाज में सहयोग कराया जाएगा। आश्वासन के बाद परिजनों ने लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### पुण्यतिथि पर समाजसेवी कमल महतो को श्रद्धांजलि

**बाघमारा (धनबाद):** शहीद शक्तिनाथ महतो के भाई एवं समाजसेवी दिवंगत कमल महतो की 13वीं पुण्यतिथि गुरुवार को भेलाटांड़ फुटबॉल मैदान में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कमल महतो के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर जरूरतमंदों की सेवा और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि कमल महतो का जीवन समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# आस्था की डोर से भक्तों ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/झरिया :** कोयलांचल में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पूरे श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। धनबाद, झरिया और धनसर में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डोर से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। धनबाद में इस्कॉन द्वारा आयोजित रथ यात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। भव्य रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के दर्शन किए। यात्रा के दौरान विभिन्न पड़ावों पर भगवान को पारंपरिक छप्पन भोग अर्पित किए गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी भी शामिल हुईं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर बीसीसीएल की प्रगति, समृद्धि तथा कर्मचारियों के सुख, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की। उधर झरिया में लगभग नौ दशक पुरानी परंपरा के अनुसार मुख्य मार्ग स्थित पांच देव मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। रथ यात्रा से पूर्व पंडित विजय पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कराया। मुख्य यजमान अजय गुप्ता एवं उनके परिवार ने पूजा-अर्चना संपन्न की। अपराह्न तीन बजे रथ यात्रा प्रारंभ हुई।

### कतरास के मालकेरा देवग्राम से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, जयघोष से गूंजा क्षेत्र



**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास के मालकेरा देवग्राम में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के बीच भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद रथ यात्रा का शुभारंभ बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने भगवान की आरती उतारकर और नारियल फोड़कर किया। भव्य रथ यात्रा मालकेरा देवग्राम से शुरू होकर मालकेरा, पंचगढ़ी बाजार होते हुए सूर्य मंदिर तक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रस्सियों के सहारे करीब सात किलोमीटर तक भगवान जगन्नाथ के विशाल रथ को खींचा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। जय जगन्नाथ के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालु भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए रथ यात्रा में शामिल रहे।

### निरसा में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, उमड़े श्रद्धालु



**धनबाद/निरसा :** गोपालगंज स्थित भालजोड़िया में आयोजित श्री जगन्नाथ रथयात्रा एवं मासि बाड़ि महोत्सव के तहत गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के जयकारे लगाए और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भी शुभारंभ हुआ। रथयात्रा में युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी दिलीप सिंह तथा मोर्चा के प्रवक्ता पप्पू सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। आयोजन समिति ने दोनों अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। दिलीप सिंह ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का संदेश देती है। निरसा क्षेत्र के लोगों की आस्था और उत्साह प्रेरणादायक है। वहीं पप्पू सिंह ने कहा कि भागवत कथा और कीर्तन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा तथा सामाजिक संस्थाएं ऐसे आयोजनों में सहयोग देकर समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। आयोजन समिति के अनुसार 17 से 23 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक राधाकुंड, वृंदावन धाम के कथा वाचक श्री राधा कृष्ण बाबा द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। इस अवसर पर जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव मंजीत सिंह, सदस्य मनोज सिंह, कुंज बिहारी मिश्रा, विजय कुमार विशाल, अनीश बर्मन, ललिता चौहान, ब्रजेश सिंह, अजय शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रथ यात्रा में लायंस क्लब ऑफ धनबाद ने श्रद्धालुओं को कराया शरबत वितरण

**धनबाद :** श्री जगन्नाथ प्रभु की रथ यात्रा के अवसर पर गुरुवार को लायंस क्लब ऑफ धनबाद की ओर से सरायढेला में श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल एवं शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच रथ यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस सेवा का लाभ उठाया। श्रद्धालुओं ने लायंस क्लब के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ धनबाद प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में शहर के विभिन्न स्थानों पर राहगीरों और आम लोगों के लिए शीतल पेयजल एवं शरबत वितरण का सेवा अभियान चलाता है। सामाजिक सेवा के इसी क्रम में रथ यात्रा के दौरान भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह विशेष व्यवस्था की गई।

### बाबा प्रेमनाथ शिव मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**पाथरडीह/धनबाद :** चासनाला कामनि कल्याण स्थित शिव मंदिर परिसर से गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा गाजे-बाजे और श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच धूमधाम से निकाली गई। रथ यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं एवं बच्चों ने भाग लिया तथा भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। रथ यात्रा के दौरान अजमेरा स्थित हनुमान मंदिर के समीप बजरंग दल और स्थानीय लोगों ने भगवान जगन्नाथ के रथ का भव्य स्वागत किया। इसके बाद रथ यात्रा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए चासनाला के के-गेट स्थित बाबा प्रेमनाथ शिव मंदिर पहुंची, जहां मंदिर के पुजारी शंभूनाथ तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती एवं विशेष पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जय जगन्नाथ के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुंगेरिया खटाल में सीआईएसएफ की छापेमारी, सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सुदामडीह (धनबाद) :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के मुंगेरिया खटाल में गुरुवार को अवैध कोयला खनन एवं तस्करी के खिलाफ सीआईएसएफ, बीसीसीएल और प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई भौंरा एरिया के चंदन प्रोजेक्ट के समीप की गई, जहां अवैध खनन कर बड़ी मात्रा में कोयला जमा किए जाने की सूचना मिली थी। संयुक्त टीम ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान लगभग सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त कर उसे बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही अवैध खनन के लिए बनाये गये मुहानों को डोजर से ध्वस्त कर बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और कोयला तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। इस कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।



### सीआईएसएफ-बीसीसीएल की संयुक्त कार्रवाई में 11 टन अवैध कोयला जब्त

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ और बीसीसीएल की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बीसीसीएल एरिया के बीके-2 स्थित मां अम्बे काटा घर के समीप संयुक्त टीम ने छापेमारी कर करीब 11 टन अवैध कोयला जब्त किया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारियों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ और बीसीसीएल की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से एकत्र किया गया कोयला बरामद हुआ, जिसे नियमानुसार बीसीसीएल के सुपुर्द कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोयला चोरी और अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए इस तरह के संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही इस धंधे में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और कोयला तस्करी के खिलाफ किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, धनबाद के 20 बच्चों का होगा मुफ्त इलाज

**धनबाद :** जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान और निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड एवं अमृता हॉस्पिटल, के संयुक्त तत्वावधान में विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जाँच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी की व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि 17 जुलाई को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर, 18 जुलाई को न्यायिक भवन, बोकारो तथा 19 जुलाई को जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) भवन, पश्चिमी सिंहभूम में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। धनबाद जिले से जन्मजात हृदय रोग से चिन्हित 20 बच्चों को 18 जुलाई को बोकारो में आयोजित शिविर में भेजा जाएगा। जिला प्रशासन ने बच्चों और उनके परिजनों के आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

## सीआईएल के पर्यवेक्षक बी.के. सिंह ने किया लोदना क्षेत्र का निरीक्षण, उत्पादन, गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**अलकडीहा (धनबाद):** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता द्वारा नामित पर्यवेक्षक एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के मुख्य प्रबंधक (खनन) बी.के. सिंह ने गुरुवार को बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन, डिस्पैच, गुणवत्ता नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं लक्ष्य आधारित उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकीझपरियोजना एवं योजना) के तकनीकी सचिव संजय कुमार तथा लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम ने लोदना क्षेत्र के कूजामा एमडीओ पैच का दौरा कर खनन कार्यों, भारी मशीनों के संचालन, कोयला उत्पादन, डिस्पैच व्यवस्था और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उत्पादन क्षमता का आकलन, समयबद्ध डिस्पैच सुनिश्चित करना, कोयले की गुणवत्ता बनाए रखना तथा सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन की समीक्षा करना था। टीम ने खदान में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था, मशीनों के रखरखाव, कार्यस्थल पर अपनाए जा रहे सुरक्षा उपायों और परिचालन व्यवस्था का भी विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के बाद सीआईएल के पर्यवेक्षक बी.के. सिंह ने लोदना क्षेत्र में संचालित खनन गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है और उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, डिस्पैच व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रबंधन की पहल सराहनीय है। उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में भी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रखने का आह्वान किया।

## बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने तीन घंटे जाम रखा चेकपोस्ट, कोयला परिवहन ठप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** लगातार बिजली संकट से त्रस्त भटमुरना व आसपास के क्षेत्रों के लोगों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। रघुनाथ हजारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने न्यू आकाशकिनारी कोलियरी चेकपोस्ट के समीप सड़क जाम कर करीब तीन घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, जिससे कोयला ढुलाई पूरी तरह ठप हो गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि छाताबाद भू-धंसान से पहले भी बिजली आपूर्ति अनियमित थी, जबकि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में पूरी तरह बिजली गुल है। इसके कारण आकाशकिनारी, जरलाही बस्ती, तिलाटांड़ कॉलोनी, लाल धौड़ा और आकाशकिनारी चार नंबर क्षेत्र की करीब सात हजार आबादी भीषण उमस और गर्मी में परेशान है। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती की गई। सूचना मिलने पर गोविंदपुर क्षेत्र के एजीएम बी.के. सिंह और कोलियरी प्रबंधक अमित कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि छाताबाद में भराई कार्य दो दिनों में पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी तथा तीन दिनों के भीतर 750 केवी का ट्रांसफार्मर भी स्थापित कराया जाएगा। प्रबंधन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर सड़क जाम हटा लिया। प्रदर्शन में वार्ड-1 की पार्षद डॉ. मधुमाला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### तीन युवकों की बेल्ट-डंडे से बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल, हिरासत में लिये गये युवकों से पूछताछ जारी

**पाथरडीह (धनबाद) :** पाथरडीह थाना क्षेत्र में तीन युवकों की बेल्ट और डंडे से बेरहमी से पिटाई का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद से तीनों युवक लापता बताये जा रहे हैं। उनके परिजन पाथरडीह थाना पहुंच कर युवकों की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार लापता युवकों की पहचान मिहिर मल्लिक, जयदेव मल्लिक और विक्की मल्लिक के रूप में हुई है। तीनों रामकनाली ओपी क्षेत्र के खेपचाटांड़ बस्ती, कतरासगढ़ के निवासी हैं। बताया गया कि वे चासनाला बस्ती स्थित अपने रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर वायरल मारपीट का वीडियो देखने के बाद परिवार की चिंता और बढ़ गई। वायरल वीडियो सामने आने के बाद सिंदरी डीएसपी प्रकाश चंद्र महतो के नेतृत्व में पाथरडीह थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## स्वतंत्रता दिवस पर 41 उत्कृष्ट सरकारी विद्यालय होंगे सम्मानित, 05 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 41 सरकारी विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विभिन्न श्रेणियों के सरकारी विद्यालयों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया है। उपायुक्त ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण, छात्र-केंद्रित वातावरण, सामुदायिक सहभागिता तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रोत्साहित करना है। जिले के सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च, उच्च माध्यमिक एवं आवासीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। चयनित विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) को विद्यालय के समग्र विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार राशि के तहत उच्च विद्यालयों को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय 50 हजार रुपये और तृतीय 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय 25 हजार और तृतीय 10 हजार रुपये निर्धारित है। वहीं आवासीय विद्यालय को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रखंड के प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों को भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 50 हजार, 25 हजार और 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

### लकी सिंह बने सिन्दरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक, व्यापारियों ने किया सम्मानित



**सिन्दरी (धनबाद):** सिन्दरी चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से गौरव वक्ष उर्फ लकी सिंह को चैंबर का संरक्षक मनोनीत किया गया। संरक्षक बनाए जाने के बाद गुरुवार को चैंबर के निमंत्रण पर लकी सिंह शहरपुरा बाजार पहुंचे, जहां चैंबर के पदाधिकारियों एवं व्यवसायियों ने उन्हें बुके भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान लकी सिंह ने चैंबर का संरक्षक बनाए जाने पर सभी व्यापारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाजार के समग्र विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान, बाजार की आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा व्यवसायियों की जान-माल की सुरक्षा चैंबर की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए सभी व्यापारियों के सहयोग से ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिंदरी के व्यापारिक माहौल को और बेहतर बनाने तथा बाजार को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए चैंबर के साथ मिलकर हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर चैंबर के संजय प्रसाद, जे.पी. सिंह सहित दर्जनों व्यवसायी उपस्थित रहे। सभी ने लकी सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में बाजार के विकास और व्यापारियों के हितों की रक्षा की उम्मीद जताई।

## काला हीरा महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच, 13 राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** 10वां ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा, डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल 'काला हीरा' का आयोजन 18 से 21 जुलाई तक स्टील गेट स्थित सीसीडब्ल्यूओ कम्युनिटी हॉल में होगा। इसकी जानकारी काला हीरा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ 13 राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 18 जुलाई को पश्चिम बंगाल के कलाकार सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत करेंगे। शाम को नवल विहान साहित्य कला सांस्कृतिक मंच की ओर से कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें कई प्रतिष्ठित हिंदी कवि भाग लेंगे। कार्यक्रम में बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल, विधायक राज सिन्हा, मेयर संजीव सिंह, विधायक रागिनी सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। मुंबई से कास्टिंग डायरेक्टर तरण बजाज भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वे अभिनेता नाना पाटेकर अभिनीत सूर्यदेव सिंह की जीवनी पर आधारित निर्माणाधीन वेब सीरीज के लिए स्थानीय कलाकारों का चयन करेंगे। पहले दो दिनों में नृत्य, गीत-संगीत और ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि अंतिम दो दिनों में विभिन्न राज्यों की नाट्य मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। 21 जुलाई को समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने स्थानीय कलाकारों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए पंजीकरण के लिए सीसीडब्ल्यूओ कम्युनिटी हॉल स्थित कार्यालय से संपर्क करने का आग्रह किया।

### 1981 बैच के साथियों ने जन्मभूमि सिन्दरी में मनाया 61वां मिलन समारोह



**धनबाद/सिन्दरी :** राजेंद्र उच्च विद्यालय, सिंदरी के वर्ष 1981 बैच के पूर्व छात्रों ने अपनी जन्मभूमि सिंदरी में जीवन के 61 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक यादगार मिलन समारोह आयोजित किया। देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न पदों पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए साथियों ने सिया रेस्टोरेंट में एकत्र होकर पुराने दिनों की यादें ताजा कीं और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन पीडीआईएल के पूर्व महाप्रबंधक एवं वर्तमान सलाहकार मोहम्मद अबुल कलाम अनवर ने किया, जबकि संचालन पूर्व महाप्रबंधक (पावर प्लांट) संजय सिंह चंदन ने किया। समारोह में नंद कुमार विनायक, उमेश तिवारी, गणेश पांडेय, विद्यानंद दुबे, प्रियदीप घोष, आनंद मोहन प्रसाद, अजीत सिंह, रविंद्र उपाध्याय, शंकर लाल गुप्ता, सरदार प्रेम सिंह, हिरण्य प्रसाद, राम प्रकाश शर्मा, मुल्क राज दुबे, रवि कुमार, श्यामल अड्डो, रास बिहारी पाठक, चंद्रशेखर झा, अनुपम सुर और बैजनाथ प्रसाद सहित कई पूर्व छात्र उपस्थित रहे। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और संगीत की धुन पर खुशी का इजहार किया। अंत में संजय सिंह चंदन ने आयोजन की सफलता के लिए मोहम्मद अबुल कलाम अनवर सहित सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

### एटक छोड़ 58 सेलपीकर मजदूर जनता मजदूर संघ में शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा (धनबाद) :** बीसीसीएल ब्लॉक-टू क्षेत्र के चौदह नंबर हाजिरी के समीप गुरुवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में 58 सेलपीकर मजदूरों ने एटक छोड़ जनता मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जनता मजदूर संघ के नेता सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका बाघमारा से विशेष लगाव है, क्योंकि यहां के लोग उन्हें अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने कहा कि जनता मजदूर संघ हमेशा मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ता आया है और आगे भी पूरी मजबूती से लड़ता रहेगा। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि मजदूरों को किसी भी समस्या में संघ कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें केवल सूचना देनी होगी, वे स्वयं उनके बीच पहुंचकर हर सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बाघमारा की जनता जिस व्यक्ति को अपना हमदर्द समझ रही है, वही उनके साथ छल कर रहा है। सदस्यता ग्रहण करने वाले मजदूरों ने कहा कि पहले वे पहल सिंह मिशन के साथ रहते हुए समय पर उचित मजदूरी पाते थे, लेकिन बाद में कुछ नेताओं के बहकावे और प्रलोभन में आकर उन्होंने अपना नुकसान किया। उन्होंने संकल्प लिया कि अब किसी के बहकावे में नहीं आएंगे और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जनता मजदूर संघ के साथ मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम को गोपाल मिश्रा, मंगल हेंब्रम, इंद्रासन यादव समेत कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बड़ी संख्या में मजदूरों की उपस्थिति में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# पुलिस की तत्परता से पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संभावित आपराधिक वारदात को समय रहते विफल कर दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने 15 जुलाई की शाम हीरक रोड आठ लेन सड़क के समीप भुचुंगटांड़ स्थित एक सुनसान व बंद पड़े मकान के पास छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। हालांकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) प्रकाश सोय ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान मोनू कुमार यादव (21), पिता महेंद्र यादव, निवासी करकेन्द खटाल, थाना पुटकी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसकी कमर से छिपाकर रखा गया एक लोडेड अवैध पिस्टल बरामद किया गया। पिस्टल की मैगजीन से केएफ 7.65 अंकित तीन जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। बरामद हथियार लोहे एवं पीतल का बना है, जिस पर " मेड इन यूएसए ₹ अंकित है। आरोपी हथियार से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में मोनू यादव ने अपने फरार साथी की पहचान चिरकुट संजय, निवासी ईस्ट बसुरिया, के रूप में की है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जांच में यह भी सामने आया कि मोनू यादव वर्ष 2025 में पुटकी थाना क्षेत्र में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में बैंक मोड़ थाना (भूली ओपी) कांड संख्या 113/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए, 26 एवं 35 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि उसके अन्य साथियों, हथियारों के स्रोत तथा किसी संभावित आपराधिक साजिश का खुलासा किया जा सके। पुलिस का कहना है कि समय पर की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित गंभीर अपराध होने से रोकने में सफलता मिली।

### एसएसपी के निर्देश पर धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1341 वाहनों की हुई सघन जांच

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर बुधवार की देर शाम तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा शहर में प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। इसका उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 1341 वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया।

### बंद आवास का ताला तोड़ कर चोरी, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

**सिन्दरी (धनबाद):** सिन्दरी के शहरपुरा स्थित एल-110 आवास में अज्ञात चोरों ने बंद घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई, जब आसपास के लोगों ने घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा। इसके बाद तत्काल सिंदरी थाना पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, गृहस्वामी हरेराम साव बुधवार रात अपने पैतृक गांव सिवान जाने से पहले घर में ताला लगाकर गए थे। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने घर का दरवाजा टूटा और खुला देखा तो उन्हें चोरी की आशंका हुई। सूचना मिलने पर सिंदरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### डिगवाडीह गणेश मैदान विवाद सुलझा, पुलिस की मौजूदगी में हुआ भूमि पूजन




**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह स्थित गणेश मैदान में गुरुवार को गणेश महोत्सव के भूमि पूजन के दौरान दो गुटों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस के हस्तक्षेप और आपसी सहमति के बाद दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया और आगामी गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू करने की घोषणा की। डिगवाडीह की गणेश पूजा पिछले तीन दशकों से कोयलांचल की प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल रही है। हर वर्ष लगने वाले मेले से पूजा समिति को अच्छी आय होती है, जिसका उपयोग पूजा संचालन और मंदिर निर्माण के लिए किया जाता है। हालांकि, मंदिर निर्माण अब तक पूरा नहीं होने और मेले की आय के उपयोग को लेकर समय-समय पर विवाद उठते रहे हैं। वर्तमान समिति ने पिछले वर्ष से मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाई है। मंदिर का गुंबद बन चुका है और अब प्लास्टर व रंग-रोगन का कार्य शेष है। दूसरी ओर, विरोधी गुट ने 15 वर्षों का आय-व्यय सार्वजनिक करने, मंदिर निर्माण की समय-सीमा तय करने, पूजा के बाद लेखा-जोखा सार्वजनिक करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

## सम्पादकीय.....

# देश बदल गया, तो कानून भी बदलने होंगे

**सुप्रीम** कोर्ट की हालिया टिप्पणी केवल एक कानूनी बहस नहीं है, बल्कि केन्द्र और राज्य सरकारों की जनसंख्या नीति पर गम्भीर प्रश्नचिह्न भी है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश बदल चुका है और यह देखने का समय आ गया है कि क्या तीसरे बच्चे के आधार पर किसी नागरिक को पंचायत या स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराना आज भी उचित और संवैधानिक है। यह टिप्पणी उस समय आयी है, जब भारत की प्रजनन दर लगातार घट रही है और अनेक राज्य स्वयं इस चुनौती से जूझ रहे हैं। ऐसे में सरकारों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या दशकों पुराने कानूनों को केवल परम्परा के नाम पर लागू रखना उचित है या फिर बदलती परिस्थितियों के अनुरूप उन्हें संशोधित करना चाहिए। देश में जनसंख्या नियंत्रण की नीति उस समय बनायी गयी थी, जब तेजी से बढ़ती आबादी विकास की सबसे बड़ी बाधा मानी जाती थी। सरकारों का मानना था कि यदि जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव बढ़ जायेगा। इसी सोच के तहत कई राज्यों ने पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों में दो बच्चों की सीमा लागू कर दी। तीसरा बच्चा होने पर व्यक्ति को चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया गया। उस दौर में इसे कठोर, लेकिन आवश्यक कदम बताया गया था। परंतु नीति की सफलता का अर्थ यह नहीं होता कि उसे हमेशा के लिए अपरिवर्तित रखा जाये। आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुंकी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण सहित अनेक आंकड़े बताते हैं कि भारत की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे आ चुकी है। कई राज्यों में जन्मदर इतनी कम हो गयी है कि भविष्य में श्रमशक्ति घटने और बुजुर्ग आबादी बढ़ने की चिंता व्यक्त की जा रही है। दुनिया के कई विकसित देशों का अनुभव भी यही बताता है कि अत्यधिक कम प्रजनन दर भविष्य में आर्थिक और सामाजिक संकट पैदा कर सकती है। ऐसे समय में भारत को भी अपनी जनसंख्या नीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। यदि परिस्थितियां बदल गयी हैं, तो सरकारों का दायित्व है कि वे पुराने कानूनों की समीक्षा करें। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव इंगले के मामले की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की वह केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। न्यायालय ने संकेत दिया है कि सात राज्यों में लागू दो बच्चों की नीति की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता रुक्मिणी बोबडे को एमिकस क्यूरी नियुक्त कर अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह इस विषय को गम्भीरता से देख रही है। यह सरकारों के लिए भी अवसर है कि वे अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा करने के बजाय स्वयं आगे बढ़ कर अपनी नीतियों का परीक्षण करें। दुर्भाग्य यह है कि राजनीतिक दल इस विषय पर खुलकर चर्चा करने से बचते रहे हैं। जब जनसंख्या नियंत्रण राजनीतिक मुद्दा था तब कठोर कानून बनाने की होड़ लगी रही। लेकिन अब जब वास्तविक आंकड़े बदल चुके हैं तब वही दल चुप्पी साधे हुए हैं। कोई भी सरकार यह स्वीकार करने का साहस नहीं दिखा रही कि जिस नीति को कभी आवश्यक माना गया था वह आज अप्रासंगिक हो सकती है। राजनीतिक स्वार्थ और वोट बैंक की चिंता के कारण ऐसे कानून वर्षों तक बिना समीक्षा के लागू रहते हैं। यही नीतिगत जड़ता लोकतंत्र को कमजोर करती है। सरकारों को यह भी समझना होगा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ना केवल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा विषय है। यदि कोई व्यक्ति समाज की सेवा करना चाहता है और जनता उसे चुनना चाहती है, तो केवल तीसरे बच्चे के आधार पर उसे चुनाव लड़ने से रोक देना अनेक सवाल खड़े करता है। क्या परिवार का आकार किसी व्यक्ति की ईमानदारी योग्यता नेतृत्व क्षमता या जनसेवा की भावना तय करता है।

## ● किसने क्या कहा



जगन्नाथ रथयात्रा सनातन सांस्कृतिक परंपरा, सामाजिक समरसता का प्रतीक

**राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री



किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री

# रील्स नहीं, रियल स्किल्स बनाती हैं भविष्य

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ



> आज सोशल मीडिया पर हमें वही लोग दिखाई देते हैं जिन्होंने लाखों-करोड़ों रुपये कमाए, महंगी गाड़ियाँ खरीदीं, आलीशान घर बनाए और कुछ वर्षों में लोकप्रियता की ऊँचाइयाँ छू लीं। लेकिन कैमरे के पीछे एक विशाल दुनिया ऐसी भी है जहाँ लाखों लोग प्रतिदिन वीडियो बनाते हैं, घंटों संपादन करते हैं, नए विचार खोजते हैं और फिर भी उन्हें न तो पर्याप्त दर्शक मिलते हैं और न ही आर्थिक स्थिरता। सफलता की कहानियाँ वायरल होती हैं, संघर्ष की कहानियाँ आँकड़ों में दब जाती हैं। यही चयनात्मक दृश्य युवाओं में भ्रम पैदा करता है कि यदि कुछ लोगों ने सोशल मीडिया से जीवन बदल लिया है तो हर व्यक्ति ऐसा कर सकता है।

**डिजिटल** युग ने अवसरों की दुनिया को पहले से कहीं अधिक विस्तृत बना दिया है। आज एक साधारण स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा को लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। अनेक युवाओं ने अपनी मेहनत, रचनात्मकता और निरंतर प्रयास के बल पर इस माध्यम से पहचान, सम्मान और आर्थिक सफलता भी प्राप्त की है। यह परिवर्तन निश्चित रूप से तकनीकी क्रांति का सकारात्मक पक्ष है। किंतु इसी चमकदार दुनिया का एक दूसरा पक्ष भी है, जिसे अक्सर लाइक्स, व्यूज और वायरल वीडियो की चकाचौंध ढँक देती है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में युवा पारंपरिक शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और दीर्घकालिक करियर योजना की तुलना में सोशल मीडिया को ही सफलता का सबसे सरल और तेज रास्ता मानने लगे हैं। यह सोच जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उतनी ही जोखिमपूर्ण भी है। आज सोशल मीडिया पर हमें वही लोग दिखाई देते हैं जिन्होंने लाखों-करोड़ों रुपये कमाए, महंगी गाड़ियाँ खरीदीं, आलीशान घर बनाए और कुछ वर्षों में लोकप्रियता की ऊँचाइयाँ छू लीं। लेकिन कैमरे के पीछे एक विशाल दुनिया ऐसी भी है जहाँ लाखों लोग प्रतिदिन वीडियो बनाते हैं, घंटों संपादन करते हैं, नए विचार खोजते हैं और फिर भी उन्हें न तो पर्याप्त दर्शक मिलते हैं और न ही आर्थिक स्थिरता। सफलता की कहानियाँ वायरल होती हैं, संघर्ष की कहानियाँ आँकड़ों में दब जाती हैं। यही चयनात्मक दृश्य युवाओं में भ्रम पैदा करता है कि यदि कुछ लोगों ने सोशल मीडिया से जीवन बदल लिया है तो हर व्यक्ति ऐसा कर सकता है।

वास्तविकता यह है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सफलता अत्यंत असमान रूप से वितरित होती है। कुछ प्रतिशत शीर्ष क्रिएटर्स अधिकांश दर्शकों, विज्ञापनों और आय पर अधिकार कर लेते हैं, जबकि शेष लाखों लोग सीमित अवसरों के लिए प्रतिस्पर्धा करते रहते हैं। यह स्थिति केवल भारत में नहीं बल्कि विश्वभर में देखी जाती है। अधिकांश कंटेंट क्रिएटर्स अपनी सामग्री से स्थायी और सम्मानजनक आय अर्जित नहीं कर पाते। इसलिए सोशल मीडिया को निश्चित करियर मान लेना आर्थिक दृष्टि से एक जोखिमपूर्ण निर्णय हो सकता है।इसका अर्थ यह नहीं कि सोशल मीडिया बुरा है या उस पर करियर बनाना गलत है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब युवा बिना किसी वैकल्पिक कौशल, शिक्षा या पेशेवर योग्यता के केवल वायरल होने की उम्मीद पर अपना भविष्य दाँव पर लगा देते हैं। इंटरनेट पर प्रसिद्धि प्राप्त करना और लंबे समय तक आर्थिक रूप से सफल बने रहना दो अलग-अलग बातें हैं। आज जो वीडियो करोड़ों लोग देख रहे हैं, संभव है कुछ महीनों बाद वही दर्शक किसी नए चेहरे की ओर आकर्षित हो जाएँ। डिजिटल दुनिया में लोकप्रियता का चक्र अत्यंत तेज गति से बदलता है।

सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती इसकी अनिश्चितता है। यहाँ आपका भविष्य केवल आपकी प्रतिभा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम, विज्ञापन नीतियों, कॉपीराइट नियमों, तकनीकी बदलावों और दर्शकों की बदलती पसंद पर भी निर्भर करता है। एक छोटे से एल्गोरिदमिक परिवर्तन से लाखों फॉलोअर्स वाले अकाउंट की पहुँच अचानक घट सकती है। किसी नीति परिवर्तन से आय का प्रमुख स्रोत समाप्त हो सकता है। किसी तकनीकी त्रुटि या अकाउंट निलंबन से वर्षों की मेहनत प्रभावित हो सकती है। ऐसी अनिश्चितता किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा का आधार नहीं बन सकती। इसके विपरीत वास्तविक कौशल की दुनिया कहीं अधिक स्थिर है। एक चिकित्सक की चिकित्सा-योग्यता, एक शिक्षक का ज्ञान, एक इंजीनियर की तकनीकी क्षमता, एक वकील का विधिक अनुभव, एक किसान की कृषि विशेषज्ञता, एक प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन या मशीन ऑपरेटर का व्यावसायिक कौशल किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निर्भर नहीं होता। समय के साथ तकनीक बदल सकती है, लेकिन वास्तविक कौशल की आवश्यकता समाप्त नहीं होती। यही कारण है कि समाज की मूल संरचना शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, कृषि, उद्योग और तकनीकी दक्षता पर आधारित रहती है, न कि केवल डिजिटल लोकप्रियता पर। आज अनेक युवा पढ़ाई से अधिक समय रील बनाने, ट्रेंड खोजने और फॉलोअर्स बढ़ाने में लगाने लगे हैं। कई बार विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी यह देखा जाता है कि विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी से अधिक अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल की चिंता करते हैं। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, क्योंकि जीवन के प्रारंभिक वर्षों में अर्जित ज्ञान और कौशल ही भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। यदि यही समय केवल तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे व्यतीत हो जाए तो आगे चलकर प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो सकती हैं। इस विषय का एक मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। सोशल मीडिया लगातार तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है। युवा दूसरों की सफलता देखते हैं, लेकिन उनके संघर्ष, असफलता और वर्षों की मेहनत नहीं देख पाते। परिणामस्वरूप उन्हें लगता है कि सफलता बहुत आसान है और यदि वे कुछ महीनों में लोकप्रिय नहीं हुए तो वे असफल हैं।

## आज का इतिहास

- डोफिन की फ्रांस के राजा के रुप में 1429 को ताजपोशी की गयी।
- कैस्टिलियन के पहले युद्ध में फ्रांसीसी सेनाओं ने 17 जुलाई 1453 में इंग्लैंड को पराजित किया।
- निजाम खान को 17 जुलाई 1489 में सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया।
- यूरोपीय देश बेल्जियम के घेंट इलाके से यहूदियों को 17 जुलाई 1549 में बाहर निकाला गया।
- बेल्जियम के घेंट क्षेत्र से यहूदियों को 1549 में निष्कासित कर दिया गया।
- यूरोपीय देश इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने 1712 में संघर्ष विराम पर हस्ताक्षर किये।
- हार्वर्ड वेधशाला ने 1850 में तारे का पहला फोटोग्राफ लिया।
- इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1893 को 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- स्पेन, अमेरिका युद्ध, स्पेनी सेना ने 17 जुलाई 1898 में क्यूबा के सेंटियागो क्षेत्र में अमेरिका के समक्ष आत्मर्समपण किया।
- क्लेमेंट आर्मंड फैलिएरेस फ्रांस के राष्ट्रपति 1906 में चुने गये।
- अंतरराष्ट्रीय एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (आईएएफ) की स्वीडन में 1912 को स्थापना की गयी।
- जॉर्ज पंचम ने 1917 में परिवार को उपनाम बदल कर विंडसर कर दिया। इससे पहले यह शाही परिवर जर्मनी शाही घराने 'साक्से कोबुर्ग एंड गोथा' के नाम से जाना जाता था।
- फिनलैंड में संविधान को 1919 में अंगीकार किया गया।
- सोवियत संघ ने 1929 में चीन के साथ राजनयिक सम्बन्ध समाप्त किये।
- ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स आरएएफ ने १९४३ में जर्मनी के पीनमुंदे रॉकेट बेस पर हमला किया।
- अमेरिका में 1944 को कैलिफोर्निया के समीप में गोला बारूद से लदे दो जहाजों में विस्फोट होने से 322 लोगों की मौत हो गयी।

# भारत में धर्म और राजनीति को अलग क्यों नहीं देखा गया ?

गौरतलब — दीपक कुमार द्विवेदी



> भारत में जिस 'धर्म' की चर्चा होती है, वह पश्चिम के 'रिलीजन' का पर्याय नहीं है। इसी मूलभूत अंतर की अनदेखी ने लंबे समय से वैचारिक भ्रम उत्पन्न किया है। भारतीय दर्शन में धर्म का अर्थ किसी विशेष मत, संप्रदाय या पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है। महर्षि वेदव्यास ने कहा है, 'धारणाद् धर्ममित्याहु:', अर्थात जो समाज और सृष्टि को धारण करे, वही धर्म है।

**आज** के बौद्धिक विमर्शों में एक विचार बार-बार सुनाई देता है, वह है- 'राज्य का कोई धर्म नहीं होना चाहिए। धर्म व्यक्ति का निजी विषय है और राजनीति को उससे अलग रखा जाना चाहिए।' यह अवधारणा आधुनिक लोकतांत्रिक विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा है, किंतु क्या यह भारतीय सभ्यता की मूल चेतना से मेल खाती है? यही प्रश्न आज गंभीर चर्चा की मांग करता है। दरअसल, भारतीय और पश्चिमी राजनीतिक दर्शन की आधारभूमि अलग-अलग रही है। भारत में जिस 'धर्म' की चर्चा होती है, वह पश्चिम के 'रिलीजन' का पर्याय नहीं है। इसी मूलभूत अंतर की अनदेखी ने लंबे समय से वैचारिक भ्रम उत्पन्न किया है। भारतीय दर्शन में धर्म का अर्थ किसी विशेष मत, संप्रदाय या पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है। महर्षि वेदव्यास ने कहा है, 'धारणाद् धर्ममित्याहुः', अर्थात जो समाज और सृष्टि को धारण करे, वही धर्म है। सत्य, न्याय, कर्तव्य, मयार्दा, करुणा और लोककल्याण, ये सभी धर्म के अंग हैं। इसी कारण भारतीय परंपरा में 'स्वधर्म', 'राजधर्म', 'राष्ट्रधर्म' और 'सनातन धर्म' जैसी अवधारणाएँ विकसित हुईं। यहाँ धर्म व्यक्ति के निजी जीवन से आगे बढ़कर समाज और राज्य की नैतिक दिशा निर्धारित करता है। सेक्युलरिज्म की उत्पत्ति और भारतीय संदर्भः यूरोप में सेक्युलरिज्म का जन्म चर्च और राजसत्ता के बीच सदियों तक चले संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुआ। धार्मिक संस्थाओं के राजनीतिक हस्तक्षेप से उत्पन्न टकराव ने राज्य और चर्च को अलग करने की आवश्यकता पैदा की। भारत का अनुभव इससे बिल्कुल भिन्न रहा। यहाँ राजा स्वयं धर्म के अधीन माना गया। महाभारत से लेकर अर्थशास्त्र और रामायण तक भारतीय ग्रंथों में राजा की शक्ति का स्रोत धर्म और न्याय को माना गया है, न कि उसकी व्यक्तिगत इच्छा को, इसलिए भारतीय चिंतन में राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि धर्मसम्मत शासन और लोकमंगल रहा है। राजधर्म : भारतीय शासन-दर्शन की आत्माः भारतीय इतिहास में आदर्श शासक वही माना गया जिसने राजधर्म का पालन किया। भगवान श्रीराम को 'मयार्दा पुरुषोत्तम' इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने व्यक्तिगत सुख से ऊपर राजधर्म को रखा। महाभारत में भीष्म, विदुर और श्रीकृष्ण बार-बार शासक को धमार्धारित शासन का उपदेश देते हैं। कौटिल्य का अर्थशास्त्र भी स्पष्ट करता है कि राज्य का अस्तित्व केवल शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि प्रजा की सुरक्षा, न्याय और समृद्धि के लिए है। यही कारण है कि भारतीय राजनीति में धर्म का अर्थ किसी धार्मिक वर्चस्व से अधिक नैतिक उत्तरदायित्व रहा है।

## अंकजाल - 8331

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



**अंकजाल 8330 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रयत्न में ऊब नहीं

**संसार** में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता।

## सुविचार

हमें एक-दूसरे के साथ चेहरे पर मुस्कान के साथ मिलना चाहिए, क्योंकि यहीं से प्यार की शुरुआत होती है।

**मदर टेरेसा**

निषेध से आकर्षण बढ़ता है। जिस चीज का इंकार किया जाये, उसमें एक तरह का रस पैदा होना शुरू हो जाता है।

**ओशो**

# अब मध्य प्रदेश में यूसीसी : भाजपा शासित राज्यों की बदलती तस्वीर



**संजय सक्सेना**

**भारत** में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मुद्दा लंबे समय से संवैधानिक और राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को यह निर्देश दिया गया है कि वह भारत के समस्त नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करे। इसी क्रम में, मध्य प्रदेश सरकार अब अपने राज्य में इसे लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने की। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंप दी है। राज्य सरकार इस विधेयक को आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समिति ने अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को इस कानून के दायरे से बाहर रखने की सिफारिश की है, जो राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 21 फीसदी हैं। सरकार का तर्क है कि यह कानून विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे नागरिक मामलों में सभी के लिए एक समान नियम सुनिश्चित करेगा। गौरतलब हो, उत्तराखंड आधिकारिक रूप से देश का वह पहला राज्य है, जिसने स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता को विधायी प्रक्रिया के माध्यम से लागू किया है। उत्तराखंड में यह कानून 27 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ। इसके अलावा, गोवा में लंबे समय से पुर्तगाली नागरिक संहिता, 1867 लागू है, जिसे अक्सर यूसीसी के एक व्यावहारिक मॉडल के रूप में देखा जाता है। गुजरात भी उन राज्यों की सूची में शामिल है, जिसने यूसीसी विधेयक पारित किया है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में, राज्य सरकार ने कई बार यूसीसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, और राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि उत्तर प्रदेश भी उत्तराखंड की तर्ज पर इस दिशा में कदम उठा सकता है, हालांकि अभी वहां कोई अंतिम ड्राफ्ट कानून का रूप नहीं ले पाया है। सबसे पहले उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने के बाद, वहां नागरिक मामलों में एक नई कानूनी व्यवस्था बनी है। इसके प्रभाव को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हैं। समर्थकों का मानना है कि इससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा, विशेषकर विरासत और संपत्ति के अधिकारों में महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक मिलेगा। कानूनी प्रक्रियाओं का सरलीकरण और धर्म-आधारित पर्सनल लॉ की जगह एक साझा कानून की उपस्थिति को सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। दूसरी ओर, लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण और उससे जुड़े नियमों पर बहस भी जारी है। आलोचकों का तर्क है कि इससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता प्रभावित हो सकती है। जहां तक यूसीसी के उल्लंघन के लिए किसी कार्रवाई का प्रश्न है, चूंकि यह कानून अभी बहुत नया है और इसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए इसके तहत दंड या सख्त कानूनी कार्रवाई की व्यापक खबरें अभी शुरूआती दौर में ही हैं। अधिकांश ध्यान अभी कानूनों को समझने और उनके पंजीकरण पर केंद्रित है। भारतीय जनता पार्टी यूसीसी को अपने मुख्य एजेंडे में रखती आई है। पार्टी का मानना है कि यह देश में एकरूपता, लैंगिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के लिए आवश्यक है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। | **तुला** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। |
| **वृष** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। | **वृश्चिक** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। |
| **मिथुन** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। | **धनु** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। |
| **कर्क** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। | **मकर** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। |
| **सिंह** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। | **कुंभ** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। |
| **कन्या** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। | **मीन** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। |

# भूख और बर्बादी के बीच का भारत : थाली में सिमटा हमारा नैतिक पतन

गौरतलब — प्रो. आरके जैन



> संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की 'खाद्य अपव्यय सूचकांक रिपोर्ट' के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 68-78 मिलियन टन खाद्य पदार्थ घरेलू स्तर पर बर्बाद होते हैं, जबकि विवाह समारोहों में 10 से 20 प्रतिशत भोजन बिना स्वाद चखे ही फेंक दिया जाता है। यह केवल सामाजिक व्यवहार नहीं, आर्थिक, पर्यावरणीय और नैतिक संकट है। जिस देश में आज भी लाखों लोग भरपेट भोजन से वंचित हों, वहां अन्न का यह अपमान हमारी सामूहिक चेतना पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है।

**किसी** भी भारतीय विवाह, पारिवारिक उत्सव या सामाजिक समारोह की सफलता का पैमाना आज भी व्यंजनों की विविधता और मेजबान की उदारता है। जितनी लंबी व्यंजन सूची, उतनी बड़ी प्रतिष्ठा; जितनी भरी थालियां, उतना अधिक सम्मान। पर इस चमक के पीछे एक खामोश सच है—कूड़ेदान में समाता अन्न। यह केवल बचा भोजन नहीं, बल्कि किसान का पसीना, प्रकृति के संसाधन, श्रमिक का श्रम और राष्ट्र की पूंजी का अपव्यय है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की 'खाद्य अपव्यय सूचकांक रिपोर्ट' के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 68-78 मिलियन टन खाद्य पदार्थ घरेलू स्तर पर बर्बाद होते हैं, जबकि विवाह समारोहों में 10 से 20 प्रतिशत भोजन बिना स्वाद चखे ही फेंक दिया जाता है। यह केवल सामाजिक व्यवहार नहीं, आर्थिक, पर्यावरणीय और नैतिक संकट है। जिस देश में आज भी लाखों लोग भरपेट भोजन से वंचित हों, वहां अन्न का यह अपमान हमारी सामूहिक चेतना पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है।

इस समस्या की जड़ हमारी सामाजिक मानसिकता में है। विवाहों में आवश्यकता से अधिक भोजन बनाना और 'ज्यादा से ज्यादा परोसना' आज भी प्रतिष्ठा का प्रतीक है। मेजबान को भोजन कम पड़ने का भय रहता है, जबकि अतिथि संकोच या लालच में जरूरत से अधिक थाली भर लेते हैं। नतीजतन बड़ी मात्रा में भोजन कूड़ेदान में पहुंच जाता है। होटल और रेस्तरां का बुफे सिस्टम इस अपव्यय को और बढ़ाता है, जहां स्वाद की चाह भूख पर भारी पड़ती है। घरों में भी व्यस्त जीवनशैली, सही अनुमान की कमी और 'बचत' के बजाय 'नया खरीदो' की मानसिकता ने रसोई को अपव्यय का केंद्र बना दिया है। फल-सब्जियां सड़ जाती हैं, बचा भोजन फ्रिज में पड़ा रहकर अंततः कूड़े में चला जाता है। उपभोग की संस्कृति ने विवेक को पीछे धकेल दिया है; भोजन अब आवश्यकता नहीं, प्रदर्शन का माध्यम बन चुका है।

भोजन की बर्बादी केवल थाली तक सीमित नहीं, इसका सबसे गहरा प्रहार पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर होता है। अनुपयोगी भोजन कचरा भराव स्थलों में सड़कर मीथेन गैस छोड़ता है, जो भूमंडलीय तापवृद्धि की प्रमुख वजह है। वैश्विक स्तर पर खाद्य अपव्यय कुल हरितगृह गैस उत्सर्जन का 8 से 10 प्रतिशत हिस्सा है, जो विमानन उद्योग से भी अधिक है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह केवल अन्न नहीं, बल्कि पानी, बिजली, डीजल, उर्वरक, परिवहन, भंडारण और किसानों के श्रम का भी अपव्यय है। अनुमान है कि इससे भारत को हर वर्ष डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होता है। इतनी राशि से हजारों विद्यालय, अस्पताल, सिंचाई और पोषण योजनाएं साकार हो सकती हैं। सच यह है कि हम भोजन नहीं, अपने भविष्य की संभावनाएं कूड़ेदान में फेंक रहे हैं। विडंबना यह है कि यह संकट तकनीक का नहीं, मूल्यों के क्षरण का परिणाम है। जिस समाज ने अन्नपूर्णा को देवी माना, वहीं अन्न का अपमान सामान्य होता जा रहा है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भगवान श्रीजगन्नाथ की पावन रथयात्रा के अवसर पर गुरुवार को लातेहार शहर श्रद्धा, आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। ठाकुरबाड़ी स्थित महावीर मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पारंपरिक रीति-रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी थी। पूजा-अर्चना के बाद भगवान के रथ का विधिवत पूजन किया गया। रथयात्रा का शुभारम्भ राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजधानी प्रसाद यादव, अशोक महालका तथा मुख्य यजमान योगेश प्रसाद ने रथ की रस्सी खींचकर किया। इसके बाद रथ शहर के निर्धारित मार्गों से आगे बढ़ा। रथ पर सजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के विग्रह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। रास्ते भर श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयघोष लगाते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए। रथयात्रा के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूरे मार्ग में धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रथयात्रा में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बालूमाथ में श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



**लातेहार :** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के अवसर पर गुरुवार को बालूमाथ में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ यात्रा की शुरुआत महावीर मंदिर से गाजे-बाजे और जयघोष के बीच हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा। रथ यात्रा में जिला परिषद लातेहार की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने अपने पति प्रवीण कुमार सिंह के साथ भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा-अर्चना कर रथ खींचा तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अनीता देवी ने कहा कि रथ यात्रा का इतिहास सदियों पुराना है और यह सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देता है। रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के बीच भगवान का रथ निर्धारित मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. मौके पर अखिलेश भोक्ता, गंगेश्वर यादव, मंत्री, संजय कुशवाहा, सत्य प्रकाश पांडे, बिट्टू सिंह, प्रवीण सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, निरंजन बैठा, मनोहर साव, विजय साव, अजीत कुमार, शशि भूषण, आशीष ओझा तथा प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं स्कूल संचालक अजीत ओझा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कुंडहित में निकाली गयी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, मेला का हुआ आयोजन



**कुंडहित (जामताड़ा) :** गुरुवार की शाम भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर अपने मौसी घर जाने को निकले। भगवान जगन्नाथ देव की रथ यात्रा के साक्षी बनने के लिए हजारों की तादाद में लोग रथ मार्ग पर एकत्रित हुए। परम्परा के अनुसार गाजे बाजे और हरिनाम संकिर्तन के बीच कुंडहित मुख्यालय के माझपाड़ा तथा लोहारपाड़ा के दो-दो रथ एकसाथ दुर्गामंदिर से निकालकर बरमशिया मोड़ से घुमा कर हटिया मैदान तक परिभ्रमण किया। रथयात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंडहित मुख्यालय की ओर उमड़ पड़े। रथ की रस्सी खींच कर श्रद्धालुओं में पुण्य बटोरने की होड़ सी लग गयी। रथयात्रा के साथ ही मेला भी शुरू हो गया। मेले में लोगो की बड़ी भीड़ उमड़ पडी है। जानकारी के अनुसार कुंडहित में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का उत्सव धुमधाम से मनाया जाता है। मुख्यालय स्थित लोहारपाड़ा और माझपाड़ा दुर्गा मंदिर से प्रतिवर्ष दो-दो रथ निकाल कर पुरे मुख्यालय का परिभ्रमण कराया जाता है। मुख्यालय के अलावे बनकाठी में लकड़ी का रथ निकालकर पुरे कुंडहित मे घुमाया जाता है। साथ ही नगरी एवं तुलसीचक गांव में भी लकड़ी का भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। रथयात्रा के मद्देनजर कुंडहित मुख्यालय में मेले का आयोजन हुआ। मेले में मिठाई, खिलौने मिनी मेला के साथ झुला सहित तमाम प्रकार के दुकानों से पुरा मुख्यालय अट सा गया है।

## एक झलक

### अपहरण के बाद हत्या मामले में चार दोषियों को उम्रकैद

**लातेहार :** जिले में अपहरण के बाद हत्या और साक्ष्य मिटाने के मामले में अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) की अदालत ने सुनाया। अदालत ने छिपादोहर थाना कांड संख्या 37/2023 में दर्ज मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद नितेश खालको, मतीयश उरांव, विनेश्वर सिंह और शिवराज सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 364, 302, 201 और 34 के तहत दोषी पाया। इसके बाद सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। अभियोजन के अनुसार, छिपादोहर थाना क्षेत्र के छितियाटांड़ गांव निवासी बबलू सिंह की लिखित शिकायत पर यह मामला 2 नवंबर 2023 को दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी और बाद में अपराध के साक्ष्य छिपाने की कोशिश की। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिद्ध माना और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### प्रेमचंद पांडेय बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के लातेहार जिला अध्यक्ष

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बिशुनपुर गांव निवासी और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद पांडेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का लातेहार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा ने उनकी नियुक्ति का पत्र जारी करते हुए बताया कि समाज, संगठन और राष्ट्रहित में उनकी सक्रिय भूमिका, समर्पण और लंबे समय से किए जा रहे कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नियुक्ति के बाद प्रेमचंद पांडेय ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करने और महासभा की गतिविधियों को जिले में मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को साथ लेकर काम करेंगे।उनकी नियुक्ति पर पंकज तिवारी, पुरुषोत्तम पांडेय, आशीष पांडेय, आनंद पांडेय, संजय पांडेय, नीरज पांडेय, मिथिलेश पांडेय, पारस तिवारी, गुड्डू दुबे, रामप्रवेश पांडेय समेत कई लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### दो युवकों पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के नवोदय रोड स्थित कस्तूरबा विद्यालय के पास गुरुवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मृतकों की पहचान धर्मपुर निवासी पीयूष कुमार (पिता- दीपक प्रसाद) और रामगढ़ निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। पवन कुमार शहर के चंदनडीह इलाके में किराये के मकान में रहकर काम करता था। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल से नवोदय रोड होकर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों सड़क किनारे एक महुआ के पेड़ के नीचे रुक गए। तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी, जिसकी चपेट में आने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# ट्रक पलटने से जीजा-साले की मौत, चालक फरार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में जीजा-साले की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रांची-मेदिनीनगर एनएच-39 पर शिव टोली के समीप हुआ। जहां बेकाबू ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक बाइक सवार दोनों के ऊपर पलट गया, जिससे वे ट्रक के नीचे दब गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। बाइक से लातेहार जा रहे थे दोनोंमृतकों की पहचान टिंकू भुइयां (34) और उनके साले मिथुन भुइयां (14) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही मोटरसाइकिल से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डालटनगंज से रांची की ओर जा रहे 407 ट्रक (संख्या जेएच 13ई -0394) ने चंदवा की ओर से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टिंकू भुइयां रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र स्थित महावीर नगर, बुकबुका के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम नरेश भुइयां है। वहीं, मिथुन भुइयां कुडू थाना क्षेत्र के सलगी, चापी गांव के रहने वाले थे। दोनों के बीच जीजा-साले का रिश्ता था।

## अवैध बालू उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

# सिसई में बालू लदा हाईवा जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त गुमला के निर्देश पर जिले में अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 15 जुलाई 2026 की शाम अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स द्वारा सिसई थाना क्षेत्र में औचक जांच एवं छापेमारी अभियान संचालित किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में अंचल अधिकारी, सिसई, थाना प्रभारी सिसई, खान निरीक्षक, गुमला तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। छापेमारी के दौरान मौजा-रेड़वा में ओलमुण्डा से एनएच-43 की ओर जा रहे बालू लदे हाईवा संख्या जेएच-01एफके-1260 को रोका गया। जांच के क्रम में



चालक द्वारा बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। ऑनलाइन जेआईएमएमएस पोर्टल पर जांच के दौरान भी उक्त वाहन के नाम से कोई चालान निर्गत नहीं पाया गया।जांच में हाईवा पर लगभग 800 घनफीट बालू लदा पाया गया। वाहन के चालक को पूछताछ के बाद वाहन सहित हिरासत में लिया गया। इस दौरान वाहन चालक द्वारा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से महूदा गांव के समीप सड़क किनारे हाईवा में लदा बालू गिराकर भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस दल द्वारा खदेड़कर पुनः पकड़ लिया गया। बरामद बालू को सुरक्षार्थ जिम्मेनामा पर स्थानीय चौकीदार की निगरानी में रखा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि बिना वैध पट्टा अथवा अनुज्ञप्ति के खनिज का उत्खनन एवं परिवहन करना खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 तथा झारखंड मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) नियमावली, 2017 के तहत दंडनीय अपराध है। उपायुक्त द्वारा कड़े निर्देश दिए गयें है कि जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

# डंडई में बीडीओ सम्भालेंगे अंचल अधिकारी की जिम्मेदारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के निर्णय के बाद डंडई प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अब अंचल अधिकारी (सीओ) का भी दायित्व संभालेंगे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अंचल कार्यालय का संचालन भी बीडीओ के अधीन होगा और दोनों विभागों के कर्मी उनके नेतृत्व में कार्य करेंगे। नई व्यवस्था के तहत अब तक बीडीओ के अधीन कार्यरत लगभग दो दर्जन कर्मियों के साथ अंचल कार्यालय के कर्मी भी जुड़ जाएंगे। इसके बाद करीब 50 कर्मी बीडीओ की देखरेख में कार्य करेंगे। इससे प्रखंडवासियों को बीडीओ और सीओ के अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा दोनों विभागों से जुड़े कार्य एक ही अधिकारी के माध्यम से संपादित किए जा सकेंगे। इस संबंध में झारखंड कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी पत्र के कॉलम-12 की क्रम संख्या 46 में डंडई प्रखंड का उल्लेख किया गया है। इसी व्यवस्था के तहत जिले के अन्य नौ प्रखंडों में भी बीडीओ को अंचल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सरकार के इस फैसले को लेकर ग्रामीणों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि आर्थिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और प्रशासनिक खर्च में कमी लाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। वहीं कई ग्रामीणों का कहना है कि छोटे प्रखंडों में अलग-अलग बीडीओ और सीओ होने के कारण लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। ग्रामीणों का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने से विकास एवं राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश कार्य एक ही कार्यालय से संपन्न हो सकेंगे। इससे लोगों का समय बचेगा, अनावश्यक भागदौड़ कम होगी और सरकारी सेवाओं का लाभ अधिक सरलता से मिल सकेगा।

**एक ही कार्यालय से होंगे दोनों विभागों के कार्य**

# स्वास्थ्य मंत्री से मिल कर कौशल किशोर बचन ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर जतायी चिन्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर/रांची :** पांकी विधानसभा क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बचन ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। कौशल किशोर बचन ने मंत्री को बताया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही लंबे समय से बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र आसेहार (पांकी) को शीघ्र चालू कराने की भी मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की लापरवाही और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे कई गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, आवश्यक चिकित्सकीय संसाधन उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने कौशल किशोर बचन द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि पांकी विधानसभा की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सीजेपी 20 जुलाई को संसद मार्च के समर्थन में रांची में करेगी एकजुटता सभा

**गुमला :** कॉकरोच जनता पार्टी तथा प्रख्यात पर्यावरण विद् सोनम वांगचुक के द्वारा नीट पेपर लीक और ओएसएम परीक्षा धांधली की जबावदेही को तय करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की न्यायोचित मांग को लेकर पिछले 19 दिनों से अनशनरत तथा धरने पर बैठे छात्रों की हो रही उपेक्षापूर्ण नीति के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा नयी दिल्ली में आगामी 20 जुलाई को आयोजित संसद मार्च के समर्थन में रांची में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल रांची द्वारा एकजुटता सभा आयोजित की जायेगी। पिछले 19 दिनों से जंतर-मंतर पर जारी शांतिपूर्ण अनशन में पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित आइसा व अन्य छात्रों की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल की झारखंड राज्य इकाई ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन की मोदी सरकार द्वारा उपेक्षा करना लोकतंत्र के लिए अशुभ है। सरकार को आंदोलन की आवाज को सुनना चाहिए और जबावदेही तय करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को उनके पद से हटाना चाहिए।

# यूनेस्को रिपोर्ट 2026 के आंकड़े शिक्षा व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़े करते हैं : अमित पांडे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** जिला कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग के अध्यक्ष अमित पांडे ने यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2026 में भारत से जुड़े शिक्षा संबंधी आंकड़ों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में सामने आए तथ्य केंद्र सरकार की शिक्षा के प्रति उदासीनता को दर्शाते हैं। अमित पांडे ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिक शिक्षा के बाद लगभग 6 प्रतिशत, लोअर सेकेंडरी स्तर के बाद 12 प्रतिशत तथा अपर सेकेंडरी स्तर (दसवीं के बाद) 42 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पढ़ाई छोड़ देते हैं। उनके अनुसार यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और यह दर्शाती है कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़े रखने में सरकार अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि यदि देश का युवा वर्ग आर्थिक, सामाजिक या संस्थागत कारणों से अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने को विवश हो रहा है, तो यह केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए भी गंभीर चुनौती है। सरकार को विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। अमित पांडे ने कहा कि यूनेस्को की रिपोर्ट में शिक्षा के क्षेत्र में जेंडर गैप कम करने में भारत की प्रगति का उल्लेख सकारात्मक है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि केवल इस उपलब्धि के आधार पर शिक्षा व्यवस्था की कमियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सरकार को विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों (ड्रॉपआउट) की संख्या कम करने के लिए ठोस और प्रभावी नीति लागू करनी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की आधारशिला होती है। इसलिए सरकार की प्राथमिकता ऐसी होनी चाहिए कि देश का कोई भी बच्चा आर्थिक या सामाजिक कारणों से अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने के लिए मजबूर न हो।

# पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा कर युवती के घर चिपकाया धमकी भरा पोस्टर, जांच में जुटी पुलिस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका (लातेहार) :** जिले में प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन ने एक बार फिर अपनी मौजूदगी का संदेश देने की कोशिश की है। मनिका थाना क्षेत्र के माइल गांव में एक युवती और उसके परिवार को निशाना बनाते हुए उनके घर पर धमकी भरा पोस्टर चिपकाया गया। पोस्टर मिलने के बाद गांव में भय का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, सेमरहट टोला निवासी कमलेश प्रसाद के घर पर लगाये गये पोस्टर में उनकी बेटी सीमा कुमारी पर पुलिस को संगठन से जुड़ी सूचनाएं देने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर में युवती और उसके परिवार को गम्भीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। साथ ही परिवार से कहा गया है कि सीमा कुमारी को घर से अलग कर दिया जाये, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। मामले की जानकारी मिलते ही मनिका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पोस्टर लगाने वालों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है और पारिवारिक विवाद सहित अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखा गया है।

## सरकारी बस स्टैंड के सामने अतिक्रमण पर ट्रैफिक पुलिस सख्त

# सड़क पर सामान रखनेवालों को दी अंतिम चेतावनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र स्थित सरकारी बस स्टैंड के सामने ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक प्रभारी रूद्रानंद सरस ने किया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे टेला (ठेला) लगाने वाले विक्रेताओं तथा बीज भंडार संचालकों द्वारा सड़क पर सामान रखकर किए जा रहे अतिक्रमण को हटवाया गया। ट्रैफिक प्रभारी ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे सड़क पर किसी भी प्रकार का सामान रखकर



यातायात में बाधा उत्पन्न न करें। उन्होंने कहा कि सड़क सार्वजनिक उपयोग के लिए है और उस पर अतिक्रमण करने से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इससे आम लोगों के साथ-साथ एंबुलेंस, स्कूल बस और अन्य आवश्यक वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। इसलिए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सड़क पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ट्रैफिक प्रभारी रूद्रानंद सरस ने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी दुकानदार स्वेच्छा से सड़क को अतिक्रमणमुक्त रखें। यदि बुधवार के बाद भी किसी दुकानदार या ठेला संचालक द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शिव दर्शन भवन, घाटो बगीचा, गुमला द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जोन, कोलकाता की जोन इंचार्ज राजयोगिनी मुन्नी दीदी, राजयोगिनी चंद्रा बहन एवं बीके अंजना बहन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर परिषद गुमला की अध्यक्षा आदरणीया शकुंतला उरांव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इसके पश्चात शहर के प्रमुख मार्गों से नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश जन-



जन तक पहुंचाया गया। अपने आशीर्वचनों में राजयोगिनी मुन्नी दीदी ने कहा कि नशा मनुष्य की चेतना, स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख-शांति को नष्ट कर देता है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से व्यक्ति आत्मिक शक्तियों को जागृत कर किसी भी प्रकार की नशे की प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त कर सकता है। राजयोगिनी चंद्रा बहन ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिकता से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

## एसआईआर-2026 की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

# 19 जुलाई तक प्रपत्र जमा करने की अपील


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी बीएलओ, बीएलए-2, वॉलेंटियर्स तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदाता सूची से संबंधित मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की।



उन्होंने मैपिंग और डिजिटाइजेशन का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश देते हुए सभी बीएलओ से कहा कि वे घर-घर जाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर मैपिंग का कार्य पूरा करें तथा डिजिटाइजेशन प्रक्रिया भी समय पर पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि बूथों पर वॉलेंटियर्स को टैग किया गया है, ताकि मतदाताओं को आवश्यक आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराये जा सकें और प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। बैठक में बीएलओ ने मैपिंग के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं से अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराया। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 700 से अधिक है, वहां अतिरिक्त वॉलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि बीएलओ को डोर-टू-डोर सत्यापन कार्य में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर मैपिंग करा रहे हैं, जिससे अनावश्यक दोहराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे एक से अधिक स्थानों पर मैपिंग कराने से बचें। उन्होंने आम नागरिकों से यह भी आग्रह किया कि जो लोग आवेदन प्रपत्र लेकर गए हैं, वे 19 जुलाई से पूर्व उसे भरकर संबंधित बीएलओ को जमा कर दें, ताकि निर्धारित समय के भीतर मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को आगामी 22 जुलाई को आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर-2026 की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच समन्वय और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

## आदर्शनगर में सड़क निर्माण का इंतजार खत्म, पीसीसी सड़क का हुआ शिलान्यास



**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्शनगर के लोगों को जल्द ही जर्जर सड़क से छुटकारा मिलेगा। वर्षों से लंबित सड़क निर्माण योजना पर काम शुरू करने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 15वें वित्त आयोग की राशि से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा-अर्चना के साथ किया गया। यह सड़क रामप्रसाद के घर से नंदलाल गुरुजी के घर तक बनाई जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उपप्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। इस सड़क के बनने से लोगों की आवाजाही आसान होगी और बरसात के दौरान कीचड़ व जलजमाव से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।ग्रामीणों के अनुसार, बरसात में सड़क की स्थिति बेहद खराब हो जाती थी। कीचड़ के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता था। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ती थी। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब मंजूरी मिलने से लोगों में खुशी है।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य तय समय में और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा होगा, जिससे आदर्शनगर के लोगों को लंबे समय के लिए बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

## एक झलक

### गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले की जादूगोड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 452 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्वांसपुर गांव के पास पुराना राखा माइंस जाने वाले मार्ग पर एक युवक मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर अवैध रूप से गांजे की बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जादूगोड़ा थाना में सनहा दर्ज किया गया और वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद डीएसपी मुसाबनी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

### नदी किनारे से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**जामताड़ा :** जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नदी किनारे एक युवक का शव मिलने बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव को नदी किनारे फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पाबिया से कार्माटांड जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित पुल के समीप नदी किनारे गुरुवार सुबह करीब छह बजे स्थानीय ग्रामीणों की नजर एक युवक के शव पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल नारायणपुर थाना पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अशोक रवानी (35) के रूप में की। इसके बाद घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर दी गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को नदी किनारे लाकर फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ-साथ अन्य सभी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। नारायणपुर थाना पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस मृतक के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है तथा आसपास के लोगों से जानकारी जुटाकर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा क्षेत्र, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा :** भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच निकाली गई। पथलदास मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ,भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के सुसज्जित रथ को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। यात्रा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में रजय जगन्नाथर के उद्घोष,भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण ने नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ रथ की रस्सी खींचकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की तथा परिवार, समाज और देश की खुशहाली की प्रार्थना की।यात्रा के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। जगह-जगह पूजा-अर्चना और आरती के साथ भगवान का स्वागत किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ को भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि रथ यात्रा के दौरान भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आकर उन्हें दर्शन देते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। चतरा की यह रथ यात्रा केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक आस्था का भी सशक्त उदाहरण बनी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ से जिले, राज्य और देश में सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना की।

### हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा प्रभु का रथ



**गुमला :** गुमला में आज गुरुवार को अहले सुबह से ही करौंदी स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर में रथयात्रा के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें भगवान प्रभु जगन्नाथ जी महाराज भाई बलभद्र एवं सुभद्रा के दर्शन करने पहुंचे और कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना करते हुए अपनी-अपनी मनोकामनाएं पूर्ण हो प्रभु से प्रार्थना की। इस मौके पर गुमला के जमींदार परिवार के सदस्यों ने भी विशेष पूजा अर्चना करते हुए प्रभु जगन्नाथ जी महाराज को भोग लगाएं और उन्नति हो सभी का प्रभु जगन्नाथ जी महाराज की कृपा बनी रहे विनती की इस मौके पर बड़ाइक केडीएन सिंह सहित पुरोहित अनुज कुमार मिश्रा एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। यहां बताते चलें कि पारंपरिक तरीके से आज रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी से मौसीबाड़ी पहुंचेंगे प्रभु जगन्नाथ जी महाराज भाई बलभद्र एवं सुभद्रा बहन इस मौके पर रथ को मौसी बाड़ी तक रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज कराई जाती है और रथ का पहिए को आगे बढ़ाने में हर श्रद्धालु यहां गांव गांव से पहुंचते हैं रथयात्रा मेला में मनोरंजन का भी आयोजन किया जाता है बच्चों के झूले सहित नागपुरी गीत संगीत एवं मिठाइयां की दूकानों सहित अन्य छोटे-छोटे खेल खिलौने आदि प्रतिष्ठान लगते हैं।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देश पर दलसा सचिव राकेश रंजन के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच प्रोग्राम के तहत चैनपुर प्रखंड के अंदर राजगढ़ मंदिर प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में नालसा आशा स्कीम 2025 वह बाल विवाह प्रसिद्ध प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर राज परिवार की ओर से से किया गया इस मौके पर सहायक बचाव अधिवक्ता उत्तम कुमार एवं पीएलवी मोहम्मद न्याय शरीफ ज्ञान प्रकाश शुक्ला एवं वीरेंद्र कुमार एवं अंजू चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से सभी ग्रामीण जनता को मोटर व्हीकल एक्सीडेंट से संबंधित बाल विवाह से संबंधित डायन विषय से संबंधित एवं घरेलू महिला हिंसक से संबंधित कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई हर बच्चे को इसके माता या पिता नहीं हो या विकलांग हो या किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो नहीं कर पा रहा है पढ़ाई लिखाई नहीं कर पा रहा है पैसा बच्चों को वार्षिक 50000 जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में देने दिया जाता है जिसके बारे में लोगों को जानकारी दी गई एवं लोगों को लोक अदालत में मध्यस्थता के माध्यम से अगर न्यायालय में किसी भी मुकदमा कोई लंबित है जो सुलहनीय दफा में दर्ज हो जैसे रुपया लेनदेन का मामला हो विवाह विच्छेद का मामला हो जमीनी संबंधित विवाद हो वैसे मामलों का भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निस्तारण किया जाता है जिससे सम्बन्धित लोगों को विस्तार रूप से जानकारी दी गयी है।

### दो वाहनों से 247 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**कोडरमा :** जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सतगावां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहनों से 247 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 15 जुलाई को सतगावां थाना प्रभारी के नेतृत्व में घोड़सीमर चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिहार की ओर जा रहे एक स्कॉर्पियो (बीआर 01पीबी 9361) और एक सिल्वर रंग की सफारी (बीआर 01पीजी 2122) को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख दोनों वाहनों के चालक भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को पकड़ लिया।

# डॉ. अंकित कश्यप को एमडी में रजत पदक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरी तिलैया :** कुछ उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं होतीं, बल्कि वे संघर्ष, संस्कार और विरासत की नई पहचान बन जाती हैं। झुमरी तिलैया के डॉ. अंकित कश्यप ने भी ऐसा ही मुकाम हासिल किया है। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के द्वितीय दीक्षांत समारोह में एमडी (पीडियाट्रिक्स) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें रजत पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के करकमलों से मिला।डॉ. अंकित कश्यप स्वर्गीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार झा एवं ज्योति झा के पुत्र तथा स्वर्गीय डॉ. राशेश्वर झा के पौत्र हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए डॉ. संजीव कुमार झा का निधन हो गया था। उनका सपना था कि उनका बेटा एक कुशल ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और मानवीय चिकित्सक बने। अंकित की यह उपलब्धि उसी सपने को साकार करने वाली मानी जा रही है।डॉ. अंकित ने प्रारंभिक शिक्षा पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, श्यामली (रांची) से प्राप्त की। इसके बाद आईएमएस एंड सम हॉस्पिटल, भुवनेश्वर से एमबीबीएस तथा मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, उत्तर प्रदेश से एमडी (पीडियाट्रिक्स) की उपाधि हासिल की, जहां उन्होंने रजत पदक अर्जित किया।उन्होंने अपने चिकित्सकीय जीवन की शुरूआत हिंदू राव अस्पताल, नई दिल्ली से की। इसके बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली और मेदांता-द मेडिसिटी, गुरुग्राम में सेवाएं दीं। वर्तमान में वे क्लाउडनाइन हॉस्पिटल एवं मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम में एसोसिएट कंसल्टेंट (पीडियाट्रिक्स) के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. अंकित कश्यप की यह उपलब्धि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों पर आधारित उस चिकित्सा परंपरा का गौरवपूर्ण विस्तार है, जिसने तीन पीढ़ियों से समाज की सेवा को अपना धर्म बनाया है।

# कैच द रेन अभियान में क्लोरोफिल स्कूल बना मिसाल, नगर परिषद ने की सराहना




वर्षा जल संचयन, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण में विद्यालय की पहल को बताया प्रेरणादायी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया :** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के कैच द रेन-2026 अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने विभिन्न संस्थानों में वर्षा जल संचयन व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लोरोफिल स्कूल में वाटर हार्वेस्टिंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनाई गयी पहल की टीम ने विशेष सराहना की। नगर परिषद के सिटी मैनेजर रणधीर कुमार वर्मा ने कहा कि क्लोरोफिल स्कूल ने वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित कर अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विद्यालय के निदेशक अजय अग्रवाल से प्रणाली के निर्माण और संचालन की जानकारी भी प्राप्त की। क्लोरोफिल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी अपनी अलग पहचान रखता है। छोटे बच्चों के लिए यह विद्यालय बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराता है और यहां से शिक्षा प्राप्त कर कई विद्यार्थी विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों एवं क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। नगर परिषद ने सभी नागरिकों और संस्थानों से वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाकर कैच द रेनझ्रजहां गिरे, जब गिरे, तब संजोएं अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### मारवाड़ी युवा मंच ने जीवन ज्योति मेंटल हॉस्पिटल और जीवोदया में बांटी आवश्यक सामग्री

# मरीजों और अनाथ बच्चियों के चेहरे पर खिली मुस्कान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया :** सृजन से सम्मान तक के संकल्प के साथ झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच अपनी स्थापना का 25वां साल (रजत जयंती वर्ष) मना रहा है। इस ऐतिहासिक उपलक्ष्य को सेवा कार्यों से यादगार बनाते हुए मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा ने एक अनूठी पहल की है। मंच द्वारा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा के सम्मान में जीवन ज्योति मेंटल हॉस्पिटल और जीवोदया अनाथ आश्रम में भव्य जन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों को दीं दैनिक उपयोग की वस्तुएं**

**कार्यक्रम** के दौरान जीवन ज्योति मेंटल हॉस्पिटल में भर्ती मानसिक रूप से अस्वस्थ भाई-बहनों की छोटी-बड़ी जरूरतों का ख्याल रखा गया। मंच के सदस्यों ने सभी मरीजों के बीच दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री का वितरण किया। इसमें नारियल तेल, नहाने का साबुन, सर्फ एक्सेल डिटर्जेंट, शैंपू, टूथपेस्ट और पौष्टिक फूड पैकेट शामिल थे। अपनों से दूर अस्पताल में रह रहे इन मरीजों के बीच जब यह सामग्री पहुंची, तो उनके चेहरों पर एक अनमोल मुस्कान बिखर गई।

**अनाथ बच्चियों को मिले नये वस्त्र और सेनेटरी पैड**

**इसके** साथ ही जीवोदया अनाथ आश्रम की बच्चियों के बीच भी खुशियां बांटी गईं। मंच की ओर से अनाथ बच्चियों को नए वस्त्र, सेनेटरी पैड, कॉपी-किताबें और स्वादिष्ट नाश्ता उपलब्ध कराया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले इस प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य : मोहित संघई**

**मंच** के अध्यक्ष मोहित संघई ने इस अवसर पर कहा, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाना ही मारवाड़ी युवा मंच का मूल उद्देश्य है। ऐसे लोगों को सम्मान और संबल देकर हम उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। वहीं, सचिव अतुल खेतान ने जानकारी देते हुए बताया कि रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत जन सेवा कार्यक्रम की कड़ी में यह चौथा बड़ा सेवा कार्य था।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नामांकन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नामांकन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नामांकन प्रकोष्ठ के प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बीएड. शैक्षणिक सत्र 2026-28 पाठयक्रम में नामांकन के लिए प्रथम चक्र ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु रजिस्ट्रेशन 14 से 20 जुलाई , द्वितीय चक्र 6 अगस्त से 11 अगस्त, तृतीय चक्र - 24 अगस्त से 28 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी। अभ्यर्थी प्रथम चक्र ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु 21 और 22 जुलाई, द्वितीय चक्र हेतु 12 एवं 13 अगस्त तथा तृतीय चक्र हेतु 29 एवं 30 अगस्त को भरे गए फॉर्म में अभ्यर्थी संशोधन कर सकेगें साथ ही प्रथम चक्र हेतु 27 जुलाई, द्वितीय चक्र हेतु 17 अगस्त एवं तृतीय चरण हेतु 2 सितंबर को नामांकन के लिए सीट आवंटित किया जाएगा. इसके बाद अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालयों में प्रथम चक्र हेतु 28 जुलाई से 3 अगस्त, द्वितीय चक्र हेतु 17 से 21 अगस्त एवं तृतीय चक्र हेतु 3 से 9 सितंबर 2026 तक नामांकन ले सकते हैं उक्त पाठ्यक्रम में सामान्य वर्ग, ईडब्ल्यूएस, पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु 400 रुपये एवं सभी कोटि की महिला अभ्यर्थियों एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी के लिए 250 रुपए की ऑनलाइन राशि देय होगी।

# कुन्दा के 79 युवाओं को मिला होमगार्ड में चयन का सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा :** उग्रवाद प्रभावित माने जाने वाले कुन्दा प्रखंड के युवाओं ने मेहनत और लगन से नई मिसाल पेश की है। प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता हाई स्कूल परिसर में नवनियुक्त 79 होमगार्ड जवानों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन कुन्दा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने किया। कार्यक्रम में महिला और पुरुष नवनियुक्त होमगार्ड जवानों को अंगवस्त्र और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जवानों के साथ उनके परिजनों के चेहरे पर भी गर्व और खुशी देखने को मिली। मुख्य अतिथियों ने सभी चयनित जवानों को बधाई देते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की सीख दी। जयराम भारती ने कहा कि कुन्दा जैसे क्षेत्र से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का होमगार्ड में चयन होना पूरे प्रखंड के लिए गौरव की बात है। यह यहां के युवाओं के देश सेवा के जज्बे को दशार्ता है।एक साथ इतने युवाओं को रोजगार मिलने से पूरे प्रखंड में उत्साह का माहौल है। सम्मान समारोह ने नवनियुक्त जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा दी। मौके पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी प्रिंस सिंह, मुखिया मनोज साहू, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और नवनियुक्त होमगार्ड जवान मौजूद थे।

# सुदेश महतो के दौरे से चतरा में सियासी हलचल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा :** विधानसभा चुनाव से पहले आजसू सुप्रीमो और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो का 20 जुलाई को प्रस्तावित चतरा दौरा राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र बन गया है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में इस दौरे को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, सुदेश महतो के दौरे के दौरान सत्ताधारी गठबंधन के कुछ असंतुष्ट नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और कोयलांचल क्षेत्र के प्रभावशाली चेहरों के आजसू में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आजसू चतरा विधानसभा क्षेत्र में नए और युवा चेहरे को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी सम्मेलन के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को जोड़ने की तैयारी में है। आजसू की बढ़ती सक्रियता से जिले की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और आगामी चुनाव को लेकर नए समीकरण बनने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# जीएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीपीएस ओलंपियाड में लहराया परचम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**डोमचांच :** जी.एस. पब्लिक स्कूल, डोमचांच के विद्यार्थियों ने सी.पी.एस. ओलंपियाड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय में कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों ने गणित, विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों में भाग लिया। सी.पी.एस. द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय के अनेक छात्र द्वितीय चरण के लिए चयनित हुए हैं। इस प्रतियोगिता में मानवी राज एवं चांदनी कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय चरण के लिए चयनित होकर अपनी जगह पक्की की है। अब इन दोनों छात्राओं की लाइव परीक्षा दिल्ली स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होगी।

**विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन**

**सफल** छात्रों के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र, हाथ की घड़ी, पेन एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सी.पी.एस. के अध्यक्ष संजय सिंह, निदेशक कुलदीप मौर्य एवं जिला समन्वयक डी.पी. यादव को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और शैक्षणिक रुचि बढ़ती है।

# चंदवारा में सीओ पर ट्रैक्टर चालक से मारपीट और अवैध वसूली मांगने का आरोप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चंदवारा (कोडरमा) :** चंदवारा प्रखंड में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला चंदवारा के अंचलाधिकारी (सीओ) अशोक भारती और उनके सुरक्षाकर्मियों से जुड़ा है, जिन पर एक ट्रैक्टर चालक के साथ कथित मारपीट करने और 20 हजार रुपये की अवैध मांग करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि अधिकारी ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

**खाली ट्रैक्टर रोक कर कार्रवाई का आरोप**

**घायल** ट्रैक्टर चालक के अनुसार, वह खाली ट्रैक्टर लेकर लौट रहा था। इसी दौरान सीओ अशोक भारती अपने निजी वाहन (क्रेटा, संख्या JH02BJ-1395) से वहां पहुंचे। चालक का आरोप है कि सीओ ने ट्रैक्टर रुकवाकर उस पर बालू अनलोड कर लौटने का आरोप लगाया।

**20 हजार रुपये मांगने और मारपीट का आरोप**

**पीड़ित** चालक का आरोप है कि सीओ ने ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपये की मांग की। चालक के विरोध करने और खुद को निर्दोष बताने पर कथित तौर पर सीओ ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भी चालक की पिटाई की। चालक का यह भी आरोप है कि एक सुरक्षाकर्मी ने उसके सिर के पीछे पत्थर से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**घायल चालक का अस्पताल में इलाज जारी**

**सीओ ने आरोपों को बताया मनगढ़ंत**

**दूसरी** ओर, अंचलाधिकारी अशोक भारती ने ट्रैक्टर चालक के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि बालू के अवैध कारोबार से जुड़े लोग कार्रवाई से बचने के लिए इस तरह की मनगढ़ंत कहानियां गढ़ रहे हैं।

**आरोप** के अनुसार, सिर पर गंभीर चोट लगने से चालक लहूलुहान होकर घटनास्थल पर बेहोश हो गया। इसके बाद अधिकारी और सुरक्षाकर्मी वहां से चले गए। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को संभाला और उसके परिजनों को सूचना दी। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल, कोडरमा में चल रहा है।

**ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की**

**घटना** की जानकारी फैलने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह सत्ता के दुरुपयोग का गंभीर मामला होगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**निजी वाहन से छापेमारी पर भी उठे सवाल**

**अंचलाधिकारी** से निजी वाहन से छापेमारी करने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उनका सरकारी वाहन कई दिनों से खराब है, जिसके कारण उन्हें अपने निजी वाहन से क्षेत्र में जाना पड़ रहा है। हालांकि, क्षेत्र के कुछ लोगों का दावा है कि अंचलाधिकारी अक्सर निजी वाहन से ही भ्रमण करते हैं, ताकि उनकी गतिविधियों पर किसी को संदेह न हो। वहीं, लगातार निजी वाहन से सरकारी कार्रवाई किए जाने को लेकर भी स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासनिक जांच और आधिकारिक कार्रवाई का इंतजार है।

# एनआइए की टीम ने की छापेमारी डिजिटल सामग्री को लिया कब्जे में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लोहरदगा :** रांची स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच में जुटी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तड़के लोहरदगा में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। सुबह करीब चार बजे शुरू हुई कार्रवाई कई घंटे तक चली, जिसमें एनआईए ने संदिग्धों के ठिकानों की गहन तलाशी ली। एनआईए की टीम ने मामले में पहले से न्यायिक हिरासत में बंद सैफ अंसारी और अमन अंसारी के आवास सहित कुछ अन्य स्थानों पर भी तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान एक स्थान पर घर का मुख्य दरवाजा नहीं खुलने पर एनआईए की टीम ने क्रेन की मदद से भवन के ऊपरी हिस्से तक पहुंचकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद तलाशी की पूरी प्रक्रिया पूरी की। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और पूरे अभियान को गोपनीय तरीके से संचालित किया गया। सुबह-सुबह भारी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों और जांच अधिकारियों की मौजूदगी से इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के बीच छापेमारी को लेकर दिनभर चर्चा होती रही। लोग तरह तरह की चर्चा करते रहे।

# चार घंटे में लूटकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

## ▪ लूटी गयी बाइक, मोबाइल, पिस्तौल समेत कई सामान बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बुंडू :** दशमफॉल थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर अपाची मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटकांड का पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त पिस्तौल, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ?500 का नोट तथा अपराध में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 15 जुलाई को दशमफॉल थाना क्षेत्र के अराडीह पंचायत के चुरगी गांव के पास चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक व्यक्ति से उसकी अपाची मोटरसाइकिल, नोकिया कीपैड मोबाइल, आधार कार्ड और नकदी लूट ली थी। मामले में दशमफॉल थाना कांड संख्या 47/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, गुप्त सूचना और मानवीय स्त्रोतों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार घंटे के भीतर पूरे कांड का सफल उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अडकी थाना क्षेत्र के हुड़वा गांव निवासी अंकित मुंडा (18), गोपाल मुंडा (18), अजीत मुंडा (19) तथा तमाड़ थाना क्षेत्र के एदेलबेडा निवासी गुरचन मुंडा (18) के रूप में की है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना से एक दिन पूर्व 14 जुलाई को भी उन्होंने तमाड़ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को पिस्तौल दिखाकर ?150 और एक सैमसंग मोबाइल लूटा था। इसके बाद बुंडू थाना क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति से ?20 हजार नगद एवं एक सैमसंग स्मार्टफोन भी लूटने की बात स्वीकार की। पुलिस इन मामलों में भी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच और विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है। बरामद सामान में लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल, नोकिया कीपैड मोबाइल, 500 का नोट, आधार कार्ड, अपराध में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल तथा एक आरोपी का मोबाइल फोन शामिल है। डीएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में दशमफॉल थाना प्रभारी कुंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल महली, सशस्त्र बल तथा मरांगहादा थाना पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने इसे टीमवर्क, तकनीकी अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई का सफल उदाहरण बताया।

## रामगढ़ के कैथा रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुईं विधायक ममता देवी, श्रद्धालुओं का लिया आशीर्वाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रामगढ़ प्रखंड के कैथा में आयोजित भव्य रथ यात्रा महोत्सव में स्थानीय विधायक ममता देवी शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ममता देवी ने रथ यात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आस्था, श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंध की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राज किला की ऐतिहासिक रथयात्रा सम्पन्न

# मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रातू :** रातू राज किला परिसर स्थित मेला टांड़ में भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई। रथयात्रा एवं मेले में हजारों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह चार बजे से ही भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शाम चार बजे मुख्य पुरोहित भोला नाथ मिश्रा एवं करुणा मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान के विग्रहों को रथ पर विराजमान कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने रथ को खींचते हुए राजातालाब स्थित मौसीबाड़ी तक पहुंचाया। परिक्रमा के उपरांत रथ पुनः मुख्य मंदिर लौट आया। नौ दिनों बाद 25 जुलाई को घूरती रथ (बहुड़ा यात्रा) का आयोजन होगा। मेले में मिठाई, खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की, जबकि बच्चों और युवाओं ने झूलों का भरपूर आनंद लिया। रथयात्रा में राजपुत्री माधुरी मंजरी, कल्पना कुमारी सिंह, कौशलेंद्र शाहदेव, जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, प्रो. आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव, पृथ्वी नाथ शाहदेव, पैलेस प्रबंधक दामोदर मिश्रा एवं ओमप्रकाश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सहायता केंद्र संचालित किया गया। श्री साईं स्वयंसेवी संस्था के स्वयंसेवक पूरे दिन सुरक्षा एवं सेवा कार्य में जुटे रहे। प्रशासन की ओर से डीएसपी मुख्यालय-2 अजय आर्यन एवं थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। रथयात्रा के सफल संचालन में हजारी प्रसाद, बैजू सोनी, संतोष यादव, बैजनाथ साहू, जयंत पांडेय, अतुल ठाकुर, मिथलेश साहू, अभिनाश सोनी, नलिन सिंह, राजभूषण झा एवं शिवम बड़ाईक सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# आकांक्षी जिला रैंकिंग : कटिहार को देश में 40वां स्थान, मनिहारी ब्लॉक पूर्वी भारत में अव्वल

**एजेंसी**

**कटिहार :** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की डेल्टा रैंकिंग में कटिहार ने शानदार छलांग लगाते हुए देशभर में 40वां स्थान (61.2 समग्र स्कोर) हासिल किया है। वहीं, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में जिले के मनिहारी ब्लॉक ने पूरे पूर्वी भारत में प्रथम और कुरसेला ब्लॉक ने 'सम्पूर्णता अभियान' के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर पूरे बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया है। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्रीय प्रभारी अधिकारी राहुल सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुहर लगी। बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और नीति आयोग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान सीपीओ राहुल सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे विभिन्न विकास संकेतकों में हुए अभूतपूर्व सुधार की सराहना की। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है; पहली तिमाही में गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण 2018 के 66.92 प्रतिशत से बढ़कर 99.18 प्रतिशत हो गया है। अति कुपोषित बच्चों की दर घटकर मात्र 0.80 प्रतिशत रह गई है। बाढ़ और दियारा क्षेत्रों में नावों के जरिए टीकाकरण व स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना एक सफल और अभिनव मॉडल साबित हुआ है। शिक्षा के मोर्चे पर प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की ट्रांजिशन रेट (संक्रमण दर) 79.48 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जिले के 259 सरकारी स्कूलों में 'स्मार्ट क्लास' का सफल संचालन हो रहा है और ई-शिक्षकोश पोर्टल व बाला पेंटिंग के जरिए बच्चों की ट्रैकिंग और जुड़ाव बढ़ाया जा रहा है। वहीं, कृषि विविधीकरण के तहत ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बुनियादी ढांचे में भी बड़ी सफलता मिली है, जहाँ जिले की 100 प्रतिशत पंचायतें इंटरनेट से जुड़ चुकी हैं और शुद्ध पेयजल के लिए 3,891 आयरन रिमूवल प्लांट स्थापित किए गए हैं। नीति आयोग द्वारा जिले के लिए कई नए महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत मनिहारी ब्लॉक में 77.94 लाख रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अनुमंडल अस्पताल में 72.03 लाख से अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी तथा जिले में 'रोबोशाला' और डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।

## सुपौल की एमवीआई सीता कुमारी के निलंबन की अनुशंसा, पति की हत्या मामले में विभागीय कार्रवाई तेज

**एजेंसी**

**सुपौल :** सुपौल में पदस्थापित मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) सीता कुमारी के खिलाफ पति की हत्या की साजिश रचने के आरोप में प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजकर सीता कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा सेवा नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई शुरू करने की अनुशंसा की है। डीएम ने बताया कि मामले की जानकारी मीडिया रिपोर्ट और पुलिस कार्रवाई से मिलने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी के माध्यम से पूरी रिपोर्ट परिवहन विभाग को भेजी गई। उन्होंने कहा कि गंभीर आपराधिक मामले में गिरफ्तार किसी भी सरकारी अधिकारी के खिलाफ सेवा नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई होना जरूरी है। गौरतलब है कि 11 जून को जनसाधारण एक्सप्रेस में सफर के दौरान जमुई में कार्यरत विद्युतकर्मी देव कुमार गुंजन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। करीब 34 दिन बाद कटिहार रेल पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दावा किया कि हत्या की साजिश मृतक की पत्नी और सुपौल में तैनात टश्क सीता कुमारी ने अपने कथित प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। पुलिस के अनुसार हत्या के लिए शूटरों को सुपारी दी गई थी। इस मामले में सीता कुमारी, उसके कथित प्रेमी, शूटर समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## पीएम सूर्य घर योजना से घटेगा बिजली खर्च : जिलाधिकारी सारण




**एजेंसी**

**सारण :** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम नागरिकों के बिजली बिल के खर्च को शून्य करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। योजना की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी 2025 से शुरू हुई यह समयबद्ध योजना 31 मार्च 2027 तक प्रभावी है। यह पूरी तरह उपभोक्ता हितैषी है, जिसके तहत बिना किसी कॉलेटरल या सिबिल स्कोर के अत्यंत किफायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण की मासिक ईएमआई सामान्य बिजली बिल की तरह ही जाएगी और 4-5 वर्षों में ऋण चुकता होने पर यह भी शून्य हो जाएगी। इसके अलावा सरकार 1 किलोवाट पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट के संयंत्र पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दे रही है। इन सोलर पैनलों का जीवनकाल 25 वर्ष है और इनका पर्यावरणीय लाभ प्रति सोलर पैनल 100 पेड़ लगाने के बराबर है। इस अवसर पर योजना को गति देने वाले सहयोगियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लाभार्थियों में चंद्रमणि प्रसाद ब्यावहुत, अशोक कुमार चौबे, मनोज कुमार सिन्हा, जय लोक प्रकाश सिंह, विपिन कुमार शर्मा और मनोज कुमार ठाकुर शामिल रहे। बेहतर वित्तीय सहयोग के लिए एसबीआई परसा, सोनपुर, छपरा तथा पीएनबी मौना छपरा, बनियापुर के शाखा प्रबंधकों को पुरस्कृत किया गया।

## भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने खेल मैदान में किया पौधरोपण, प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को समर्पित रहा कार्यक्रम

**एजेंसी**

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) क्रीड़ा प्रकोष्ठ की ओर से गुरुवार को पटना के खिमनीचक स्थित श्री कृष्णा खेल मैदान (बेईमान टोला) में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश श्रीवास्तव 'राजू' ने की। कार्यक्रम के दौरान खेल मैदान को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से फलदार, छायादार तथा फूलों के पौधे लगाए गए। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें संरक्षित एवं जीवित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और हरित वातावरण के निर्माण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश संयोजक सतीश श्रीवास्तव 'राजू' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और सतत विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि देशभर में वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे जन अभियानों को व्यापक जनभागीदारी से सफल बनाया गया है। इन्हीं प्रयासों से प्रेरणा लेकर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने खेल मैदान को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया है।

## भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले में चार पुलिस अधिकारियों ने न्यायिक जांच आयोग के समक्ष दर्ज कराया बयान




**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौंटी गांव में 17 जून को हुए भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ प्रकरण की न्यायिक जांच गुरुवार को आगे बढ़ी। जगदीशपुर के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेश कुमार शर्मा, शाहपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दारोगा विकास कुमार तथा इंस्पेक्टर सह अनुसंधान पदाधिकारी (आईओ) संजीव कुमार न्यायिक जांच आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और अपने-अपने बयान दर्ज कराए। चारों अधिकारियों ने आयोग के समक्ष घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपना पक्ष रखा तथा आयोग की ओर से पूछे गए सवालों के जवाब दिए। न्यायिक जांच आयोग मामले की परिस्थितियों, घटनाक्रम और उपलब्ध साक्ष्यों की विस्तार से पड़ताल कर रहा है। हालांकि शाहपुर थाना के दारोगा हरिचन्द्र कुमार किसी कारणवश आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। आयोग के सचिव सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गवाही की प्रक्रिया शुक्रवार को भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को लगभग दस गवाहों के बयान दर्ज किए जाने की संभावना है। आयोग ने इस प्रकरण में एसडीओ, डीएसपी समेत कुल 15 पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों को समन जारी किया है। आयोग क्रमवार सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से पूछताछ कर रहा है ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके।

## बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित है : अशोक चौधरी

**एजेंसी**



**पटना :** जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में राजग की प्रचंड जीत सुनिश्चित है। बंटी यादव हत्याकांड पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लॉ एंड ऑडरको लेकर पूरी तरह सख्त है। अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है तथा किसी भी दोषी को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को राशन कार्ड का लाभ उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस दिशा में आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। डॉ चौधरी ने 'एक देश-एक चुनाव' की व्यवस्था को देशहित में बताते हुए कहा कि इसके लागू होने से बार-बार होने वाले चुनावों पर होने वाले अनावश्यक खर्च में कमी आएगी, प्रशासनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा तथा विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी। मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि सभी लाभार्थियों के खातों में भेज दी गई है। जिन चुनिंदा लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण में समस्या आने के कारण राशि हस्तांतरण में बाधा आई है, उनके मामलों का विभाग गंभीरता से निराकरण कर रहा है। प्रत्येक मामले का व्यक्ति-स्तर पर सत्यापन कर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में शीघ्र राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 प्रति माह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया जाना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इससे समाज के वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं सहित सभी लाभार्थियों को आर्थिक संबल मिला है। जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्रियों ने अपने अपने विभाग के विभिन्न जिलों से आए आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। फरियादियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए दोनों मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों को विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी भी उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा में श्रद्धापूर्वक शामिल हुए बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, इस्कॉन मंदिर में लिया आशीर्वाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पटना :** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार आज बोधगया स्थित भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम इस्कॉन मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीजगन्नाथ का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा बिहार सहित समस्त देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना की। इसके उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया जगन्नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता सेवा में सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्ची भक्ति है और स्वच्छता भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मंदिर परिसर की स्वच्छता प्रत्येक श्रद्धालु का नैतिक दायित्व है। रथयात्रा के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ के रथ की पवित्र रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा वातावरण 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा, त्याग और मानव कल्याण का महान संदेश देने वाला महापर्व है। भगवान जगन्नाथ सभी के हैं और उनका रथ समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रतीक है। यह पर्व हमें एकता, सद्भाव, प्रेम और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति विश्व को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देती है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्रीजगन्नाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी कृपा से बिहार निरंतर विकास, समृद्धि और सामाजिक सद्भाव के पथ पर अग्रसर रहे तथा प्रत्येक नागरिक का जीवन सुख,शांति और खुशहाली से परिपूर्ण हो।

## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा पूर्णिया, श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भव्य रथयात्रा

**एजेंसी**

**पूर्णिया :** भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी की पावन परंपरा की तर्ज पर पूर्णिया में भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। पूर्णिया सिटी स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकली इस रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। बताया गया कि पूर्णिया में करीब 400 वर्षों से यह धार्मिक परंपरा अनवरत चली आ रही है। रथयात्रा के दौरान पूरा वातावरण 'जय जगन्नाथ', 'जय बलभद्र' और 'जय सुभद्रा' के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। फूलों और आकर्षक वस्त्रों से सुसज्जित विशाल रथ पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मनमोहक प्रतिमाएं विराजमान थीं। मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती के बाद रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया तथा भक्तों के बीच प्रसाद और शीतल पेयजल का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर बिहार सरकार की भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, कसबा विधायक नितेश कुमार सिंह, विधान पार्षद अनिल ठाकुर, महापौर विभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए।

### एक झलक

## पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने श्राद्ध के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा :** भाजपा गेतलसूद मंडल के नवागढ़ निवासी सोमरा (लंगड़ू) रजवार की धर्मपत्नी मालती देवी का पिछले दिनों गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया था,मंडल महामंत्री दिलीप मिर्धा द्वारा भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार से संपर्क करने पर जैलेंद्र कुमार ने श्राद्ध में खाद्य सामग्री एवं नगद राशि दे कर सहयोग किया। इस दुख की घड़ी में एसटी मोर्चा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया,मंडल अध्यक्ष सोहराइ बेदिया,महामंत्री दिलीप मिर्धा,राजू रजवार आदि उपस्थित रहे।

## सारण के गंडामन घटना की 13वीं बरसी पर नम आंखों से 23 मासूमों को दी गयी श्रद्धांजलि

**सारण :** मशरक प्रखंड के गंडामन गांव में 16 जुलाई 2013 को हुए दर्दनाक मिड-डे मील हादसे की 13वीं बरसी पर मृत 23 बच्चों को भावभीनी श्रद्धांजलि गुरुवार को दी गई। इस भावुक क्षण पर मृत बच्चों के माता-पिता, ग्रामीणों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आफताब आलम की आंखें नम रहीं। इस दौरान पूजा समिति के माध्यम से आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मृत आत्माओं की शांति के लिए हवन और विशेष पूजा-अर्चना की। बीईओ आफताब आलम, प्रखंड प्रमुख, स्थानीय विद्यालयों की प्रधानाध्यापिका कुमारी लीलावती और प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह सहित शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। परिजनों ने भगवान से प्रार्थना की कि ऐसा भयानक मंजर दोबारा कभी किसी को न देखना पड़े। भविष्य में ऐसी किसी भी अनहोनी को टालने के लिए विद्यालय के रसोइयों के अतिरिक्त किसी भी बाहरी व्यक्ति के रसोईघर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात भी दोहराई गई।

## सांसद के फर्जी लेटर पैड का खेल! लिपिक पर एफआईआर

**सीवान :** सांसद के नाम और हस्ताक्षर का कथित दुरुपयोग कर फर्जी लेटर पैड तैयार करने के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के निम्न वर्गीय लिपिक रंजय कुमार के खिलाफ महादेवा ओपी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला उस समय सामने आया जब जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण), सीवान ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर महादेवा ओपी में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने का अनुरोध किया। आवेदन में कहा गया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र के आलोक में लिपिक रंजय कुमार के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश प्राप्त हुआ था। आवेदन के अनुसार, सीवान की सांसद विजयलक्ष्मी देवी ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि रंजय कुमार ने उनका लेटर पैड किसी तरह प्राप्त कर उसकी स्कैन कॉपी तैयार की तथा उनके हस्ताक्षर की नकल कर शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों के समक्ष उसका उपयोग किया।

## बक्सर के इटाढ़ी में जमीन विवाद में सरपंच की पीट-पीट कर हत्या

**बक्सर :** जिले में इटाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकुढ़ा पंचायत के चिलबिला गांव में गुरुवार को डेढ़ बीघा जमीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। धान की रोपनी के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुए विवाद में कुकुढ़ा पंचायत के सरपंच सुभाष सिंह (55 वर्ष) की कथित रूप से लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उनके दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार चिलबिला गांव स्थित डेढ़ बीघा जमीन को लेकर सरपंच सुभाष सिंह और उनके पट्टीदारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

# इंग्लैंड पर जीत हमारे प्रशंसकों के लिए सबसे खास थी : लियोनेल मेसी

एजेंसी

**अटलांटा** : अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर मिली 2-1 की जीत उनकी टीम और प्रशंसकों के लिए बेहद खास थी। मेसी ने अंतिम मिनटों में दो शानदार असिस्ट देकर अर्जेंटीना को रोमांचक जीत दिलाई और लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद मेसी ने कहा, हालांकि यह सिर्फ एक मैच था, लेकिन हमने कुछ बेहद खास पल जीए। हमारे प्रशंसक इस जीत को किसी भी अन्य जीत से ज्यादा चाहते थे, क्योंकि सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करने और एक बार फिर विश्व कप फाइनल में पहुंचने का अपना अलग ही महत्व है। इंग्लैंड ने दूसरे हाफ की शुरूआत में एंथनी गॉर्डन के गोल से बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद मेसी ने पहले एंजो फर्नांडेज को बराबरी का गोल कराने वाला पास दिया और फिर इंजुरी टाइम में लाउटारो मार्टिनेज को विजयी गोल के लिए शानदार क्रॉस दिया। मेसी ने अपनी टीम की जुझारू मानसिकता की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, यह टीम कभी



कोशिश करना नहीं छोड़ती। हम मैदान पर फुटबॉल खेलने और पूरे जज्बे के साथ उतरे थे। हमने इंग्लैंड को उनके ही हिस्से में दबाकर रखा और यह दिखाया कि हम अतिरिक्त समय में गए बिना भी मैच जीत सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, कोई भी अर्जेंटीनी यह मैच हारना नहीं चाहता था। इस पूरे विश्व कप का सफर अविश्वसनीय रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ इस सेमीफाइनल का अपना अलग महत्व था। बाकी किसी भी संदर्भ से अलग, आज कोई भी हारना नहीं चाहता था, लेकिन आखिरकार हमने जीत हासिल की।

### अब स्पेन से होगी खिताबी भिड़ंत

**अर्जेंटीना** अब 19 जुलाई को होने वाले विश्व कप फाइनल में स्पेन से भिड़ेगा। मार्टिनेज ने कहा कि अब पूरी टीम का ध्यान खिताबी मुकाबले पर है। उन्होंने कहा, स्पेन के पास शानदार खिलाड़ी हैं। अब हमें आराम करना होगा, अपनी ऊर्जा वापस हासिल करनी होगी और फाइनल की तैयारी पूरी ताकत के साथ करनी होगी। लेकिन साथ ही हमें इस उपलब्धि का आनंद भी लेना चाहिए, क्योंकि साढ़े तीन साल तक मौजूदा विश्व चैंपियन रहते हुए लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचना कोई छोटी बात नहीं है। इसलिए हम इस पल का पूरा आनंद लेंगे। मैच के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने लास माल्विनास सोन अर्जेंटिनास (फॉकलैंड द्वीप अर्जेंटीना के हैं) लिखा बैनर भी लहराया, जिसने इस ऐतिहासिक मुकाबले को और भी भावनात्मक बना दिया।

### इंग्लैंड के रक्षात्मक होते ही हमने मौका भुनाया : लियोनेल स्कालोनी



**अटलांटा** : अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों में जैसे ही रक्षात्मक रुख अपनाया उनकी टीम ने उसी पल हमला बोलने का फैसला किया और शानदार वापसी करते हुए फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में 2-1 की जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड ने मैच में 1-0 की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद कोच थॉमस ट्यूखल ने टीम को रक्षात्मक रणनीति अपनाने का निर्देश दिया। स्कालोनी का मानना है कि यही फैसला अर्जेंटीना के लिए निर्णायक साबित हुआ। मैच के बाद स्कालोनी ने कहा, यह टीम मुश्किल परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है।

### मार्टिनेज बोले- खुद को रोने से रोकना मुश्किल था

**मैच** के 81वें मिनट में मैदान पर उतरे लाउटारो मार्टिनेज ने इंजुरी टाइम में विजयी गोल दागकर अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचा दिया। मैच के बाद वह भावुक नजर आए। मार्टिनेज ने कहा, इस समय बोलना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं कि रोऊं नहीं, क्योंकि ड्रेसिंग रूम में मैं बहुत रो चुका हूं। हमने जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। हम लगातार आगे बढ़ते रहे और यही हमारे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। उन्होंने आगे कहा, यह जीत आसान नहीं थी। पहला हाफ हमारे लिए बहुत कठिन रहा। इंग्लैंड ने शानदार प्रेसिंग की। दूसरे हाफ में उन्होंने गोल किया और फिर पीछे हट गए।

## एक झलक

### द्रविड को कोच बना सकती है सीएसएके

**चेन्नई** : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम नये सत्र के लिए एक अच्छे कोच की तलाश में लगी हुई हुई है। इसका कारण है कि एक दशक से भी अधिक समय तक उसके कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग ने अपना पद छोड़ दिया है। सीएसके की टीम के लिए पिछले कुछ सत्र अच्छे नहीं रहे थे। ऐसे में उनपर पद छोड़ने का दबाव बना हुआ था। नहीं नये कोच की दौड़ में भारतीय टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ का नाम सबसे आगे है। कई दिग्गजों का मानना है कि द्रविड के अनुभव, आधुनिक सोच और युवा खिलाड़ियों को निखारने की क्षमता के कारण उन्हें कोच बनाया जा सकता है। द्रविड़ का सबसे बड़ा मजबूत पक्ष उनका व्यापक कोचिंग अनुभव है। खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उन्होंने लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काम किया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच रहते हुए उन्होंने टीम को कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स में फाइनल तक पहुंचाया। वहीं टीम ने टी20 विश्वकप जीता। इससे पहले भारत ए और अंडर-19 टीमों के साथ उनका कार्यकाल भी बेहद सफल रहा, जहां उन्होंने यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल जैसे कई युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया। यही अनुभव चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है, जो अपने अगले दौर में युवा प्रतिभाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। दूसरा बड़ा कारण द्रविड़ की आधुनिक क्रिकेट सोच और आंकड़ों पर आधारित रणनीति मानी जा रही है। पिछले कुछ साल में टी-20 क्रिकेट तेजी से बदला है और अब डेटा विश्लेषण, मैच-अप, आक्रामक बल्लेबाजी तथा लचीली रणनीतियां सफलता की कुंजी बन चुकी हैं।

## जापान ओपन: सिंधु ने हान यूए को हरा कर क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह

एजेंसी

**टोक्यो** : भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की विश्व नंबर-5 खिलाड़ी हान यूए को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व नंबर-10 सिंधु ने दूसरे दौर के मुकाबले में महज 35 मिनट में हान यूए को 21-16, 21-14 से हराया। यह इस सीजन में सिंधु के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है। मुकाबले की शुरूआत में सिंधु थोड़ी धीमी नजर आईं, लेकिन पहले गेम के मध्य तक उन्होंने शानदार वापसी करते हुए रैलियों पर नियंत्रण बना लिया और बढ़त



हासिल कर ली। दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए 8-0 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना जापान की अनुभवी खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा से होगा। ओकुहारा को दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आन से-यंग के नाम वापस लेने के कारण वॉकओवर मिला।

### तनिषा-ध्रुव की जोड़ी बाहर

**इस** जीत के साथ सिंधु टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र चुनौती बची हैं। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 20-22, 17-21 से हार गई। 47 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके।



न्यूयार्क में क्वींस क्लासिक मैच में भाग लेते हुए वाशिंगटन स्पिट व गोथम एफसी के खिलाड़ी।

### इंग्लैंड की हार से निराशा में डूबे कप्तान हैरी केन

**अटलांटा** : इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा विश्वकप फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में मिली 1-2 की हार पर निराशा जताते हुए कहा कि हम जीत की दहलीज पर पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर सके। इससे टीम का खिताबी जीत का सपना भी टूट गया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम जीत के बेहद करीब पहुंच चुकी थी पर निर्णायक क्षणों में वह लय बरकरार नहीं रख पायी जिसके कारण उसे बाहर होना पड़ा है। इस हार के साथ ही इंग्लैंड की टीम को साल 1966 के बाद से सेमीफाइनल में तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले साल 1990 और 2018 में भी टीम सेमीफाइनल में ही बाहर हो गयी थी।

### पूरन ने अमेरिकी मेजर लीग में 30 गेंदों पर लगाया शतक

**न्यूयार्क** : अमेरिकी मेजर लीग (एमएलसी) क्रिकेट टूर्नामेंट में एमआई न्यूयॉर्क की ओर से खेलते हुए वेस्टइंडीज के आक्राम बल्लेबाज निकोलस पूरन ने पहले एलिमिनेटर मुकाबले में 31 गेंदों में शतक लगाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। यह एमएलसी में बनाया गया अब तक का सबसे तेज शतक है। पूरन ने 33 गेंदों की पारी में कुल 106 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 5 शानदार चौके शामिल थे। पूरन ने पिच पर आते ही उन्होंने गेंदबाजों पर प्रहार शुरू कर दिये। इसके साथ ही पांच गेंदों में लगातार पांच लगा दिये। इस असाधारण पारी के साथ ही पूरन वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के टी-20 क्रिकेट के सबसे तेज शतक 30 गेंद का रिकार्ड तोड़ने से एक गेंद से ही चूक गये। पूरन के इस आक्रामक पारी से एमआई न्यूयॉर्क ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 266 रन बनाये। यह किसी भी टी-20 लीग के एलिमिनेटर मुकाबले में बनाए गए सबसे बड़े स्कोरों में से एक है।

## 35वीं बटालियन एसएसबी चतरा में अंतर बटालियन खो-खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा** : 35वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), चतरा परिसर में गुरुवार से दो दिवसीय अंतर बटालियन खो-खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। 16 एवं 17 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बटालियन के कमांडेंट संजीव कुमार के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी, गया के अधीन आने वाली 16वीं, 26वीं, 29वीं, 32वीं एवं 35वीं बटालियन के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने उपस्थित जवानों एवं खिलाड़ियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न बटालियनों के बीच रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है।

## हॉकी इंडिया देशभर में लगायेगा कोचिंग और ऑफिशिएटिंग एजुकेशन कार्यशालाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने देशभर में कोचों और तकनीकी अधिकारियों के कौशल विकास के लिए 18 जुलाई से कोचिंग एवं ऑफिशिएटिंग एजुकेशन पाथवे कार्यशालाएं आयोजित करने की घोषणा की है। इनका उद्देश्य आधुनिक कोचिंग तकनीकों, तकनीकी ज्ञान और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑफिशिएटिंग मानकों से प्रतिभागियों को परिचित कराना है। हॉकी इंडिया के अनुसार कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए अलग-अलग कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन सत्रों का संचालन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य देशभर में योग्य कोचों और तकनीकी अधिकारियों का मजबूत नेटवर्क तैयार करना है, ताकि खिलाड़ियों के साथ-साथ कोचों और अधिकारियों को भी उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। हॉकी इंडिया का मानना है कि खेल के समग्र विकास के लिए खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षकों और तकनीकी अधिकारियों का लगातार प्रशिक्षण भी बेहद जरूरी है। इसी सोच के तहत यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिससे देशभर में हॉकी शिक्षा को अधिक व्यवस्थित और सुलभ बनाया जा सके।

### हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा...

'**भारतीय** हॉकी का विकास केवल खिलाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि हमारे कोचों और तकनीकी अधिकारियों की गुणवत्ता पर भी निर्भर करता है। इन कार्यशालाओं के माध्यम से हम ऐसी मजबूत शिक्षा प्रणाली तैयार करना चाहते हैं, जो देश के हर हिस्से तक पहुंचे। एफआईएच के विशेषज्ञों की मौजूदगी से आधुनिक कोचिंग और ऑफिशिएटिंग के मानकों को सभी तक पहुंचाने में मदद मिलेगी और इससे भारतीय हॉकी की नींव और मजबूत होगी

## बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज 2026 में अमन सहरावत ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**बुडापेस्ट** : भारत के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और अंडर-23 एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने बुधवार को बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट (बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज) के फाइनल में अमन ने जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाशविली को पूरी तरह एकतरफा मुकाबले में 13-3 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर खिताब जीता। 22 वर्षीय अमन सहरावत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में शामिल हैं। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा व्यक्तिगत पदक विजेता बने थे। इसके अलावा वह अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले पहलवान भी हैं।

### दीपक ने दिलाया कांस्य पदक

**भारत** की झोली में एक और पदक 61 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में आया, जहां दीपक ने कांस्य पदक अपने नाम किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में दीपक ने अजरबैजान के नूरद्दीन नोवरुजोव को बेहद रोमांचक मुकाबले में 9-8 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### दो और कांस्य पदकों की उम्मीद

**भारत** को 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में भी दो और पदकों की उम्मीद है।

कुमार मोहित कांस्य पदक के मुकाबले में कजाकिस्तान के नाचिन कुलार से भिड़ेंगे।

वहीं विशाल कालीरामन का सामना कजाकिस्तान के ओस्सुमझान दस्तानबेक से तीसरे स्थान के मुकाबले में होगा।


### महिला पहलवान भी आज से दिखायेंगी दम

**गुरुवार** से प्रतियोगिता में पुरुषों के 79, 92, 97 और 125 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले खेले जायेंगे। इसी दिन भारतीय महिला पहलवानों का अभियान भी शुरू होगा, जिसमें 50 और 55 किलोग्राम वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### भारतीय पदक विजेता

**स्वर्ण पदक (57 किग्रा फ्रीस्टाइल)** : अमन सहरावत (जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाशविली को 13-3 से हराया)

**कांस्य पदक (61 किग्रा फ्रीस्टाइल)** : दीपक (अजरबैजान के नूरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया)



## अब कलब क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे स्टोक्स

एजेंसी

**लंदन** : हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा है कि वह क्लब क्रिकेट खेलते रहेंगे। ऐसे में अब स्टोक्स का अपने बचपन के क्लब डरहम के लिए खेलना तय है। स्टोक्स के अनुसार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद वह आराम का अनुभव कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि व सफेद-गेंद प्रारूप में फ्रैंचाइजी की ओर से खेलने पर भी विचार करेंगे। उन्होंने डरहम के हेड कोच रयान कैंपबेल को एक संदेश भी भेजा जिससे साफ है कि वह अभी भी खेल को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स ने कहा, इस सप्ताह कुछ पल ऐसे भी आए जो सच में बहुत कठिन थे और इन सब चीजों ने यह साफ कर दिया कि मैंने सही फैसला लिया है। वहीं डरहम के



हेड कोच कैंपबेल को पूरी उम्मीद है कि स्टोक्स इस गर्मी में वन-डे कप में खेलते दिखेंगे। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से शुरू हो रहा है, जिसमें डरहम का मुकाबला पहले राउंड में डबीशायर से होगा। स्टोक्स का द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेलने के लिए कोई अनुबंध नहीं है, क्योंकि उन्होंने इस सत्र की नीलामी में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। द हंड्रेड टूर्नामेंट भी उसी दिन शुरू हो रहा है, इसलिए जो खिलाड़ी उस टूर्नामेंट के लिए चुने गए हैं, वे अपनी काउंटी टीमों के लिए वन-डे कप में नहीं खेल पाएंगे, जब तक कि उनकी फ्रेंचाइजी उन्हें खेलने की अनुमति न दे दे। स्टोक्स के इस फैसले से इंग्लैंड क्रिकेट में एक युग का अंत हो गया है, लेकिन उनके प्रशंसकों को क्लब स्तर पर अब उन्हें खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा।

## आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन के लिए गुरनूर बरार को मिली चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में 14 जुलाई को खेले गए पहले एकदिवसीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उन्हें लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आधिकारिक चेतावनी जारी की है। आईसीसी के गुरुवार को कहा कि गुरनूर बरार ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए निर्धारित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने से संबंधित है। इसके अलावा बरार के



अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला उल्लंघन है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के आठवें ओवर में हुई। फील्डिंग के दौरान गुरनूर बरार ने गेंद उठाकर बल्लेबाज की दिशा में अनुचित और खतरनाक तरीके से फेंक दी थी। मैदान पर मौजूद अंपायर कुमार धर्मसेना और माइक बर्न्स, तीसरे अंपायर सैम नोगाज्स्की तथा चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने बरार के खिलाफ आरोप लगाया था।

## यूपी टी-20 लीग 2026 की शुरुआत 14 अगस्त से, लखनऊ में आगाज, कानपुर में फाइनल

एजेंसी

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश की सबसे लोकप्रिय घरेलू टी20 प्रतियोगिता यूपी टी20 लीग 2026 का चौथा सीजन 14 अगस्त से शुरू होगा। उद्घाटन मुकाबले में काशी रुद्रास की टीम का सामना मौजूदा चैंपियन मेरठ मावेरिक्स से भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में होगा। इस बार टूर्नामेंट 14 अगस्त से 6 सितंबर तक खेला जाएगा। कुल 34 मुकाबले होंगे, जिनमें 13 डबल हेडर और 8 सिंगल हेडर मैच शामिल हैं। पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन दो शहरों लखनऊ और कानपुर में किया जाएगा। टूर्नामेंट के पहले चरण में लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 13 मैच




दिवसों में 22 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद प्रतियोगिता का दूसरा चरण कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होगा, जहां शेष 12 मुकाबले, प्लेऑफ और फाइनल आयोजित किए जाएंगे। यूपी टी20 लीग की संचालन परिषद के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि लीग हर सीजन के साथ नई ऊंचाइयों को छू रही है और इस बार दो शहरों में आयोजन होना टूर्नामेंट के लिए एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, यूपी टी20 लीग लगातार आगे बढ़ रही है। इस बार पहली बार प्रतियोगिता दो अलग-अलग मैदानों पर खेली जाएगी। शुरूआत लखनऊ से होगी, जबकि दूसरा चरण, प्लेऑफ और फाइनल कानपुर में आयोजित होंगे। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ वर्षों में लीग का स्तर काफी बेहतर हुआ है। हमें विश्वास है कि इस बार भी युवा खिलाड़ियों को अनुभवी क्रिकेटरों के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर मिलेगा। सभी टीमों को शुभकामनाएं और उम्मीद है कि दर्शकों को एक और रोमांचक सीजन देखने को मिलेगा।

### कानपुर में होंगे प्लेऑफ मुकाबले

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह और पहला मैच लखनऊ में होगा, जबकि समापन समारोह और फाइनल मुकाबला कानपुर में आयोजित किया जाएगा। क्वालीफायर-1 और एलिमिनेटर मुकाबले 3 सितंबर, क्वालीफायर-2 4 सितंबर और फाइनल 6 सितंबर को ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

### पहले सप्ताह में कई बड़े मुकाबले

**15 अगस्त** को नोएडा किंग्स का मुकाबला कानपुर सुपरस्टार्स से होगा, जबकि लखनऊ फाल्कंस की टीम गौर गोरखपुर लायंस से भिड़ेगी। 16 अगस्त को काशी रुद्रास और कानपुर सुपरस्टार्स आमने-सामने होंगे, जबकि शाम के मुकाबले में मेरठ मावेरिक्स का सामना गौर गोरखपुर लायंस से होगा। 17 अगस्त को नोएडा किंग्स और लखनऊ फाल्कंस भिड़ेंगे। 18 अगस्त को काशी रुद्रास और गौर गोरखपुर लायंस के बीच मुकाबला होगा। 19 अगस्त को लखनऊ फाल्कंस और मेरठ मावेरिक्स आमने-सामने होंगे। 20 अगस्त को डबल हेडर में पहले गौर गोरखपुर लायंस बनाम नोएडा किंग्स, जबकि दूसरे मैच में कानपुर सुपरस्टार्स का मुकाबला काशी रुद्रास से होगा।

## एक झलक

### सैमसंग इंडिया ने 'वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे' पर मनाया 30 'दोस्त सेल्स टॉपर्स' की उपलब्धियों का जश्न

**रांची** : वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे' पर, सैमसंग इंडिया ने 2025 में ट्रेनिंग पाने वाले 9,400 युवाओं में से चुने गये 30 ' दोस्त सेल्स टॉपर्स' की उपलब्धियों का जश्न मनाया। इन टॉपर्स को सैमसंग दोस्त के तहत सम्मानित किया गया; यह कंपनी का मुख्य सीएसआर स्किलिंग प्रोग्राम है जो युवाओं को ऑर्गनाइज्ड रिटेल में करियर के लिए तैयार करता है। शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने के लिए शुरू किया गया सैमसंग दोस्त, युवाओं को खास सेल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए रिटेल सेक्टर में फ्रंटलाइन करियर के लिए तैयार करता है। भाग लेने वालों को सरकार से मान्यता प्राप्त सर्टिफि केट, असली रिटेल माहौल में काम करने का व्यावहारिक अनुभव और कार्यस्थल का प्रैक्टिकल अनुभव मिलता है, जिससे उनकी नौकरी पाने की क्षमता और करियर के लिए तैयारी बेहतर होती है। अपनी शुरूआत से लेकर अब तक, सैमसंग दोस्त सेल्स ने पूरे भारत में हजारों युवाओं को इंडस्ट्री के हिसाब से जरूरी स्किल्स से लैस किया है।भारत सरकार के 'स्किल इंडिया मिशन' के तहत, सैमसंग दोस्त प्रोग्राम एक मिक्स्ड लर्निंग मॉडल देता है। इसमें एक व्यवस्थित डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सीखने और रिटेल स्टोर पर काम करते हुए ट्रेनिंग (ङ्कल्ल-ऱ्ञ्-ङ्कु ३९ल्ल्लल्ल) शामिल है। इसका मकसद कैंडिडेट्स को प्रोडक्ट की जानकारी, रिटेल सेल्स के तरीके, कस्टमर से जुड़ने की क्षमता और काम के लिए तैयार करना है। यह प्रोग्राम भारत के बढ़ते रिटेल सेक्टर के लिए कुशल फ्रंटलाइन रिटेल सेल्स प्रोफेशनल्स की एक पाइपलाइन बनाने में मदद कर रहा है, साथ ही देश भर के युवाओं के लिए अच्छे करियर के रास्ते भी खोल रहा है।

### रॉयल एनफील्ड ने 2026 क्लासिक 350 पेश की

**रांची** : मिड-साईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने अपनी आईकोनिक क्लासिक 350 में राईडर पर केंद्रित दो फीचर पेश किए हैं, जिससे राईडिंग का अनुभव बेहतर होगा और मोटरसाईकल का टाईमलेस कैरेक्टर भी बरकरार रहेगा। हर राईड को ज्यादा आसान बनाने के लिए 2026 क्लासिक 350 में ज्यादा आसान क्लच एक्शन के लिए असिस्ट व स्लिपर क्लच दिया गया है, जिससे शहर की सड़कों पर और लंबी दूरी की राईड बहुत सरल बन जाती है। यह फीचर ज्यादा स्मूथ अपशिफ्ट और डाउनशिफ्ट प्रदान करता है, जिससे विभिन्न तरह की राईडिंग के दौरान राईडर का आत्मविश्वास और कम्फर्ट बढ़ता है। रोजमर्रा की राईड के लिए इसे और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए क्लासिक 350 में यूएसबी टाईप-सी फास्ट चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है, ताकि राईडर्स राईड के दौरान अपना स्मार्टफोन और अन्य कॉम्पैटिबल डिवाईस चार्ज कर सकें। यह फीचर राईडर्स को दैनिक आवागमन या लंबी राईड के दौरान कनेक्टेड रहने में मदद करता है। क्लासिक 350 में रॉयल एनफील्ड का 349सीसी जे-सीरीज इंजन लगा है, जो इसे ब्रांड का सिग्नेचर कैरेक्टर, जबरदस्त लो-एंड टॉर्क और स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करता है। क्लासिक 350 अपने आरामदायक अपराईट राईडिंग पोस्चर, बैलेंस्ड चेसिस और कॉन्फिडेंट ब्रेकिंग के साथ शहर की सड़कों, खुले हाईवे और वीकेंड राईड्स के दौरान शानदार अनुभव सुनिश्चित करती है। क्लासिक 350 का डिजाइन रॉयल एनफील्ड की डिजाईन हैरिटेज पर आधारित है, जिसके आईकोनिक सिल्हुएट, हैंडक्राफ्टेड डिटेलिंग और प्रभावशाली मौजूदगी से टाईमलेस क्राफ्ट्समैनशिप प्रदर्शित होती है। अपने एंड्योरिंग कैरेक्टर को बरकरार रखते हुए आधुनिक फीचर पेश करने वाली 2026 क्लासिक 350 उन राईडर्स के लिए एक मॉडर्न क्लासिक है, जो ऑथेंसिटी, एलिगेंस और प्योर मोटरसाईक्लिंग के मायने समझते हैं।

# रिलायंस की राइज वर्ल्डवाइड से जुड़ीं भारत की उभरती क्रिकेटर गुनालन कमालिनी

■ 17 साल की कमालिनी बनीं एजेंसी से जुड़नेवाली पहली महिला एथलीट; रोहित, बुमराह और सूर्या की लिस्ट में शामिल



**मुम्बई** : रिलायंस समूह की कम्पनी और भारत की अग्रणी स्पोर्ट्स, लाइफस्टाइल और एंटरटेनमेंट कंपनी, राइज वर्ल्डवाइड (RISE Worldwide) ने देश की सबसे प्रतिभाशाली युवा महिला क्रिकेटर गुनालन कमालिनी के साथ हाथ मिलाया है। इस नये समझौते के साथ ही कमाँलिनी का नाम एजेंसी के उस बड़े क्रिकेट पोर्टफोलियो में शामिल हो गया है, जिसमें पहले से ही रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और साई सुदर्शन जैसे दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं। इससे स्पोर्ट्स की दुनिया के नये स्टार्स को तैयार करने के एजेंसी के कमिटमेंट को और मजबूती मिली है।

17 वर्षीय कमालिनी इस एजेंसी के साथ जुड़नेवाली पहली महिला एथलीट हैं। राइज वर्ल्डवाइड कमालिनी की एक्सक्लूसिव कमर्शियल और टैलेंट मैनेजमेंट पार्टनर के रूप में काम करेगी। एजेंसी उनके ब्रांड एंडोर्समेंट, रणनीतिक साझेदारी, अपीयरेंस, लाइसेंसिंग, डिजिटल कंटेंट और लम्बी अवधि के ब्रांड विकास (ब्रांड बिल्डिंग) को संभालेगी, जिससे कमालिनी अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर लगा सकें।

इस साझेदारी पर बोलते हुए, राइज वर्ल्डवाइड के हेड निखिल बारदिया ने कहा : हमें राइज वर्ल्डवाइड परिवार में कमालिनी का स्वागत करते हुए बेहद खुशी है। वह एक असाधारण युवा प्रतिभा हैं, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से पहले ही दिखा दिया है कि उनके पास उच्चतम स्तर पर सफल होने के लिए जरूरी स्वभाव, आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा है। हमें इस बात का गर्व है कि वह हमारे टैलेंट रोस्टर में शामिल होने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। हम मैदान के बाहर उनके लिए सही अवसर उपलब्ध कराकर उनके सफर को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हैं, ताकि वह मैदान पर और भी बड़ी सफलता हासिल करने पर ध्यान केन्द्रित कर सकें। राइज वर्ल्डवाइड से जुड़ने पर अपनी उत्सुकता जताते हुए गुनालन कमालिनी ने कहा : 'मैं राइज वर्ल्डवाइड में शामिल होकर वास्तव में बहुत खुश हूं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ काम किया है, और मैं इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अभी मेरा पूरा ध्यान एक क्रिकेटर के रूप में सुधार करने और मुझे मिलनेवाले हर अवसर का पूरा लाभ उठाने पर है। अपने सपनों को पूरा करने के लिए राइज जैसी टीम का साथ मिलना बहुत बड़ी बात है, और मैं एक साथ इस रोमांचक यात्रा के लिए उत्सुक हूं।'

कमालिनी की शानदार क्रिकेट यात्रा बहुत तेज और लगातार आगे बढ़नेवाली रही है। उन्होंने तमिलनाडु के लिए अंडर-15 (व15) क्रिकेट खेला और फिर राज्य की अंडर-19 (व19) टीम में जगह बनायी, जिसके साथ उन्होंने टी20 विश्व कप जीता। इसके बाद वह भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा बनीं, जिसने 2025 की शुरूआत में आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता। इस टूर्नामेंट में वह तीसरी सबसे ज्यादा रन बनानेवाली खिलाड़ी रहीं। इसी साल, महज 16 साल की उम्र में उन्होंने इतिहास रचा जब उन्हें महिला प्रीमियर लीग का कॉन्ट्रैक्ट मिला और वह मुम्बई इंडियंस के लिए डेब्यू करनेवाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के कारण साल 2025 के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए उन्हें सीनियर भारतीय टीम में पहली बार चुना गया, जहां उन्होंने 17 साल की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसके बाद उनकी बेहतरीन क्षमता को देखते हुए मुम्बई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2026 (WPL 2026) की मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिटेन करनेवाले पांच खिलाड़ियों में शामिल किया। हाल ही में उन्हें 2026 के एशियाई खेलों (Asian Games) के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जो देश के सबसे होनहार युवा क्रिकेटरों में उनकी बढ़ती साख को दर्शाता है। कमालिनी का टीम में शामिल होना, भारत के बेहतरीन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राइज वर्ल्डवाइड की लगातार प्रतिबद्धता का एक और अहम अध्याय है। रणनीतिक टैलेंट मैनेजमेंट और लंबे समय तक ब्रांड बनाने की प्रक्रिया को मिला कर, यह एजेंसी एथलीट्स को मैदान के अन्दर और बाहर अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद करने पर ध्यान केन्द्रित करती है।

# किआ इंडिया ने पेश की सिरोस ईवी- दूसरी मास-मार्केट इलेक्ट्रिक एसयूवी



**नयी दिल्ली** : भारत की अग्रणी मास-प्रीमियम ऑटोमोबाइल निमार्ता कंपनी किआ इंडिया ने आज अपनी दूसरी मास-मार्केट इलेक्ट्रिक एसयूवी सिरोस ईवी का अनावरण करते हुए इसकी प्री-बुकिंग 25,000 से शुरू करने की घोषणा की। ग्राहक किआ इंडिया की वेबसाइट और देशभर के अधिकृत डीलरशिप्स के माध्यम से इसकी बुकिंग कर सकते हैं। सिरोस ईवी अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 526 किमी की एआरएआई-प्रमाणित रेंज के साथ ऐसे ओनरशिप पैकेज के साथ आती है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में आने वाली प्रमुख चुनौतियों को दूर करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें लाइफटाइम हाई-वोल्टेज बैटरी वारंटी, एश्योर्ड बायबैक कार्यक्रम और बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) जैसी सुविधाएं शामिल हैं। समय में भारतीय ईवी ग्राहक केवल अधिक रेंज ही नहीं, बल्कि आसान चार्जिंग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, बेहतर कनेक्टिविटी और लंबी अवधि तक भरोसेमंद ओनरशिप अनुभव की भी अपेक्षा रखते हैं। सिरोस ईवी इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है, जिसमें एसयूवी की दमदार डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीक, सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और उच्च स्तर की सुरक्षा का संयोजन देखने को मिलता है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ग्वांगगु ली ने कहा, हमारी 'मूवमेंट दैट इंस्पायर्स' की सोच भविष्य की मोबिलिटी को अधिक सार्थक, सुलभ और प्रेरणादायक बनाने पर आधारित है। सिरोस ईवी के माध्यम से हम अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आम ग्राहकों तक पहुंचाने के साथ-साथ उन चिंताओं को भी दूर कर रहे हैं, जो लोगों को ईवी अपनाने से रोकती हैं। 526 किमी की सेगमेंट-बेस्ट एआरएआई-प्रमाणित रेंज, 171 पीएस की सर्वश्रेष्ठ पावर और लाइफटाइम बैटरी वारंटी, एश्योर्ड बायबैक तथा बीएएएस जैसी सुविधाएं भारतीय परिवारों को आत्मविश्वास के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने में मदद करेंगी।

### वी मूवीज एंड टीवी पर 24x7 लाइव होगा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 2026 का दर्शन

**रांची** : देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी वी (वोडाफोन आइडिया) ने अपने ग्राहकों के लिए श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 2026 का 247 लाइव दर्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अब देशभर के वी ग्राहक ओडिशा के पुरी से होने वाली 12 दिवसीय रथ यात्रा का सीधा प्रसारण वी मूवीज एंड टीवी प्लेटफॉर्म पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देख सकेंगे। वी ने शेमारू के साथ साझेदारी में 16 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक रथ यात्रा के सभी प्रमुख अनुष्ठानों का लाइव प्रसारण उपलब्ध कराया है। इसमें गुंडिचा यात्रा, बहुदा यात्रा, सुना बेषा, अधर पाना और नीलाद्रि बीजे जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों का सीधा प्रसारण शामिल होगा। लाइव टेलीकास्ट के अलावा वी ने शेमारू के साथ साझेदारी में इस 12 दिनों तक चलने वाले त्योहार के लिए एक खास कंटेंट सीरीज तैयार की है। 16 जुलाई से, वी मूवीज एंड टीवी 24x7 भक्तिमय अनुभव दिखाएगा।

# सैमसंग ने फोल्डेबल डिस्प्ले को बेहतर बनाने के लिए Flex Titanium तकनीक पेश की




**रांची** : सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज अगली पीढ़ी के गैलेक्सी फोल्डेबल डिवाइसेस के लिए नयी Flex Titanium तकनीक पेश की। फोल्डेबल नवाचार और इंजीनियरिंग में सात पीढ़ियों के अनुभव पर आधारित यह नई डिस्प्ले संरचना बेहतर मजबूती और कम दिखाई देने वाली फोल्ड लाइन के साथ अधिक सधा हुआ देखने का अनुभव देती है। सैमसंग के लंबे समय से विकसित डिस्प्ले कौशल की मदद से बनी इस तकनीक में टाइटेनियम आधारित दो हिस्से शामिल हैं, एक टाइटेनियम एलॉय फिल्म और एक टाइटेनियम प्लेट। ये दोनों मिलकर फोल्डेबल डिस्प्ले की संरचना में पतलेपन, लचीलापन और मजबूती के बीच संतुलन बनाते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल आरएंडडी ऑफिस, हार्डवेयर के ईवीपी और सीनियर एग्जीक्यूटिव सुंघून मून ने कहा, फोल्डेबल श्रेणी में सैमसंग की ताकत उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ऐसी तकनीक से जोड़ने में है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में साफ तौर पर फायदा दे। अगली पीढ़ी के गैलेक्सी फोल्डेबल के लिए सैमसंग अपने लंबे अनुभव पर आगे बढ़ते हुए डिस्प्ले नवाचार को ऐसे डिवाइसों में ला रहा है, जो उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाएं और बेहतरीन दृश्य अनुभव को इसका आधार बनाएं। फोल्डेबल अनुभव के वर्षों पर आगे बढ़ते हुए सैमसंग ने मोबाइल डिस्प्ले नवाचार को आगे बढ़ाने और उसे बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस सफर में 2007 में एमोलेड डिस्प्ले का व्यापक उपयोग और फिर डिस्प्ले का लचीले रूपों में विकसित होना शामिल है। नई तकनीकें अपना पूरा असर तभी दिखा पाती हैं, जब उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में लगातार बेहतर किया जाए। फोल्डेबल श्रेणी में भी यही बात लागू होती है। गैलेक्सी फोल्डेबल की सात पीढ़ियों के दौरान सैमसंग ने उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया को ध्यान से सुना है। इससे कंपनी को यह समझ मिली है कि इस श्रेणी में लोग क्या चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उन्हें ज्यादा बड़ा और ज्यादा आकर्षक विजुअल अनुभव मिले, फोल्ड लाइन कम दिखे और साथ ही मजबूती और पोर्टेबिलिटी से कोई समझौता ना करना पड़े। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सैमसंग को फोल्डेबल डिस्प्ले के निर्माण के तरीके पर नए सिरे से सोचना पड़ा। इसके लिए तकनीक, सामग्री और यांत्रिक इंजीनियरिंग की नई उपलब्धियों को एक साथ जोड़ा गया। इसी का नतीजा Flex Titanium तकनीक के रूप में सामने आया, जो फोल्डेबल डिस्प्ले नवाचार में एक नई उपलब्धि है।

# सूर्या रोशनी ने आधुनिक घरों के लिए नये पंखे वॉटर हीटर और किचन उपकरण किया पेश




**रांची** : सूर्या रोशनी लिमिटेड, लाइटिंग, वायर एवं केबल, पंखे, घरेलू उपकरण, पीवीसी पाइप, वॉटर पंप, वॉटर टैंक और स्टील पाइप्स के क्षेत्र में देश के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक, ने अपने नए प्रीमियम कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उत्पादों की श्रृंखला लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लॉन्च कंपनी की नवाचार, गुणवत्ता, सुरक्षा और बेहतर उपभोक्ता अनुभव देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। नए प्रोडक्ट रेंज का लॉन्च कोलकाता में आयोजित एक चैनल पार्टनर मीट के दौरान किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल के साथ-साथ बिहार, झारखंड और ओडिशा के चैनल पार्टनर्स ने भी हिस्सा लिया। लॉन्च के अवसर पर सूर्या रोशनी लिमिटेड के सीईओ (लाइटिंग एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स) वासुमित्र पांडेय ने कहा, आज के उपभोक्ता ऐसे उत्पाद चाहते हैं जो बेहतर प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता, आकर्षक डिजाइन और भरोसेमंद गुणवत्ता का संतुलन प्रदान करें। पंखों, वॉटर हीटरों और किचन अप्लायंसेज की हमारी नई रेंज नवाचार आधारित उत्पाद विकास और भारतीय परिवारों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन नये उत्पादों को कंपनी की बढ़ती अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षमताओं का भी समर्थन प्राप्त है। हाल ही में उत्तराखंड के काशीपुर में स्थापित किए गए अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर का उद्देश्य नये उत्पादों का विकास, गुणवत्ता में सुधार, परीक्षण और अगली पीढ़ी के उपभोक्ता समाधान तैयार करना है।

### विशेषज्ञों ने समय रहते सही आदतें अपनाने पर दिया जोर



**रांची** : अक्सर 20 की उम्र के लोग सोचते हैं कि यदि उन्हें दर्द या दांतों से जुड़ी कोई स्पष्ट समस्या नहीं है, तो उनका मौखिक स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक है। लेकिन कई बार लक्षणों का न होना इस बात का प्रमाण नहीं होता कि कोई समस्या मौजूद नहीं है। मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं धीरे-धीरे विकसित होती हैं, इसलिए बचाव और नियमित देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। ओरल केयर विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता ने कहा, अच्छा मौखिक स्वास्थ्य किसी एक दिन के प्रयास से नहीं, बल्कि नियमितता से बनता है। दिन में दो बार ब्रश करना, मसूड़ों की सही देखभाल करना और सही टूथपेस्ट का चुनाव करना, लंबे समय तक दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज जब उपभोक्ता रोजमर्रा की मौखिक देखभाल के लिए भरोसेमंद समाधानों की तलाश कर रहे हैं, तब डाबर रेड टूथपेस्ट देशभर के लाखों उपभोक्ताओं की पसंद बना हुआ है।

# पुरी रथयात्रा में रिलायंस फाउंडेशन का सेवा संकल्प, भोजन, पानी और सुरक्षा पर जोर

■ 15 से 27 जुलाई तक अन्न सेवा, सुरक्षित पेयजल और स्वयंसेवकों की तैनाती

■ 90 पुलिस सहायता केन्द्रों, टेक्नोलॉजी और स्वच्छता अभियान से श्रद्धालुओं की यात्रा होगी आसान




**पुरी** : भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा में इस बार लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने व्यापक सेवा अभियान शुरू किया है। 15 से 27 जुलाई तक चलनेवाले इस अभियान के तहत श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क सात्विक भोजन, पेयजल, पुलिस सहायता केन्द्र और स्वच्छता जैसी कई व्यवस्थाएं की गयी हैं। रथयात्रा में सेवा देने वाले स्वयंसेवकों व पुलिस कर्मियों के लिए भी खास सहायता प्रदान की जायेगी। रिलायंस फाउंडेशन पहले भी पुरी रथयात्रा के दौरान सेवा कार्यों में सहयोग करता रहा है। इस बार भी सेवा अभियान का दायरा बढ़ाया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनन्त अम्बानी ने कहा कि श्रद्धालुओं और उनकी सेवा में जुटे लोगों की सेवा करना, भगवान जगन्नाथ की सेवा का ही एक रूप है।

रिलायंस फाउंडेशन के मुताबिक अभियान के तहत श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क सात्विक भोजन और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की गयी है। 50 किलोमीटर से अधिक के प्रमुख यात्रा मार्ग पर करीब 90 पुलिस सहायता केन्द्रों को सहयोग दिया जा रहा है। ड्यूटी पर तैनात लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों को भी शिफ्ट के आधार पर पानी, डफ्र, हल्का जलपान और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इसके साथ ही स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की मदद करेंगे और GIS आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म से सेवा कार्यों का बेहतर समन्वय किया जायेगा।

अनन्त अम्बानी ने कहा, 'पुरी रथयात्रा करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है। श्रद्धालुओं, पुलिसकर्मियों और सेवा में जुटे हर व्यक्ति की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भगवान जगन्नाथ की सेवा, लोगों की सेवा के माध्यम से ही होती है।'

रिलायंस फाउंडेशन का कहना है कि इन प्रयासों का उद्देश्य करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए रथयात्रा को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में प्रशासन और स्थानीय संस्थाओं का सहयोग करना है।

## पेज एक के शेष

**आस्था, श्रद्धा और भक्ति का दिखा अद्भुत संगम...**

25 जुलाई को रथ पर सवार होकर पुनः अपने गंतव्य स्थान जगनाथ मंदिर लाये जायेंगे। इस दौरान मौसीबाड़ी में प्रतिदिन विशेष पूजा, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होते रहेंगे।

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेनने दीं शुभकामनाएं...**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की कृपा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आये। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा का यह पावन पर्व सेवा, समरसता, आस्था और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने रथ यात्रा को सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी झारखंडवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रभु जगन्नाथ से राज्य के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद बनाये रखने की प्रार्थना की।

**देश में सौ क्लाइमेट स्मार्ट विलेज विकसित करेगा कृषि मंत्रालय...**

तकनीकें, नवाचार और आधुनिक कृषि समाधान पहुंचें। उन्होंने इसे विकसित भारत 2047 के लिए विकसित कृषि और समृद्ध किसान की दिशा में सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया। आईसीएआर स्थापना दिवस को किसानों के बीच मनाने के लिए एक पखवाड़े की योजना बनायी जाये, जिसमें हर किसान विकास केन्द्र कम से कम 100 गांवों में जाकर अपनी रिसर्च और तकनीक का बड़े स्तर पर प्रदर्शन करे।

चौहान ने किसानों की शिकायतों का हवाला देते हुए कहा कि नकली और घटिया बीज तथा कीटनाशकों पर सख्त कानून बनाना समय की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि ऐसी सरल तकनीक और उपकरण विकसित किये जायें, जिनसे खेत में ही बीज और कीटनाशक की गुणवत्ता की तुरंत पहचान हो सके, ताकि किसानों को धोखे से बचाया जा सके और फसल का जोखिम कम हो।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने एफएमडी और अन्य गम्भीर पशु बीमारियों पर नियंत्रण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वैक्सीन, नयी वैराइटीज और तकनीक के जरिये बीज, फर्टिलाइजर और पशु स्वास्थ्य के मामले में आत्मनिर्भर बनना ही आगे का रास्ता है। साथ ही, 70 से अधिक एमओयू और टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग समझौतों के जरिए इन तकनीकों को निजी क्षेत्र और स्टार्टअप के सहयोग से तेजी से किसानों तक पहुंचाने की दिशा तय की गयी।

**बंगाल, दिल्ली समेत कई राज्यों में ईडी का छापा...**

बताया कि परिसर के प्रभारी व्यक्ति से इस धन और सोने के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद इसे धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 की धारा 17 के तहत जब्त कर लिया गया। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गयी है, जिनकी जांच की जा रही है। सम्बन्धित व्यक्तियों के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई एक संगठित गिरोह पर की गयी है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए अवैध घुसपैठ कराने, फर्जी आधार, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाने तथा विदेशी धन के सहारे घुसपैठियों को भारत में बसाने का काम करता था।

प्रारम्भिक जांच में सामने आया था कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत कुछ सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे। इन ट्रस्टों को ब्रिटेन स्थित संस्थाओं से धन प्राप्त होता था, जिसे बाद में छोटी-छोटी किश्तों में संदिग्ध व्यक्तियों को भेजा जाता था, ताकि उन्हें भारत में स्थायी रूप से बसने में मदद मिल सके। इस धन का उपयोग ई-रिक्शा खरीदने, रोजगार उपलब्ध कराने और नकद सहायता देने जैसे कार्यों में किया जाता था। ईडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में सक्रिय एक समूह अवैध घुसपैठ कराने में मदद करता था, जबकि दूसरा समूह इन घुसपैठियों के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। दोनों समूहों के बीच समन्वय के जरिये अवैध प्रवासियों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा जाता था।

तलाशी अभियान के दौरान जिन प्रमुख स्थानों को कवर किया गया उनमें उत्तर 24 परगना स्थित कबीरबाग मिल्लत अकादमी, हरोआ अल-जमीयतुल इस्लामिया दारुल उलूम, तहिरिया वेलफेयर ट्रस्ट, दक्षिण दिल्ली के बाटला हाउस क्षेत्र में कुछ आवासीय परिसर, फरीदाबाद, देवबंद तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में स्थित कई व्यक्तियों और संस्थाओं के ठिकाने शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जब्त डिजिटल साक्ष्यों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

**संसद सत्र और भाजपा संगठन में सम्भावित बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री आवास पर बैठक...**

के रूप में भी देखना चाहिए। राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को लेकर इसलिए भी चर्चा है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग बैठकों का जो सिलसिला चल रहा था, बुधवार रात की बैठक को उन सभी चचाओं को अंतिम रूप देने वाला माना जा रहा है।

पार्टी के ही विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, इस बैठक से पहले, पिछले कुछ दिनों में पांच महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी थीं। सबसे पहली बैठक प्रधानमंत्री आवास पर हुई थी, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। इसके बाद दूसरी बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई, जिसमें अमित शाह, नितिन नवीन, बीएल संतोष और अन्य मौजूद रहे। तीसरे चरण में प्रधानमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अलग से चर्चा की। चौथी बैठक अमित शाह और नितिन नवीन के बीच हुई, जबकि पांचवीं बैठक 14 जुलाई की रात गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए। बाद में नितिन नवीन और बीएल संतोष भी इस बैठक का हिस्सा बने।

जानकार मानते हैं कि इन बैठकों की पूरी श्रृंखला का उद्देश्य सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर व्यापक रणनीति तैयार करना था। बुधवार रात प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक को इसी प्रक्रिया का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है। बैठक में सबसे पहले 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। विपक्ष द्वारा उठाये जानेवाले संभावित मुद्दों, सरकार की विधायी प्राथमिकताओं, संसद के भीतर समन्वय और विभिन्न मंत्रालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई। सरकार चाहती है कि संसद सत्र के दौरान प्रमुख विधेयक और नीतिगत फैसले प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये जायें तथा विपक्ष के हमलों का तथ्यात्मक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर जवाब दिया जाये।

बैठक का दूसरा प्रमुख विषय भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में संभावित बदलाव रहा। हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभालने वाले नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई राष्ट्रीय टीम के गठन पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। संगठन में विभिन्न स्तरों पर नयी जिम्मेदारियों के वितरण, राज्यों में समन्वय बढ़ाने और चुनावी राज्यों के लिए विशेष रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा हुई।

सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में सम्भावित फेरबदल भी बैठक का एक महत्त्वपूर्ण एजेंडा था। किन मंत्रियों के विभागों में बदलाव हो सकता है, किन नये चेहरों को सरकार में अवसर दिया जा सकता है और राजग के घटकदलों को किस प्रकार प्रतिनिधित्व दिया जाए, इस पर शीर्ष नेतृत्व के बीच मंथन हुआ।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों की राजनीतिक स्थिति की भी समीक्षा की गयी। राज्यों में पार्टी संगठन की तैयारियों, प्रचार अभियान, बूथ प्रबंधन, सहयोगी दलों के साथ तालमेल तथा स्थानीय मुद्दों पर विशेष रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। भाजपा नेतृत्व का फोकस चुनावी राज्यों में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार कई दौर की बैठकों के बाद प्रधानमंत्री आवास पर हुई यह उच्चस्तरीय बैठक भाजपा और सरकार की आगामी कार्ययोजना का संकेत देती है।

**देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन से हरित परिवहन का आज से आगाज...**

5.9 किलोमीटर लम्बे इस ट्रैक से शहर के पांच बड़े रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

कुरुक्षेत्र के उमरी गांव में करीब 124 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रदेश के पहले सिख संग्रहालय एवं विरासत केंद्र की आधारशिला भी प्रधानमंत्री रखेंगे। सिख गुरुओं के हरियाणा से जुड़े ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करने वाली यह परियोजना धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए नया आकर्षण बनेगी।

**चढ़ावा चोरी, पेपर लीक और ई20 जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस...**

मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी मॉनसून सत्र में मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी। इन गंभीर चिन्ताओं पर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई और पार्टी ने तय किया कि संसद में इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जायेगा।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश और राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिन्हें पार्टी संसद में उठायेगी। सरकार जिन विधेयकों को लाने की कोशिश में है, उनसे निपटने की रणनीति पर भी विचार किया गया। जयराम रमेश ने कहा कि बैठक करीब डेढ़ घंटे चली और इसमें परिसीमन विधेयक, संविधान संशोधन विधेयक, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक और एफसीआरए विधेयक पर चर्चा हुई। कांग्रेस इन विधेयकों का पुरजोर विरोध करेगी।

रमेश ने कहा कि सरकार 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुला रही है, जिसमें सत्र के एजेंडे की जानकारी दी जाएगी। सर्वदलीय बैठक में 35 लोग शामिल होते हैं लेकिन सरकार की ओर से बोलते केवल चार लोग हैं। कांग्रेस परिसीमन बिल का विरोध करेगी क्योंकि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर इसे पास कराना चाहती है। विपक्ष पहले भी इसका विरोध कर चुका है और आगे भी करेगा।

## एक झलक

### बंगाल की खाड़ी में रोहिंग्या शरणार्थियों की दो नावें पलटीं

**500 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका**

**रखाइन** : म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर जा रही दो नौकाएं बंगाल की खाड़ी में पलट गईं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के मुताबिक, दोनों नौकाओं में करीब 530 लोग सवार थे। घटना की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन 500 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका जताई गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों नौकाएं जून के अंत में म्यांमार के रखाइन प्रांत से रवाना हुई थीं। इनमें अधिकांश यात्री रोहिंग्या समुदाय के थे, जबकि कुछ लोग बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों से भी आए थे। पहली नाव का संपर्क रवाना होने के कुछ समय बाद ही टूट गया। इसमें करीब 250 लोग सवार थे। दूसरी नाव में लगभग 280 लोग थे और इसके 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास डूबने की आशंका है।

### अमेरिका ने ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की

**तेहरान/वॉशिंगटन** : अमेरिका ने गुरुवार तडके ईरान में सैन्य ठिकानों पर एक बार फिर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में मिसाइल लॉन्च साइट, रक्षा ठिकाने और सिस्तान-बलूचिस्तान में 388वीं ब्रिगेड की बैरक को निशाना बनाया गया। जवाब में ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया। बहरीन और कुवैत में मिसाइल अलर्ट जारी किया गया। दूसरी तरफ जॉर्डन ने 8 ईरानी मिसाइलें मार गिराने की जानकारी दी।

### यूक्रेन ने भी रूस के समुद्री मार्गों पर किया हमला

**कीव** : यूक्रेन ने होर्मुज की तरह रूस के समुद्री मार्गों पर हमला कर उसकी व्यापार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यूक्रेन के हमलों की वजह से रूस को एजोव सागर और काला सागर के जोडने वाले केर्च स्ट्रेट को बंद करना पड़ा है। यह 3-15 किमी चौड़ा इलाका है। ये जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य की तरह हैं, जिस पर कब्जा कर ईरान ने पूरी दुनिया को हिला रखा है। यूक्रेन की ड्रोन सेना के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवदी ने दावा किया कि पिछले 9 दिनों में एजोव सागर में रूस के 116 जहाजों को निशाना बनाया गया है। पहले यूक्रेन के हमले मुख्य रूप से रूस के शैडो ऑयल टैंकरों और युद्धपोतों तक सीमित थे।

## बिम्सटेक एनएसए की 5वीं बैठक में सुरक्षा व आर्थिक सहयोग पर जोर, डोभाल बोले- सहयोग बढ़ाना समय की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की 5वीं बैठक को भारत के लिए अहम बताते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में क्षेत्रीय सहयोग और समन्वय बढ़ाना समय की मांग है। यह मंच भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति, 'एक्ट ईस्ट' नीति और 'महासागर' विजन का प्रतिनिधित्व करता है और सदस्य देशों को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। डोभाल ने यहां बिम्सटेक देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की 5वीं बैठक के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को कहा कि हम एक कठिन वैश्विक परिदृश्य में मिल रहे हैं, जहां संघर्ष, भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और तकनीकी व्यवधान बढ़ रहे हैं। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में रुकावटों ने सभी देशों के लिए आर्थिक कठिनाइयां पैदा की हैं। ऐसे समय में सदस्य देशों को साझा हितों के लिए मिलकर काम करना होगा और समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों से निकालना होगा। बिम्सटेक दो तेजी से बढ़ते क्षेत्रों को जोड़ता है और लगभग 1.7 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जो विश्व की आबादी का 22 प्रतिशत है। इसका संयुक्त जीडीपी करीब 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

एनएसए ने कहा कि बंगाल की खाड़ी केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि




हजारों वर्षों से चली आ रही साझा सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत के जरिए भी सदस्य देशों को जोड़ती है। इन्हीं ऐतिहासिक संबंधों के आधार पर बिम्सटेक ने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग विकसित किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी लोगों के लिए साझा समृद्धि और लचीलेपन के साथ बेहतर भविष्य का निर्माण करना है।

डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक देशों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, साइबर खतरों और समुद्री सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने में सहयोग को मजबूत किया है और भविष्य की नई चुनौतियों का भी मिलकर सामना करने के लिए तैयार हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, क्षमता निर्माण और आर्थिक सहयोग के दीर्घकालिक लक्ष्य हमारी सामूहिक कोशिशों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की मेजबानी की। बिम्सटेक महासचिव ने सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग की स्थिति का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया और सदस्य देशों को विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से अवगत कराया। बैठक में आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने, साइबर, समुद्री और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, संपर्क बढ़ाने, आपदा प्रबंधन को कुशल बनाने और नई चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक समाधान पर चर्चा हुई। बैठक में मानवीय सहायता और आपदा राहत के समुद्री घटक के लिए दिशा-निर्देश अपनाए गए। इन दिशा-निर्देशों से सदस्य देशों को क्षेत्र में राहत कार्य तेजी से करने में मदद मिलेगी। साथ ही समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समुद्र में होने वाले संपर्कों के दौरान आचरण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों को भी मंजूरी दी गई। इन सिद्धांतों से सदस्य देशों के बीच समुद्री गतिविधियों में सुरक्षा और पूर्वानुमान बढ़ेगा। बिम्सटेक अगले वर्ष अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा। इस अवसर पर सदस्य देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, संस्थागत क्षमता बढ़ाने और विविध सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए सहयोग और ज्ञान-साझाकरण को और बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## विश्व भर में भारतीय निर्वाचन प्रणाली की विश्वसनीयता : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

**मुरादाबाद** : भारतीय निर्वाचन प्रणाली की विश्वभर में विश्वसनीयता है और अनेक देशों के प्रतिनिधिमंडल इसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन करने भारत आते हैं। भारतीय निर्वाचन प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता उसकी पारदर्शिता और बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था है।

यह बातें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में चुनाव में लगे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), सुपरवाइजरों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत की विशिष्ट निर्वाचन प्रणाली की विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने बीएलओ, सुपरवाइजरों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से संवाद करते हुए हाल में हुए चुनावों में बढ़ी मतदाता भागीदारी, निष्पक्ष मतदान, पारदर्शी मतगणना तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उनके योगदान की सराहना की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि देश के लगभग 95 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष लगभग 35 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि विश्व के 35 सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के निर्वाचन प्रबंधन संस्थानों के समूह इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (इंटरनेशनल आईडीईए) की अध्यक्षता वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से लेकर मतदान एवं मतगणना तक प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनी रहती है।

इस अवसर पर मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र पैंसिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### एक मतदान केन्द्र पर औसतन 873 मतदाता

**ज्ञानेश** कुमार ने बताया कि देश में एक मतदान केन्द्र पर औसतन 873 मतदाता हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करते हैं तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट आदि मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों का परीक्षण करते हैं। इसके आधार पर तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व संबंधित मतदान केन्द्र के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नामित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ बैठक कर उनका सत्यापन एवं हस्ताक्षर प्राप्त किए जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को कंकरेंट ऑडिट कहा जाता है। बीएलए के सत्यापन एवं हस्ताक्षर के उपरांत ही ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाती है। यह व्यवस्था मतदाता सूची निर्माण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाती है।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट पर महिला यात्री से 34.29 लाख रुपये का सोना जब्त

एजेंसी

**अहमदाबाद** : शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम्स विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने सोने की तस्करी के एक और प्रयास को विफल कर दिया। अबूधाबी से अहमदाबाद पहुंची एक महिला यात्री के पास से करीब 34.29 लाख रुपये मूल्य का 233 ग्राम 24 कैरेट सोना बरामद कर जब्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्लाइट संख्या 3एल111 से अबूधाबी से अहमदाबाद पहुंची महिला यात्री की संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कस्टम्स अधिकारियों ने उसका पैसेंजर प्रोफाइलिंग के तहत चयन किया। इसके बाद महिला को रोककर उसकी गहन जांच और पूछताछ की गई।

तलाशी के दौरान पता चला कि महिला ने कस्टम्स ड्यूटी की चोरी करने के इरादे से अपने बुर्के के अंदर बेहद चालाकी से 24 कैरेट सोने के दो टीटी बार (गोल्ड बिस्किट) छिपा रखे थे। दोनों बिस्किटों का कुल वजन 233 ग्राम पाया गया। जब्त किए गए सोने की बाजार कीमत करीब 34.29 लाख रुपये आंकी गई है।




- अबूधाबी से आयीं फ्लाइट की महिला यात्री से 233 ग्राम 24 कैरेट सोना बरामद, कस्टम्स की सतर्कता से तस्करी की कोशिश नाकाम

कस्टम्स अधिकारियों ने बरामद सोने को कस्टम्स एक्ट, 1962 की संबंधित धाराओं के तहत जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला यात्री से पूछताछ जारी है। साथ ही जांच इस दिशा में भी की जा रही है कि इस तस्करी के पीछे किसी संगठित गिरोह या अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता तो नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के प्रयासों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसे देखते हुए कस्टम्स विभाग ने पैसेंजर प्रोफाइलिंग, इंटेलिजेंस इनपुट और सघन जांच व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया है। इसी सतर्कता के चलते तस्करी के ऐसे कई प्रयास लगातार नाकाम किए जा रहे हैं।

### कच्छ में तीन मिनट के भीतर भूकम्प के दो झटके

**भुज/कच्छ** : गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार दोपहर महज तीन मिनट के अंतराल में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। पहला झटका खावड़ा के पास और दूसरा विश्व धरोहर स्थल धोलावीरा के निकट दर्ज किया गया। दोनों भूकंपों की तीव्रता क्रमशः रिक्टर पैमाने पर 3.6 और 3.2 मापी गई। भूकंप का पहला झटका दोपहर 2:20 बजे खावड़ा क्षेत्र में महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 3.6 रही। इसके ठीक तीन मिनट बाद 2:23 बजे धोलावीरा के निकट दूसरा झटका आया, जिसकी तीव्रता 3.2 दर्ज की गई। अषाढ़ी बीज के पर्व के बीच लगातार दो झटके महसूस होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बन गया।

### 'दिल्ली स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेशन नीति' को मंजूरी, 400 करोड़ का किया जायेगा निवेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली सरकार ने नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को नई दिशा देने के उद्देश्य से दिल्ली स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेशन नीति को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी नीति के तहत अगले पांच वर्षों में 400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा । सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को दिल्ली कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यह नीति केवल स्टार्ट-अप शुरू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली के युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत दिल्ली के शैक्षणिक संस्थानों में मजबूत नवाचार



पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुरूआत में यह नीति 11 राज्य विश्वविद्यालयों, 13 सरकारी वित्तपोषित कॉलेजों, पॉलीटेक्निक संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और सरकारी स्कूलों में लागू की जाएगी। सरकार पात्र शैक्षणिक संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिमलगढ़ स्टेशन का पुनर्विकास




एजेंसी

**कोलकाता** : रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल के स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य बेहतर आधारभूत संरचना, सुगम पहुंच तथा आधुनिक यात्री सुविधाओं के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। यह योजना स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित दृष्टिकोण का अनुसरण करती है तथा क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और सुगम आवागमन को भी बढ़ावा देती है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है तथा वहां की आवश्यकताओं के अनुसार चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले स्थित बिमलगढ़ रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उन्नयन किया गया है। यह स्टेशन यात्री आवागमन के साथ-साथ माल परिवहन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस पुनर्विकास से स्टेशन अधिक स्वच्छ, सुरक्षित तथा यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक बन गया है।

### बिमलगढ़ स्टेशन पर विकसित प्रमुख सुविधाएं

- नया स्टेशन भवन
- नया स्टेशन अग्रभाग (फसाड)
- कैनोपी एवं अग्रभाग का सौंदर्यीकरण
- नया प्रवेश एवं निकास द्वार
- नया परिसंचरण क्षेत्र एवं पार्किंग
- दिव्यांगजन शौचालय
- दिव्यांगजन पेयजल बूथ
- दिव्यांगजन हेतु रैंप एवं टिकट काउंटर
- दिव्यांगजन पार्किंग
- टैक्टाइल टाइल्स
- प्लेटफॉर्म सतह का उन्नयन
- बेहतर प्लेटफॉर्म शेल्टर
- स्थानीय कला एवं संस्कृति की थीम पर आकर्षक चित्रांकन
- प्रतीक्षालय
- बुकिंग काउंटर
- बैठने की व्यवस्था
- ट्रेन सूचना प्रदर्शन बोर्ड

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिमलगढ़ स्टेशन में व्यापक परिवर्तन किए गए हैं। इसका पुनर्विकास आधुनिक, समावेशी तथा यात्री-केंद्रित रेलवे अवसंरचना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

